ISSN 0974-1100

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

PŪRVADEVĀ - A Social Science Research Journal

Peer Reviewed Bilingual International Research Journal
The Journal indexed in the UGC-CARE list.

वर्ष 28 अंक 111 ❊ अक्टूबर-दिसम्बर, 2022

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन

मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी प्रकाशन

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

PŪRVADEVĀ A Research Journal of Social Sciences

Peer Revied Bilingual International Research Journal
This Journal is included in the UGC-Consortium for Academic and Research Ethics

वर्ष 28, अंक 111 अक्टूबर-दिसम्बर, 2022

❒

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन

❒

प्रकाशक

पी.सी. बैरवा

मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी

बाण भट्टमार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र) 456010

दूरभाष (0734) 2518737

E-mail : mpdsaujn@gmail.com Website : www.mpdsa.org

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

परामर्श मण्डल

डॉ. प्रकाश बरतुनिया
कुलाधिपति– बाबा साहेब अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ

डॉ. अनिल दत्त मिश्रा
प्रतिष्ठित गांधीवादी विद्वान व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुलभ अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन, नईदिल्ली

डॉ. रामगोपाल सिंह
पूर्व आचार्य, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.)

डॉ. जयप्रकाश कर्दम
वरिष्ठ साहित्यकार एवं सम्पादक, दलित साहित्य वार्षिकी, नईदिल्ली

डॉ. रमेशचन्द्र जाटवा
पूर्व अतिरिक्त संचालक, उज्जैन संभाग, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश

डॉ. डी. डी. बेदिया
आचार्य एवं निदेशक, व्यवसाय प्रबंध संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

सम्पादक मण्डल

डॉ. ज्ञानचन्द्र खिमेसरा
पूर्व आचार्य अर्थशास्त्र व प्राचार्य, शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर

डॉ. प्रभा श्रीनिवासुलु
पूर्व आचार्य इतिहास व प्राचार्य, शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

डॉ. शैलेन्द्र पाराशर
पूर्व आचार्य समाजशास्त्र व अध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर पीठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

डॉ. एच.एम. बरूआ
पूर्व आचार्य, समाजशास्त्र, शास. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन

डॉ. प्रेमलता चुटैल
पूर्व आचार्य, हिन्दी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

डॉ. अरूण कुमार
प्राध्यापक,राजनीति विज्ञान, शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन
आचार्य, राजनीति विज्ञान व पूर्व प्राचार्य, उच्च शिक्षा विभाग, (म.प्र.)

प्रकाशक : पी. सी. बैरवा

© स्वात्वाधिकारी : मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी,
बाणभट्ट मार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

इस अंक का मूल्य रूपये 150/–

वित्तीय सहयोग

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली

सम्पादन व प्रकाशन सर्वथा अवैतनिक एवं अव्यवसायिक

वर्ष 28, अंक 111 **अक्टूबर - दिसम्बर, 2022**

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

वर्ष 28 अंक 111 अक्टूबर–दिसम्बर, 2022

❐ अनुक्रम ❐

1. 21 वीं सदी में साठोत्तर हिन्दी निबंधों का योगदान
– डॉ. रितेश बडगुर्जर 1

2. नंदकिशोर आचार्य की कविताओं में पर्यावरणीय चिंतन
– श्रीमती संगीता कुमार 10

3. 1857 की क्रान्ति में त्यागियों के पाँच बागी गांवों का योगदान
– डॉ.सय्यदा बेगम 17

4. जंगल जहाँ से शुरू होता है उपन्यास में आदिवासी जीवन
– मयुरी मजूमदार 24

5. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृतिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल के प्रभाव का अध्ययन
– गीतिका अग्रवाल, डॉ.ज्योत्सना गढपायले, डॉ. आरती मिश्रा 30

6. वर्तमान परिदृश्य में भारत में विवाहेत्तर सम्बन्ध एवं कानून एक समाजशास्त्रीय अध्ययन – सुबोध कान्त 36

7. परम्परा का मूल्यांकन और तुलसीदासः दलित सौन्दर्यबोध के आईन में
– अंकित कुमार वर्मा 46

8. उत्तराखण्ड में महिला सशक्तिकरण की चुनौतियाँ तथा सम्भावनाऐं
– डॉ. रवि जोशी 52

9. डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महिलाओं के प्रति अर्न्तदृष्टि सामाजिक–धार्मिक सुधार के संदर्भ में –माधवी धुर्वे, प्रेमकुमार नाईक 64

10. महिला अधिकारों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्यः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन
– डॉ. अमित कुमार जोशी 71

11. प्रतीक के रूप में बौद्ध स्तूपों का दार्शनिक विश्लेषण
– राजकिशोर यादव 78

12. Unearthing New Dimenstion in Dalit Literature A study of Mudnakudu Chinnaswamy's Selected Poems
-Dr. Anshu Gagal, Dr. Barnali Saha 83

13. Education for Social Transformation : A study of Ambedkar's Perspective -Dr. Ujjwala Sadaphal 92

14. A study on personal financial planning of salareid employees at Nashik city -Dr. Nutan Nana Thoke 101

15. The future of Caste System in India: An Introspection
- Dr. Biswanath Sarkar 106

16. Analytical study of factors impacting traditional purchasing in Pune city -
-Dr. Rita Chaudhari, Dr. Jayashree V.Bhalerao, Yateen Nandanwar 116

17. Evolution towards Just money: A tool for inctusive development
-Dr. Devangi Rohan Deore 122

18. Caste Humiliation and Identity in Academic institution : A Qualitative Study of Sheduled Caste Men -Mr. Kailash 128

19. Interface between Gandhi and Ambedkar In Understanding Caste
-Dr. Rajesh Kota, Dr. Ravi Sabavath 138

20. Study of late Harappan Craft Industry and Skill Development in the Saraswati Basin -Dilip Kumar Kushwaha, Prachi Ranga 143

21. Xinjiang Conflict: China's Repressive Policy Against Uyghurs
– Ashutosh Kumar Singh 152

पूर्वदेवा में प्रकाशित लेख एवं उनमें व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार है.
सम्पादक व प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 1–9

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

21 वीं सदी में साठोत्तर हिन्दी निबंधों का योगदान

डॉ. रीतेश बडगुर्जर
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, एस.पी.एम. शासकीय कालेज, भोपालगढ़, जोधपुर
E-mail : lokeshkirad@gmail.com Mob.9115022668

सारांश

साहित्य रूप की दृष्टि से हिंदी में निबंध का जन्म और विकास आधुनिक युग की देन है। साहित्य के अनेक रूपों के साथ निबंध रूप का आविर्भाव अनेक कारणों से हुआ– राष्ट्रीय जागरण, देश प्रेम, व्यक्ति स्वातंत्र्य, अन्तर्राष्ट्रीयता, वैज्ञानिक मशीनों का प्रयोग (औद्योगिक क्रांति), आवश्यकताओं की वृद्धि, गद्य का प्रचलन, मुद्रण कला का प्रचार पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन और अंग्रेजी साहित्य का संपर्क आदि। इन सब कारणों से निबंध रचना को विशेष प्रोत्साहन मिला क्योंकि इस विधा के माध्यम से लेखक अपनी बात पाठकों तक सीधे पहुंचा सकता था। हिंदी निबंध की शुरुआत उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध से मानी जाती है। लेकिन इसका महत्व 21वीं सदी में देखने को मिलता है। निबंध की आरंभिक परंपरा में भारतेंदु युग के लेखकों से भले ही हुआ था, लेकिन उसका अधिक मात्रा में बोल–बाल समकालीन युग में हुआ था, क्योंकि उन्होंने विषय, शैली और भाषा तीनों स्तरों पर निबंधों में नये प्रयोग किए किंतु निबंधों का प्रौढ़ रूप पहले के निबंधकारों से प्राप्त किया। इस दौर में जहां एक ओर भाषा का मानक रूप निर्मित हुआ, वहीं दूसरी ओर चिंतन में प्रौढता और शैली में परिष्कार भी हुआ। हिंदी निबंध के विकास में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ. नगेन्द्र इत्यादि मूर्धन्य निबंध लेखकों के मार्गदर्शन में, उनके संरक्षण में हिन्दी निबंध ने विकास के विविध सोपानों को पार किया है। आज वह विषय–विस्तार और प्रतिपादन–शिल्प दोनों ही दृष्टियों से अत्यन्त समृद्ध है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण हिन्दी साहित्य में वैयक्तिता ने जोर पकड़ा है। निबंध भी इस ओर अग्रसर हुआ है। व्यस्तता और संकुलता के इस युग में विचारों के प्रचार के लिए निबंध की उपयोगिता बढ़ रही है। उसमें नित्य नूतन प्रयोग हो रहे हैं। आज का हिन्दी निबंध उत्कर्ष के सोपान पर है और उसका भविष्य उज्ज्वल है। परन्तु अभी भी अर्थशास्त्र एवं विज्ञान जैसे गूढ़ शास्त्रीय विषयों पर साहित्यिक निबंध लेखन का क्षेत्र उपेक्षित है, इस ओर हिन्दी निबंधकारों को अपनी लेखनी उठानी चाहिए। हिन्दी निबंधकारों ने विचार, शैली और भाषा तीनों स्तरों पर हिंदी निबंध को उच्च स्तरीय स्वरूप प्रदान किया।

मूल शब्द– हिन्दी साहित्य, साठोत्तरी निबंध, निबंधकारों, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, डॉ. नगेन्द्र, विचार, शैली और भाषा।

प्रस्तावना

21 वीं सदी में साठोत्तरी शब्द का प्रयोग व्यापक एवं विविध अर्थों में होने लगा है। कहीं इस शब्द को साठोत्तरश नाम से भी अभिहित किया गया है। साठोत्तरी हिन्दी निबंधों में एक नई पहचान उभकर सामने आई है। 21वीं सदी में भारत का चिन्तन भारतीय तथा विदेशी संस्कृतियों के टकराव का चिन्तन है। दुर्भाग्य से स्वतंत्र भारत की बागडोर उन हाथों में आई जो कि पश्चिमी संस्कृति को पूजते थे। भारत में जब कभी आधुनिकीकरण की बात चली तो बड़े शहरों का विकास हुआ। शिक्षा का स्तर उठाने के नाम पर अंग्रेजी का प्रचार–प्रसार किया गया। जीवन स्तर ऊँचा उठाने के नाम पर घूँसखोरी, रिश्वत चोरबाजारी, भ्रष्टाचार बढ़ा। धीरे–धीरे आलोक स्तंभ लुप्त होते चले गए और अंधा–युग उतरता चला गया। साठोत्तरी हिन्दी निबंध साहित्य में आस्था और विश्वास के स्थान पर अनास्था और अंधकार का स्वर ही अधिक तीव्र दिखाई पड़ता है।

उपर्युक्त साहित्य जीवन मूल्यों से जोड़कर, राजनीति, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक समस्याओं के प्रति जन–साधारण का ध्यान आकृष्ट करता है।[1] हिंदी की इक्कीसवीं सदी के इस आरंभिक समय को निस्संकोच गद्य का समय कहा जा सकता है। गद्य इसमें अब खुल और खिल रहा है। इसका रचनात्मक उपयोग जैसा अब हो रहा है वैसा पहले कभी नहीं हुआ। हिंदी में गद्य का यह विस्फोट अकारण नहीं है।[2] दरअसल स्वतंत्रता के अनुभव और तर्क को गद्य में सुविधा होती है और स्वतंत्रता का हमारा अनुभव अब सही मायने में अब प्रौढ़ और व्यापक हुआ है। गत सदी के उतरार्द्ध में हमारे यहाँ लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का विस्तार हुआ और इनमें जनसाधारण की भागीदारी बढ़ी, जिससे धीरे–धीरे स्वतंत्रता का हमारा अनुभव भी व्यापक हुआ और यह कुछ हद तक अब हमारी आदत में भी आ गई है। स्वतंत्रता के हमारे इस नए अनुभव को गद्य अपने अनुकूल और सहज लग रहा है। गद्य इस कारण अब कुलाँचे भर रहा है और खुलकर खेल रहा है। हिंदी गद्य में भी अब कथेतर गद्य का बोलबाला है।[3] दरअसल इधर हिंदी समाज के नजरिए में कुछ आधारभूत तब्दीलियाँ हुई हैं। उसके जीवन में युक्ति और तर्क की जगह निरंतर बढ़ रही है और कल्पना और लोकोत्तर पर उसकी निर्भरता अब पहले जैसी एकतरफा नहीं है। यही कारण है कि हिंदी में कल्पना की बुनियाद पर खड़ी कथा रचनाओं की जगह संस्मरण, जीवनी, आत्मकथा, यात्रावृत्तांत आदि कथेतर रचनाओं का आग्रह और स्वीकार्यता निरंतर बढ़ रही है। कभी हिंदी में इन कथेतर अनुशासनों में गिनती के लोग और गिनती की किताबें थीं, साहित्य का इतिहास लिखने वाले इनका नाम गिनाने में बगलें झाँकते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं।

हिन्दी के स्थापित कवि–कथाकार और आलोचक अब कथेतर गद्य में हाथ आजमा रहे हैं। काशीनाथ सिंह, रवींद्र कालिया, विश्वनाथ त्रिपाठी, राजेंद्र यादव, अखिलेश आदि कई लोगों की कथेतर रचनाओं ने उनकी कथा–कविता की तुलना में पाठकों का ज्यादा ध्यान खींचा है। कभी हिंदी में यात्रावृत्तांतों का अकाल था, लेकिन गत केवल दो–तीन वर्षों के दौरान जिन रचनाओं को हिंदी में शीर्ष स्थानीय माना गया, उनमें तीन यात्रा वृत्तांत –अनिल यादव का वह भी कोई देश है महाराज, पुरुषोत्तम अग्रवाल का हिंदी सराय रू अस्त्राखान वाया येरेवान और

ओम थानवी का मुअनजोदड़ो भी शामिल हैं।[4] विश्वनाथ त्रिपाठी की व्योमकेश दरवेश और नंगातलाई का गाँव और रवींद्र कालिया की गालिब छुटी शराब जैसी कथेतर संस्मरणात्मक गद्यर चनाओं की भी हिंदी में खूब सराहना और चर्चा हुई।

निबंध हिन्दी साहित्य की अद्यतन श्रेष्ठ विधा है। इतना ही नहीं, निबंध को गद्य का श्रृंगार कहा जाता है। निस्संदेह, निबंध में ही गद्य के सौन्दर्य एवं माधुर्य का विकास होता है। पहले तो नि 'उपसर्ग पूर्व बन्ध' धातु में 'ल्युट' प्रत्यय करने पर निबंध यते अस्मिन् इति अधिकरणे निबंधन' अर्थात् जिसमें विचार बांधा जाए या गूंथा जाये ऐसी रचना निबंध कहलाती है। दूसरे 'नि' उपसर्ग पूर्व 'बंध' धातु में 'घञ् प्रत्यय करने से निश्चितार्थेन विषयम् अधिकृत्य बधनम् 'निबंध' अर्थात् निश्चित रूप से किसी विषय पर विचारों की श्रृंखला बांधने, रोकने या संग्रह करने को निबंध कहते हैं। इस दृष्टि से उक्त दो अर्थों के आधार पर निबंध से यह अभिप्राय निकलता है कि वह विचारों या भावों को पूर्णतया बाँधने वाला, एकत्र करने वाला, संगठित करने वाला या रोकने वाला होता है। अंग्रेजी में 'निबंध' के लिए मेंल शब्द मिलता है, जिसका शाब्दिक अर्थ है प्रयास करना या प्रयत्न करना। तात्पर्य यह है कि निबंध साहित्य की ऐसी विधा है जिससे लेखक के व्यक्तित्व की अमिट छाप होती है, जिसमें तर्कपूर्ण ढंग से किसी भी विषय का सांगोपांग विवेचन किया जाता है। निबंध के तत्त्वों के विषय में विद्वानों में बड़ा मतभेद है। कतिपय विद्वान उन्मुक्तता और वैयक्तिकता की छाप को ही निबंध के तत्त्व स्वीकारते हैं। अधिकांश विद्वान निबंध के तत्त्व ही स्वीकारते हैं–बुद्धि–तत्त्व, अनुभूति–तत्त्व, कल्पना–तत्त्व, अहम्–तत्त्व, भाषा–तत्त्व और शैली–तत्त्व। शैली तथा भाषा तत्त्व का संबंध अभिव्यक्ति पक्ष से है।[5]

अध्ययन के उद्देश्य

1. इस शोध पत्र से 21वीं सदी में सठोत्तर हिन्दी निबंधों का योगदान का स्वरूप प्रस्तुत करना।
2. निबंधकारों के निबंधों के मध्याम से 21 वीं सदी के जन सामज को एक नई दिशा दिखाना।
3. इस शोध पत्र में साठोत्तर हिन्दी निबंधों को नवीन रूप में प्रस्तुत करना ।

शोध प्रविधि

प्रस्तावित शोध पत्र में "21 वीं सदी में साठोत्तर निबंधों का योगदान" को केन्द्रीय समस्या के रूप में रखते हुए तुलनात्मक, विश्लेषणात्मक, सर्वेक्षणात्मक, साक्षात्कार शोध प्रविधियों का प्रयोग किया जाएगा। आवश्यकतानुसार अन्य शोध प्रविधियों को भी अपनाया जाएगा।

21वीं सदी के निबंध एवं निबंधकार

''हिन्दी साहित्य में निबंध के समान अनेक विधाएँ यथा– प्रबंध, लेख, आख्यायिका, गद्य–काव्य, रेखा–चित्र, जीवनी आदि विद्यमान है। वास्तव में इनमें मूलभूत अन्तर है। इन विधाओं की निबंध से तुलना करें तो हम पाते हैं कि प्रबंध ऐसी रचना है जिसमें विचारात्मक, विश्लेषणात्मक तथा विवेचनात्मक, समीक्षात्मक हो। निबंध एवं प्रबंध देखने या सुनने में तो एक जैसे लगते हैं, परन्तु निबंध में किसी विषय–वस्तु का वर्णन संक्षेप में रहता है तथा प्रबंध में उसी विषय–वस्तु का व्यापक चित्रण किया जाता है। 21 वी सदी के शुरुवात से ही हिन्दी साहित्य में निबन्ध के स्वरूप में परिवर्तन दिखाई देने लगे। इसमें अधिकतर साठोत्तर के निबंधकारों का

बोल बाल रहा।'' 'सरस्वती', 'मर्यादा', 'प्रभा', 'इन्दु', 'समालोचक' आदि पत्रिकाओं ने इक्कीसवीं शताब्दी के आरम्भ में विचार प्रधान लेखों को विशेष प्रश्रय दिया। भावप्रधान निबन्ध भी लिखे जाते रहे, किन्तु लेख लिखने की प्रवृत्ति बढ़ने लगी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, मिश्रबन्धु, लोचन प्रसाद पाण्डेय, सम्पूर्णनिन्द, रामचन्द्र शुक्ल आदि लेखकों के विचार प्रधान, समीक्षात्मक, मनोवैज्ञानिक लेख प्रकाशित होने लगे जिसमें उचित संयोग विद्यमान रहता था। भारतीय संस्कृति, जीवन चरित्र, यात्रा विवरण स्मरण आदि अनेक नवीन विषयों का नवीन रूप इन लेखों में प्रस्तुत हुआ।

विषयों की विविधता के साथ–साथ शैली की विविधता भी दृष्टिगोचर होने लगी। गम्भीर और विश्लेषण प्रवृत्ति को लेकर चलने वाले लेखों में कथात्मकता, नाटकीयता, भावुकता तथा कलात्मकता के दर्शन भी साथ ही साथ होते हैं। ये निबन्ध अब निरूद्देश्य अथवा आत्म–तुष्टि मात्र के लिए न होकर, सोद्देश्य अथवा किसी विषय विशेष का निरूपण करने के लिए लिखे जाने लगे। वर्तमान में निबन्ध प्रकाशन का माध्यम पत्र–पत्रिकाएँ ही है। ग्रन्थों की भूमिका के रूप में भी कुछ श्रेष्ठ निबन्ध प्रस्तुत किए जाते है। इनकी भाषा में सरलता और सर्वग्राह्यता की और विशेष ध्यान दिया जाने लगा। उपयोगिता इनका प्रमुख तत्व है। इक्कीसवीं सदी में भी साठोत्तर हिंदी वैचारिक निबंधों की परंपरा बराबर बनी रही। इस दौर के वैचारिक निबंधों में विचार की स्पष्टता और तर्कपूर्ण चिंतन के साथ विचारधारात्मक आग्रह भी व्यक्त हुए। जैनेन्द्र कुमार, डॉ. संपूर्णानंद, रामविलास शर्मा, रामवृक्ष बेनीपुरी, नगेंद्र आदि के निबंधों से उनकी वैचारिक दृष्टि का परिचय मिलता है। इन निबंधकारों ने अपने निबंधों के लिये समसामयिक विषय चुने।[6] जैनेंद्र कुमारः प्रसिद्ध कथाकार तो हैं ही, निबंध के क्षेत्र में भी उन्होंने ख्याति अर्जित की। उन्होंने सांस्कृतिक, नैतिक और राजनीतिक चिंतन को अपनी विशिष्ट शैली में विवेचनात्मक निबंधों के रूप में प्रस्तुत किया। कहीं–कहीं प्रश्नोत्तर अथवा साक्षात्कार (इंटरव्यू) की पद्धति भी अपनायी है। उनके निबंधों की खास विशेषता यह है भले ही उनके निबंध साठ के हो लेकिन उनके निबंध इक्कीसवीं सदी के समस्या के दार्शनिक पहलू को लेकर चलते हैं और जीवन के किसी बड़े सत्य से जोड़ देते है। क्रांतिकारिता तथा आतंकवादिता के तत्व भी जैनेंद्र के निबंधो के महत्वपूर्ण आधार है। उनके सभी रचनाओं में प्रमुख पुरुष पात्र सशक्त क्रांति में आस्था रखते हैं। बाह्य स्वभाव, रुचि और व्यवहार में एक प्रकार की कोमलता और भीरुता की भावना लिए होकर भी ये अपने अंतर में महान विध्वंसक होते हैं। उनका यह विध्वंसकारी व्यक्तित्व नारी की प्रेम विषयक अस्वीकृतियों की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप निर्मित होता है। इसी कारण जब वे किसी नारी का थोड़ा भी आश्रय, सहानुभूति या प्रेम पाते हैं, तब टूटकर गिर पड़ते हैं और तभी उनका बाह्य स्वभाव कोमल बन जाता है। जैनेंद्र के नारी पात्र प्रायः रचनाओं में प्रधानता लिए हुए होते हैं। रचनाकार ने अपने नारी पात्रों के चरित्र–चित्रण में सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक दृष्टि का परिचय दिया है। स्त्री के विविध रूपों, उसकी क्षमताओं और प्रतिक्रियाओं का विश्वसनीय अंकन जैनेंद्र कर सके हैं। 'नारी और पुरुष की अपूर्णता तथा अंतर्निर्भरता की भावना इस संघर्ष का मूल आधार है। वह अपने प्रति पुरुष के आकर्षण को समझती है, समर्पण के लिए प्रस्तुत रहती है और पूरक भावना की इस क्षमता से आल्हादित होती है, परंतु कभी–कभी जब वह पुरुष में इस आकर्षण मोह का अभाव देखती है, तब क्षुब्ध होती है, व्यथित होती है। इसी प्रकार से जब पुरुष से

कठोरता की अपेक्षा के समय विनम्रता पाती है, तब यह भी उसे असह्य हो जाता है। समय और हम, 'इटस्तत', 'साहित्य का श्रेय और प्रेम', 'जड़ की बात', 'पूर्वोक्त', 'सोच–विचार', 'मंथन', 'काम, 'प्रेम और परिवार', 'प्रस्तुत प्रश्न'। जैनेन्द्र के कथात्मक गद्य का निखरा हुआ रूप निबन्धों में देखा जा सकता है। जैनेन्द्र मूलतरू साहित्य, कला, आदि अनेक विचारक हैं। इन्होंने दर्शन, धर्म, समाज, राष्ट्र, मनोविज्ञान विषयों पर निबन्ध विचारात्मक एवं चिन्तन–प्रधान है। एक सहृदय मनोवैज्ञानिक कहानीकार के रूप में उनका चित्रण कर इक्कीसवीं सदी के निबंध को नूतन दिशा एवं दृष्टि प्रदान की हैं। जैनेन्द्र की निबंधों का कथानक अल्प ही रहा है, पर उसमें मानवमन के रहस्यों का उद्घाटन एवं आंतरिक विश्लेषण का आग्रह ही प्रमुख रहा हैं।[7]

डॉ. रामविलास शर्मा के निबंधों में प्रेमचंद और शुक्ल जी दोनों की विशेषताएं मौजूद हैं। उनमें दो टूक बात कहने की प्रवृत्ति है इसीलिए उन्हें निष्कर्ष तथा निर्णय पर पहुंचने की जल्दी रहती है और बेचौनी भी। उनकी निबंध शैली तीक्ष्ण व्यंग्य से बनी है। भाषा विश्लेषणात्मक किंतु सरल और सहज है। उन्होंने ज्यादातर साहित्यिक विषयों पर आलोचनात्मक निबंध लिखे हैं लेकिन कुछ निबंध उन्होंने राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर भी लिखे हैं। ऐसे निबंध 'विराम चिह्न' में संकलित हैं। 'रामविलास शर्मा मार्क्सवादी मूल्यों के आधार पर साहित्य की आलोचना करते थे। लेकिन जहां भी उचित लगा उन्होंने मार्क्सवाद की लीक छोड़ने में कभी कोई गुरेज नहीं किया। उनके निबंधों में भुखमरी, अशिक्षा, अंधविश्वास और नए–नए रोग फैलाने वाली वर्तमान समाज व्यवस्था को बदलना है। इसके लिए भारत और उसके पड़ोसियों का सम्मिलित प्रयास आवश्यक है। यह प्रयास जब भी हो, यह अनिवार्य है कि तब पड़ोसियों से हमारे वर्तमान संबंध बदलेंगे और उनके बदलने के साथ वे और हम अपने पुराने संबंधों को नए सिरे से पहचानेंगे। अतीत का वैज्ञानिक, वस्तुपरक विवेचन वर्तमान समाज के पुनर्गठन के प्रश्न से जुड़ा हुआ है। उन्होंने पहले ही भारत के संदर्भ में मजदूरों के अलावा किसानों को भी क्रांति का सिपाही बताया था। उनके जितने भी निबंध है व जनसमाज के लिए है, 'वे यह भी नहीं मानते थे कि साहित्य केवल क्रांति के लिए होता है, आनंद के लिए नहीं'।[8]

'डॉ. नगेंद्र ने अपने निबंधों में मुख्यतः काव्यशास्त्र और साहित्य के गंभीर विषयों को निरूपण के लिए चुना है। किंतु साहित्यिक प्रवृत्तियों, शैलियों, कवियों तथा लेखकों पर भी उन्होंने अलग–अलग निबंध लिखे हैं। नगेंद्र जी ने निबंधों के क्षेत्र में अनेक प्रयोग किये हैं। उनके निबंध भी मनोविश्लेषणवाद से जुड़ी हुई है। समाज में हो रहे कुंठा, सामाजिक विरोध, परिवारों का टूटन, देश– विरोध एवं विभाजन, राजनैतिक, आर्थिक समस्या को उन्होंने अपने रचनाओं में दर्शाया है। वर्तमान समय में होने वाले इन समस्या का चित्रण उन्होने पहेले ही अपने निबंध में अनुमान सहित पेश कर दिया था। न केवल उनके कलेवर को निखारा संवारा है, वरन् उनकी प्रेरणा चेतना को भी अधिक शक्तिशाली बनाया है। कहीं विवेचना, संवाद, कहीं गोष्ठी, कहीं स्वप्नजन्य चित्र विधान, कहीं पत्र लेखन और कहीं आत्मविश्लेषण का आश्रय लेकर उन्होंने अपने निबंध साहित्य को विविध कलात्मक प्रयोगों संवारा है। उनकी निबंध रचना में तर्क और भावना का सुंदर संतुलन दिखायी पड़ता है। नगेंद्र जी की भाषा प्रौढ़, प्रांजल, संस्कृतनिष्ठ मानक हिंदी है। उनका वाक्य–विन्यास हिंदी की अपनी प्रकृति के अनुरूप है। वे शब्दों के पारखी और अच्छे प्रयोक्ता हैं। उनके प्रमुख निबंध संग्रह हैं– 'विचार और विवेचन' (1944), 'विचार और अनुभूति' (1949), 'आस्था के चरण' (1969) आदि।[9]

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का ललित निबंधकारों में प्रमुख स्थान है। उनके निबंधों में मानवतावादी जीवनदर्शन और भावुक हृदय के दर्शन होते हैं। वे अध्ययनशील प्रवृत्ति के थे। उन्होंने संस्कृत के प्राचीन साहित्य के साथ–साथ पालि, अपभ्रंश और बंगला भाषाओं के साहित्य तथा मध्यकालीन हिंदी साहित्य का व्यापक अध्ययन किया था, लेकिन उनकी दृष्टि आधुनिक थी। इसीलिए उनके निबंधों में पांडित्य के साथ–साथ नवीन चिंतन–दृष्टि भी मिलती है। द्विवेदी जी के सभी निबंधों में समाज के जात–पाँत और मज़हबों में विभाजन और आधी आबादी (स्त्री) के दलन की पीड़ा को सबसे बड़े सांस्कृतिक संकट के रूप पहचानने, रचने और सामंजस्य में समाधान खोजने का साहित्य है। वे स्त्री को सामाजिक अन्याय का सबसे बड़ा शिकार मानते हैं तथा सांस्कृतिक ऐतिहासिक संदर्भ में उसकी पीड़ा का गहरा विश्लेषण करते हुए सरस श्रद्धा के साथ उसकी महिमा प्रतिष्ठित करते हैं– विशेषकर बाणभट्ट की आत्मकथा में। मानवता और लोक से विमुख कोई भी विज्ञान, तंत्र–मंत्र, विश्वास या सिद्धांत उन्हें ग्राह्य नहीं है और मानव की जिजीविषा और विजययात्रा में उनकी अखंड आस्था है। इसी से वे मानवतावादी साहित्यकार व समीक्षक के रूप में प्रतिष्ठित हैं। द्विवेदीजी ने अपनी रचना को विचारों से बोझिल होने नहीं दिया बल्कि भावानुकूलता के आवेग में विचारों को प्रस्तुत कर उसे नया रूप प्रदान किया है। खूबी यह है कि विचार, तर्क और भाव के गठाव में कहीं भी बिखराव और शैथिल्य नहीं आ पाता। जिस प्रकार शुक्ल जी ने विवेचनात्मक निबंधों का स्वरूप संगठित किया था, उसी प्रकार द्विवेदी जी ने अपनी विशिष्ट रचना प्रणाली द्वारा व्यक्तिपरक निबंधों का स्वरूप संगठित किया। उनके निबंधों की भाषा लचीली है। वे देशज शब्दों के साथ संस्कृत के प्रचलित और अप्रचलित शब्दों का सामंजस्य भी बैठा लेते हैं। उनका वाक्य–विन्यास भी ललित एवं भावपूर्ण गद्य के अनुरूप है। उनके प्रमुख निबंध–संग्रह अशोक के फूल, विचार और वितर्क, कल्पलता आदि हैं।

'प्रभाकर माचवे के निबंधों में आदर्शों का ढोल पीटने वाले लोगों की स्वार्थपरता, अश्लीलता की पोल खोली गयी है। उनकी रचनाओं में आज के आधुनिक युग में, औद्योगिक विकास की प्रक्रिया में, गांव टूट रहे हैं और नए–नए शहर विकसित हो रहे हैं। यह प्रक्रिया कमोवेश पूरे विश्व में ही चल रही है। कहीं इसकी गति धीमी है तो कहीं तेज, लेकिन यह प्रक्रिया निरन्तर चल रही है। इसके साथ ही साथ भारत की जनसंख्या भी बढ़ रही है, एक छोटे स्थान पर रहते हुए रोजी–रोटी के लिए, पढ़ाई–लिखाई के लिए, अधिक सुविधाएं पाने के लिए, व्यक्ति या समूह अपने–अपने मूल स्थानों से विस्थापित होने के लिए विवश हो जाते हैं, विकास के नाम पर नए–नए प्रकल्प सामने आते जाते हैं और अचानक एक ही स्थान विशेष का बहुत बड़ा–जनसमुदाय विस्थापित कर दिया जाता है, उदाहरण के लिए नर्मदा या टिहरी पर बनने वाले बांधों के कारण अनेक लोग विस्थापित कर दिए गए। इस विस्थापन के कारण जल–जंगल और जमीन के वर्चस्व और अधिकार की लड़ाई भी तेज़ होती जाती है। फलतः साहित्यिक रचनाओं में विस्थापन से जुड़े दर्द और संघर्ष के तत्व स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्ति पाने लगते हैं। प्रभाकर जी रचनाओं में अनेक स्थलों पर भाषा के लाक्षणिक प्रयोग अनूठे बन पड़े हैं जो हास्य के साथ चिंतन भी प्रस्तुत करते हैं– 'अभाव में भाव तो बढ़ता ही है' कुछ भी हो लंगड़ा पलायनवादी नहीं हो सकता आप चाहे सुर या असर कहें, ससुर नहीं कह सकते इत्यादि। 'खरगोश के सींग' 'बेरंग' और 'तेल की पकौड़ियाँ' इनके निबंध संग्रह हैं। माचवेजी का व्यंग्य पैना और व्यंजक है।[10]

हरिशंकर परसाई के निबंध सोद्देश्य हैं जिनके पीछे स्पष्ट वैज्ञानिक दृष्टि है जो आज के समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, दम्भ, अवसरवादिता, अंधविश्वास, साम्प्रदायिकता, नौकरशाही, शासन के ढीलेपन आदि पर तीव्र प्रहार करती है और व्यक्ति को सचेत रहने की प्रेरणा देती है। परसाईजी के निबंधों में प्रशासनिक, राजनीतिक, धार्मिक, साहित्यिक, कलात्मक आदि विषयों पर आकर्षक व्यंग्यों की सृष्टि हुई है। उन्होंने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं शोषण पर करारा व्यंग किया है जो हिन्दी व्यंग –साहित्य में अनूठा है। परसाई जी अपने लेखन को एक सामाजिक कर्म के रूप में परिभाषित करते है। उनकी मान्यता है कि सामाजिक अनुभव के बिना सच्चा और वास्तविक साहित्य लिखा ही नही जा सकता। परसाई जी मूलतः एक व्यंगकार है। सामाजिक विसंगतियो के प्रति गहरा सरोकार रखने वाला ही लेखक सच्चा व्यंगकार हो सकता है। परसाई जी सामायिक समय का रचनात्मक उपयोग करते है। उनका समूचा साहित्य वर्तमान से मुठभेड़ करता हुआ दिखाई देता है। परसाई जी हिन्दी साहित्य में व्यंग विधा को एक नई पहचान दी और उसे एक अलग रूप प्रदान किया, इसके लिए हिन्दी साहित्य उनका ऋणी रहेगा। 'आंगन के बैंगन' निबंध का एक अंश प्रस्तुत है। मैंने सोचा, हो गया सत्यानाश सौंदर्य, कोमलता और भावना का दिवाला पिट गया। हरिशंकर परसाई के निबंध संग्रह हैं–'तब की बात और थी' 'भूत के पाँव पीछे' 'बेईमानी की परत' 'पगडंडियों का ज़माना', 'सदाचार का तावीज़', 'शिकायत मुझे भी है', 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र', 'सुनो भाई साधो', 'निठल्ले की डायरी" आदि। बरसाने लाल चतुर्वेदी कृत 'मिस्टर चोखेलाल' संग्रह में 39 निबंध हैं जिनमें हास्य और व्यंग्य का पुट है। इन निबंधों में जीवन के सामान्य क्रियाकलापों की उन घटनाओं के द्वारा हास्य की सृष्टि की गयी है जो नित्य प्रति हमें प्रभावित करती रहती हैं। भाषण झाड़ने की बीमारी, अभिनेता अथवा नेता बनने की चाह, झूठी हमदर्दी, जोरू की गुलामी, चाटुकारिता जैसे विषयों को अपने निबंधों में प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया है।

साठोत्तर निबंधकारों में साहित्यिक, भावप्रवण, चिंतनप्रधान उच्चकोटि के निबंध लिखने वाले लेखकों में 'अज्ञेय', कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर', शिवप्रसाद सिंह, गजानन माधव मुक्तिबोध, धर्मवीर भारती, रघुवीर सहाय आदि प्रमुख हैं।[11]

हिंदी निबंध लेखन की परंपरा अत्यंत समृद्ध है। लेकिन इधर के वर्षों में इस क्षेत्र में नये लेखकों का आगमन बहुत कम हुआ है। ललित, भावात्मक विचारात्मक निबंध लेखन की प्रव त्ति में कमी आयी है और जो लिख भी रहे हैं, वे पुरानी पीढ़ी के ही लेखक हैं। नये लेखकों की निबंध लेखन के प्रति यह उदासीनता चिंताजनक है।

'इक्कीसवीं सदी में देश के राजनीतिक क्षेत्र में किसी राजनीतिक दल के व्यक्ति से लेकर मंत्रियों की प्रवृत्तियों, सरकारी नीतियों तथा सरकारी कर्मचारियों की अव्यवस्था तथा अकर्मण्यता से संबंध रहा हो या सामाजिक क्षेत्र व्यक्ति की स्वार्थपरायण प्रवृत्ति से लेकर समाज हित के नाम पर चन्दा एकत्र कर उसे व्यक्तिगत हित में व्यय करने वाले भ्रष्ट व्यक्तियों और सामाजिक अंधविश्वासों तथा कुत्सित एवं भ्रष्ट आचरणों से और धार्मिक क्षेत्र में धर्म के नाम पर फैले जातिवाद, रूढ़ियों और अंधविश्वासों से अथवा आर्थिक क्षेत्र में देश और व्यक्ति की दीन–हीन दशा से लेकर भारत में बढ़ती बेरोजगारी अथवा सरकार की आर्थिक नीतियों से तथा साहित्यिक क्षेत्र में कवि, लेखकों और आलोचकों की हीन– प्रवृत्तियों और मनोवृत्तियों से लेकर हिन्दी

साहित्य में 'आधुनिकता के नाम पर दिखाई देने वाली अश्लीलता, खुले यौनवाद आदि से और सांस्कृतिक क्षेत्र में पश्चिम के अस्वस्थ प्रभाव से संबंध रहा हो, देश में शिक्षा की बिगड़ती हुई स्थिति पर, साठोत्तरी हिन्दी निबंधकारों ने तीखे प्रहार किए हैं। वस्तुतः आज के युग के व्यंग्य–निबंध ही वह सशक्त साहित्यिक विधा है, जो निरन्तर युगीन परिस्थितियों से जूझता हुआ विकसित हो रहा है।

पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से भारतीय परिवारों में बिखराव, समाज में नारी की हीन–दशा, पति–पत्नी में तनाव की स्थिति तथा सम्बन्ध विच्छेद तथा जीवन मूल्ययों में आ रही निरन्तर गिरावट भी साठोत्तरी हिन्दी निबंधकारों के व्यंग्य का लक्ष्य बनी हैं। शैली और शिल्प के क्षेत्र में भी इन निबंधकारों ने अनेक नवीन प्रयोग किये हैं। आधुनिकता के अनुरूप ही भाषा को सजाया–संवारा गया है। संस्कृत के तत्सम, तद्भव और लोक शब्दों के प्रयोग के साथ उर्दू और अंग्रेजी शब्दों का खुलकर प्रयोग निबंधों में दिखाई देता है। बिम्ब व प्रतीक के प्रयोग से इनके निबंधों का शिल्प पक्ष निखर उठा है। इनके साथ ही अनेक प्राचीन और नवींन लोकोक्तियों, मुहावरों तथा सूक्तियों के प्रयोग से भाषा में लाक्षणिक चमत्कार की सृष्टि है। भाषा मानव की रहस्यमय तथा मौलिक उपलब्धि है। मानव को परिवेश विशेष में जीवन–अभिव्यक्ति के लिए जो ध्वनियाँ दाय भाग में प्राप्त हुई थीं, उन्हें उसने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा से सर्वथा नवीन रूपों में अवतरित किया। साठोत्तरी हिन्दी निबंध साहित्य में भावात्मक विचारात्मक विवरणात्मक, वर्णनात्मक तथा हास्य–व्यंग्य शैली का प्रभावकारी वर्णन हुआ है। साठोत्तरी हिन्दी निबंध साहित्य में कथ्य और शिल्प की दृष्टि से तत्कालीन परिस्थितियों तथा वर्तमान जीवन की विसंगतियों की यथार्थपरक विवेचना की गई है।[12]

सुझाव–

राग–रंजित दृष्टि से उपलब्ध सत्य के प्रति तथ्यान्वेषी चाहे आशंकित रहें परन्तु रचना से सरोकार रखने वाला स्वत्व–सजगता एवं स्वातंत्र्य – स्पृहा से युक्त रचनात्मक व्यक्तित्व इसी दृष्टि से संसार में अपनी स्थिति को आँकता है। साठोत्तर हिन्दी निबन्धकार की अपने परिवेश एवं समय के साथ एक तीखी प्रतिक्रिया होती है। परिवेश की चुनौती और टकराहट के प्रतिरोध में अपने जातीय 'स्वत्व' को उपलब्ध करना एवं निरन्तर टूटना आज के रचनाकार की नियति है। गाँव टूट रहे हैं, शहर कसमसा रहे हैं, आत्मीय सम्बन्ध टूट रहे हैं, इंसान बाहर से अधिक अंदर से टूट रहा है। इस टूटन के दौर में रचनाकार कहीं जोड़ना चाहता है। समाज में इस संकल्प के बीज छींटना चाहता है कि सब टूटने लायक नहीं था। जो टूटने लायक था उसी को टूटना चाहिए सब को नहीं। स्वयं को टूटने से बचाने की प्रक्रिया शुरू करो यही स्वर साठोत्तर हिन्दी निबन्ध–साहित्य का मूल स्वर है। आज भी प्रकृति हमें निरंतर सजग एवं सुचेष्ट कर रही है, हमारी लोक–संस्कृति का सहकार भाव हमें निमन्त्रण दे रहा है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को थहाने वाले मनीषियों के चिंतन का मधु हमारे विकृति वारूणि से मत्त मन को आज भी स्वस्थ कर सकता है। हमें इस अमृत की तलाश कर मानव एवं मानवता को बचाना है। यही हमारी पीढ़ी का दायित्व इसी कथ्य के इर्द–गिर्द साठोत्तर हिन्दी–निबन्ध का निर्वन्ध मुक्त शिल्प रूप ग्रहण करता है। जो पहले से किसी फार्मूले एवं चौखटे में जड़ा हुआ नहीं है। बहुरूपी हिन्दी–निबन्ध का बहुरूपी शिल्प निरन्तर स्वत्व की अभिव्यक्ति की तलाश है। इस शोध प्रबन्ध की यही अभीप्सा है।

निष्कर्ष–

निष्कर्ष रूप में साठोत्तर निबन्ध अपने वैविध्य में न केवल जीवन का प्रतिनिधित्व करता है वरन् परम्परा और युगीन आकांक्षाओं के विवेक पूर्ण सामजस्य से एक नयी जागृति का स्वर मुखरित करता है। उपर्युक्त शिल्प एवं शैलीगत अध्ययन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि हिन्दी साठोत्तर निबंधों का 21 वीं में जो योगदान रहा है वह सभी शैली–रूप में क्रमशः शक्ति एवं चर्मोत्कर्ष दिखाई पड़ता है। साठोत्तर निबन्धों में शिल्प, शैली के सभी गुणों का उत्तरोत्तर विकास हुआ है। युग चेतना का प्रभाव निबन्ध पर अधिक होता है। लेकिन आवश्यकता पड़ने पर अपनी परम्परा को भी वह ग्रहण करता है। युग की आकांक्षायें परम्परागत आदर्शो के द्वारा वह नियन्त्रित करने का प्रयास करता है। इसी अर्थ में निबन्धकार केवल अपने साठोत्तर युग के प्रति ही उत्तरदायी नहीं हुए, आगे आने वाले इक्कीसवीं सदी के संस्कृति और परम्परा के प्रति भी उत्तरदायी हुए है इसीलिए साठोत्तर निबन्धकारों में युग की आकांक्षा के साथ सामायिक प्रेरणा का स्वर भी मुखारित होता है। वह अपने पाठकों के कर्तव्यबोध को भी जागृत करता है।

❒

सन्दर्भ –

1. आचार्यराम चन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, इक्तीसवां संस्करण
2. डॉ. नगेन्द्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, सं० 1993
3. हिन्दी साहित्य का वृहत इतिहास, खण्ड–13
4. डॉ. हरवंश लाल शर्मा, हिन्दी साहित्य का वृहत इतिहास खण्ड, 14, संवत 2027
5. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य की भूमिका, प्र. सं. 1948 ई.
6. डॉ० शिवदान सिंह चौहान, हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष
7. डॉ० धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य कोश, भाग एक (सम्पादक) डॉ.धीरेन्द्र वर्मा, सं.1958
8. डॉ० गोपाल राय, हिन्दी साहित्याब्द कोश सं. 1973 ई.
9. अद्यतन, अज्ञेय,1977
10. विद्यानिवास मिश्र, अस्मिता के लिए,1680
11. डॉ० त्रिभुवन सिंह, हिन्दी साहित्य रू एक परिचय प्र. सं०. 1968 ई.
12. अज्ञेय, हिन्दी साहित्य एक आधुनिक परिदृश्य प्र. सं. 1976 ई.

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 10–16

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

नन्दकिशोर आचार्य की कविताओं में पर्यावरणीय चिंतन

श्रीमती संगीता कुमारी
शोधार्थी, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
सहायक आचार्य, हिन्दी, राजयकीय महाविद्यालय, कंवर नगर, ब्रह्मपुरी, जयपुर
E-mail : sumitrasarpanch20@gmail.com

सारांश

प्रकृति एवं मानव का संबंध प्राचीनकाल से ही महत्वपूर्ण रहा है। प्रकृति अथवा पर्यावरण के विविध उपादानों से मानव जीवन इंद्रधनुषी बना है। मनुष्य नित्य प्रकृति सौंदर्य से अभिभूत होता रहा है तथा प्रकृति व पर्यावरण का साधक तथा पूजक भी रहा है। पर्यावरण चिंतन की परम्परा हमारी भारतीय सभ्यता में आदिमकाल से लेकर अद्यतन तक अनवरत रूप से चलती आई है। प्राचीनकाल से ही भारत में वेदों, पुराणों, धार्मिक ग्रंथों, साहित्य आदि में पर्यावरणीय चिंतन भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है। साहित्य अथवा काव्य में पर्यावरण अथवा प्रकृति को विशिष्ट स्थान मिला है। पर्यावरणीय चिंतन हमारे काव्य का केन्द्र बिन्दु रहा है। कवि संवेदनशील होने के कारण स्वयं का प्रकृति से अविच्छिन्न संबंध स्थापित कर लेता है। इसी कारण वह अपने काव्य के माध्यम से प्रकृति से गहन रूप से जुड़ता हुआ चला जाता है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी नंद किशोर आचार्य की कविताएँ भी प्रकृति से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। उनके सौन्दर्य बोध सत्यान्वेषण, आत्मबोध, आत्मालाप का मुख्य आधार अथवा केन्द्र बिन्दु प्रकृति ही है। प्रकृति के प्रति अनुरक्ति अथवा प्रेम इनकी कविताओं में प्रमुखतया से उभरा है। कवि नंदकिशोर आचार्य के प्रकृति चिंतन का संबंध सौन्दर्य चिंतन के साथ–साथ रहस्य चिंतन से भी है। आचार्य जी का पर्यावरणीय चिंतन जीवन अनुभवों की कलात्मक अभिव्यक्ति है। वह मनुष्य के भाव जगत का विस्तार करती है, उसकी कल्पना शक्ति को जगाती है और सौंदर्य बोध का विकास करती है तथा पर्यावरण के प्रति मानव जाति के कर्त्तव्य का बोध कराता है।

मुख्य शब्द– पर्यावरणीय चिंतन, मानवीय द्वन्द्व, दोहन, सहृदय, रागात्मक संबंध, मरुस्थली आंतरिक परिदृश्य।

प्रस्तावना

वे सभी तत्व जो हमारे जीवन को संभव बनाते हैं, पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। हमारे चारों तरफ का वह प्राकृतिक आवरण जो हमें सरलतापूर्वक जीवन यापन करने में सहायता प्रदान

करता है, पर्यावरण कहलाता है। भारतीय मनीषी सृष्टि के आरम्भ से ही प्राणी मात्र के प्रति कल्याण का भाव रखते हुए कामना करते हैं :–

''सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः।
सर्वे भद्राणी पश्यन्तु, मा कश्चिदुखभाग भवेतः।।''

अर्थात् यहाँ सभी सुखी एवं स्वस्थ हो, यही कामना की गई है। पर्यावरण के अंतर्गत प्रकृतिजन्य अभी तत्त्व–आकाश, जल, वायु, अग्नि, ऋतुएँ, पर्वत, नदियाँ, सरोवर, वृक्ष वनस्पति, जीव–जंतु आदि सभी समाहित है। पृथ्वी के इन तत्त्वों से मिलकर ही मानव शरीर की उत्पत्ति हुई है। महाकवि तुलसी ने भी रामचरितमानस के किष्किंधाकांड में लिखा है किः–

''क्षिति, जल पावक, गगन, समीरा।
पंच रचित अति अधम सरीरा।।''[1]

पर्यावरण मानव का साहचर्य है इसीलिए मानव पर्यावरण के विभिन्न रूपों को देखता हुआ उसके साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखता है। प्रकृति में हमारी सम्पूर्ण सृष्टि समाहित है। मनुष्य इसी प्रकृति की गोद में अपना सम्पूर्ण जीवन यापन करता है। इसलिए प्रकृति से मनुष्य का रागात्मक संबंध स्थापित होना स्वाभाविक है। इन रागात्मक संबंधों को कवि, कविता के माध्यम से व्यक्त करता है। कवि की चिंतन दृष्टि सामान्य मनुष्य से पृथक होती है। अपनी चेतना के द्वारा वह संसार के प्रत्येक पक्ष को जानता व समझता है तभी वह अपनी कविताओं के माध्यम से जगत् का स्वरूप और भी जीवन्त रूप में प्रकट करता है। कविता के माध्यम से कवि प्रकृति की सर्वांगीणता के प्रति अगाध प्रेम एवं अनन्य आस्था प्रकट करते हुए उसके विविध स्वरूपों का विविधवर्णी चित्र प्रस्तुत करता है। कवि को प्रकृति में चेतना का आभास मिलता है। उसी चेतना के द्वारा वह काव्यमयी संसार को प्रकृति के रंगों में रंगकर नए संसार की रचना करता है। कवि अपनी लेखनी के द्वारा प्रकृति वर्णन के बहुआयामी विहंगम दृश्य–चित्र प्रस्तुत करता है जो सीधे पाठकों की अंतश्चेतना को उद्वेलित करते हैं।

नंदकिशोर आचार्य की कविताओं में पर्यावरणीय चिंतन

बीकानेर (राजस्थान) में जन्में नंदकिशोर आचार्य को पानी और रेत का, स्मृति और खण्डहर का, मरूगंधा का कवि कहा जाता है। उदात्त जीवन मूल्यों के प्रति एकनिष्ठ लालसा चाहे कविता हो, नाटक हो, आलोचना हो, शिक्षा, सभ्यता–संस्कृति के प्रश्न हो, अनुवाद का व्यापक फलक हो अथवा संपादन आदि से संबंधित उपलब्धियाँ, सब दिशाओं में नंदकिशोर आचार्य की सजग, सक्रिय प्रतिभा और चेतना का प्रसार उल्लेखनीय और प्रशंसनीय है। इनके काव्य कर्म का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। कवि के रूप में इनकी कविताएँ विषय विविधताओं को समेटे हुए है। इन विषय विविधताओं में पर्यावरणीय चिंतन प्रमुखतया से परिलक्षित होता है। आचार्य जी की प्रकृतिपरक कविताएँ पूरे संग्रह के आकार में सामने आती है। प्रकृति के प्रति आकर्षण आरम्भ से ही इनके मन में रहा है। वे स्वयं स्वीकार करते है– ''प्रकृति के प्रति बहुत आरम्भ से एक आकर्षण मेरे मन में रहा है और शायद इस कारण से प्रकृति के माध्यम से कुछ और चीजों की तलाश या पहचान की प्रक्रिया इन कविताओं में हैं।''[2] इनकी कविताएँ पर्यावरण के मरुस्थल के प्यास की, उसकी आत्मा की कविता है। इन कविताओं में मिट्टी या रेत की गंध भी है और स्मृति की सुवास भी। इनमें कोई स्मृतिजीवी उछाल नजर नहीं आता बल्कि एक

संवेदनशील यात्रा दिखाई देती है जिसमें रेत पर पड़े पाँवों के निशान ढूँढने का धीरज भी है और जो मिट चुके है उनको पहचानने का सब्र भी।

नंदकिशोर आचार्य की कविताओं का आंतरिक शरीर मूलतः प्रकृति से बना है। प्राकृतिक परिदृश्य को वे आंतरिक परिदृश्य मानते हैं–''प्राकृतिक परिदृश्य आप का भीतरी परिदृश्य बन जाता है। मैं समझता हूँ कि यदि परिदृश्य से आपका रचनात्मक संबंध है और रचनात्मक संबंध आवश्यक है–जीवन का मर्म वही है तब रचनात्मक संबंध प्रकृति और परिदृश्य से भी होगा।''[3] इनकी कविताओं के भीतर मानवीय द्वन्द्व ऋतुओं की तरह जलते–बुझते है और सतह को फोड़कर आस्था की हरी पत्ती उभर आती है।

नंदकिशोर आचार्य की कविताओं में पर्यावरणीय चिंतन का स्वरूप

आचार्य जी ने अपनी कविताओं में जो पर्यावरणीय चिंतनपरक दृष्टिकोण अपनाया है वह कविताओं में 'था' और 'है' के माध्यम से व्यक्त हुआ है। यहाँ पर था से आशय है– वह एक समुद्र था। अर्थात् अतीत के गौरव का वर्णन। जो कभी समृद्ध हुआ करता था जहाँ कभी समुद्र था। 'जल है जहाँ में वर्तमान में रेत का सागर है, मरुथल है, होने का भाव व्यक्त होता है।'

आचार्य जी की कविताएँ अभिधा शब्द शक्ति की तरह सीधे–सीधे नारे लगवाने, पर्यावरणीय रैलियाँ निकलवाने, वृक्षारोपण का महत्व बताने, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संदेश नहीं देती। वे अपनी बात काव्यमयी स्वरूप में ढालकर लक्षणा व व्यंजना शब्द शक्तियों के साथ करते है। आगे चलकर वे रचना प्रक्रिया में होने, न होने, खिलने मुरझाने, कविता में नहीं है जो को भी अनुपस्थिति में उपस्थिति के रूप में व्यक्त करने तथा केवल एक पत्ती ने के माध्यम से 'ठूँठ' को हरे जंगल का रूप देने की कल्पना की बातों के माध्यम से पर्यावरणीय चिंतन का प्रयास भी करते हैं। अतीत की असावधानियों, भूलों पर पश्चाताप करते हुए उनके दुष्प्रभावों को प्रस्तुत करते हैं क्योंकि यदि जल को प्रदूषित होने से रोका जाता, कल के लिए जल को बचाया जाता, पेड काटने पर नियंत्रण रखा जाता तथा अधिक मात्रा में वृक्षारोपण किया जाता तो थार नहीं पनपता।

नंदकिशोर आचार्य अपनी कविताओं के माध्यम से 'आत्मा के ताप सी सब ओर पसरी रेत' के द्वारा धरती के बढ़ते तापमान की चिंता करते है। भूजल का स्तर लगातार गिर रहा है। अत्यधिक मात्रा में जल का दोहन होना, वृक्षों का कटना, पहाड़ों का पत्थर निकालने में जरूरत से ज्यादा उपयोग होना आदि सभी कारण है जिससे रेगिस्तान व धरती के तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है –

''आत्मा के ताप सी
सब ओर पसरी जा रही है रेत
जितना ताप य उतना आप।''

नवीन नंदवाना नंदकिशोर आचार्य के पर्यावरणीय चिंतन को अंतः स्फूरित एवं अंत संचरित बताते हुए लिखते है कि– ''वैश्वीकरण के इस दौर में जहाँ समकालीन कविता में अन्य कवियों के यहाँ बाजारीकरण, भूमण्डलीकरण और पनपती नवीन संस्कृति छवि छटा दिखाई पड़ती है, वहीं हम नंदकिशोर आचार्य की कविता में मानव मन के अंतस की अनुगूंज के साथ–साथ प्रकृति के विविध दृश्यों की छवि पाते हैं। ऋतुओं के बदलने की पदचाप हमें कवि की कविता में स्पष्ट सुनाई देती है।[4]

आचार्य जी ने अपने पर्यावरणीय चिंतनपरक दृष्टिकोण में भारतीय इतिहास के उस पक्ष को लिया है जिसमें सांस्कृतिक परिस्थितियों के दुष्परिणाम देखने को मिलते हैं। जब भगवान राम की विनय भरी प्रार्थना को समुद्र ने नहीं सुना, तब भगवान राम द्वारा समुद्र में बाण चलने पर समुद्र का त्राहिमाम कहकर प्रकट होना एक मिथक है। परन्तु समुद्र के सूखने का दुष्परिणाम यह हुआ कि जहाँ पर अथाह जल था, वहाँ रेत का अथाह सागर बन गया। आचार्य जी समुद्र बनकर न सही पर कवि बनकर मर्यादा पुरूषोत्तम राम से सवाल करते हैं –

मैंने क्या बिगाड़ा था तुम्हारा राम, दोष किसका था? जिसने पथ छुपाया, वह शरण में आया

तो मुझ पर ही क्यों चला, वह बाण अभिमंत्रित/मेरा प्राण जल जिसने जलाया।'[5]

मर्यादा पुरूषोत्तम का बाण साधारण बाण नहीं था। अभिमंत्रित बाण था। अर्थात् प्रक्रिया द्वारा तैयार किया गया बाण। आज प्रेक्षापास्त्र क्या हैं? क्या वे नहीं है अभिमंजित बाण का स्वरूप? बाण चला समुद्र में और जल सूखा राजस्थान की सरस्वती नदी के उस क्षेत्र का जहाँ पर एक समुद्र था। अब वहाँ मरुस्थल है, रेत का असीम विस्तार है। आचार्य जी ने कविताओं में टीबों का जो रूप व्यक्त किया है, उसका स्वरूप हर रोज बदल जाता है क्योंकि वहाँ की मिट्टी बलुई है, उसमें उसके कणों को जोड़ने वाली जड़ों का अभाव है। यदि वहाँ पेड़–पौधे, वनस्पतियाँ होती तो ऐसा नहीं होता –

एक रेगिस्तान ही/पसरा हुआ सब ओर/और टीबे बदलते हर रोज /अपनी जगह।[6]

आचार्य जी रेगिस्तान के पर्यावरण के भयावह स्वरूप पर अंधड़ चलाने को दर्शाते हुए अकाल का संदर्भ देते है। वे अकाल के भयावह स्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं –

''सब कुछ थमा है जहाँ/अन्धड़ चलते हैं सिर्फ

यह सोनाली रेत कितनी भयावह है/सूखे अकालों के चक्रवातों में।'[7]

कवि के सामने रेगिस्तान में जीवन का रचाव निराशाजनक है। रेत के इस विशाल मैदान में जहाँ पर उनका हर रचनात्मक कार्य नष्ट हो जाता है। कवि ने वह एक समुद्र था– शीर्षक से अतीत के उस समय को संजोया है, जब जल का अभाव नहीं था। जल था, जीवन था।

''वह एक समुद्र था/फैलता हुआ गहराता हुआ/
मैं जिसमें निश्चित सोता था/क्योंकि तुम थे/नाव को खेते हुए/
किन्तु अब स्थिति यह है कि नाव अब भी है/
रेत में धंसी/यह विस्तार जल का/यही जलता हुआ मरुथल है।''

इन्हीं पंक्तियों के माध्यम से प्रकट हुआ है 'था' और 'है' के मध्य पर्यावरणीय चिंतन। कवि पूछता है कहा गया वह जल? किसने नहीं बचाया कल के लिए जल? क्यों नहीं रोका गया जल का दोहन और दुरूपयोग? आदि कई सवाल वे अपनी कविताओं के माध्यम से करते है। क्यों मृगतृष्णा जैसे पानी आगे और आगे चला जाता है? वे कहते है आगे है पानी की सींव तनिक आगे। हम सारे मरुस्थल में बस यूँ ही भागे। मृग जब पानी के लिए रेगिस्तान में भटकता है तो –

''मृग भटकता फिरता है इस लाय में / यह रहा, यह रहा जल, यह रहा
और आखिर हाँफता बेदम/उगलता झाग/आँखें उलट देता है।'[8]

जब मृग आँखे उलट देता है और मर जाता है तब भी क्या हम आगे के लिए जल की व्यवस्था करके मृग को बचाने का पर्यावरण के प्रति चिंतनपरक दृष्टिकोण नहीं अपनाएंगे। कवि ने वर्तमान स्थिति की उपस्थिति पर हमारी उदासीनता को उजागर किया है –

''थार का विस्तार सूना/दूर तक नहीं कोई पद–चिह्न
कभी होंगे तो भी उन पर/छा गई है रेत /उनको कौन अब जाने?''[9]

बस अब एक रेतीला सपाट है। जिसमें न ऊँचाईयाँ है, न गहराईयाँ है। वहाँ पर दूर तक पसरा हुआ एक रेतीला सपाट है। सब ओर रेगिस्तान पसरा हुआ है। इस रेगिस्तान में कवि ने पक्षियों से प्रेम करने का, उनके लिए परिण्डे बांधने का अप्रत्यक्ष रूप से संदेश दिया है। कुरजाँ पक्षियों की पंक्तियों को देखकर कवि मन की टीस पानी की व्यवस्था के लिए उभरती है तो चिड़ी का गीत सुनकर रोमांचित होना भी गोडावण को बचाने की कामना है।

किन्तु यह चिड़ी कौन है?/मरे रूंख की डाली पर/
फुदक–फुदककर इतराती गाती गीत।[10]

कवि नंद किशोर आचार्य 'खेजड़ी' कविता के माध्यम से रेगिस्तान में वृक्षारोपण कर पर्यावरणीय चिंतन का बोध प्रकट करते हैं। ये चिंतन भविष्य की आशा की सांकेतिक अभिव्यक्ति है –

''खेजड़ी सी उगी हो मुझमें/हरियल खेजड़ी सी तुम
सूने रेतीले विस्तार में/तुम्हीं में से फूटकर आया हूँ/ताजी घनी पतियों सा।''

आचार्य जी ने पर्यावरण के प्रति चिंतनपरक दृष्टिकोण के अंतर्गत प्रकृति के साथ रागात्मक संबंधों को बनाए रखते हुए भविष्य के संकटों की ओर इशारा किया है। विगत दो–तीन दशक की कविताओं में हमें पर्यावरण चिंतन के प्रति कवियों की लेखनी उदासीन नज़र आती है। आज हमारे समाज में वस्तुओं के अंधाधुंध उपभोग से पर्यावरण नष्ट हो रहा है। बहुत सारे जीव–जन्तु लुप्त होते जा रहे है। प्रकृति ही मनुष्य जाति के लिए जीने के साधन जुटाती रही है, लेकिन वही प्रकृति आज मनुष्य के असीमित विलासिताओं के कारण खतरे में है। जिसके प्रति कवि भी उदासीन है। परन्तु नंदकिशोर आचार्य की बहुतायत कविताओं में पर्यावरणीय चिंतनपरक दृष्टि को देखा जा सकता है। उनकी कविताएँ प्रकृति के प्रति चिंता प्रकट करती प्रतीत होती है। **प्रभात त्रिपाठी** के शब्दों में–''प्रकृति के साथ आंतरिक तादातम्य से वे (नंदकिशोर आचार्य) कुछ इस तरह रचते हैं कि केवल तकनीकी अर्थ में ही उसका साधारणीकरण और सहज संप्रेषणभर संभव नहीं होता। अधिक गहरे अर्थ में वह व्यक्ति की स्वतंत्र और सार्थक भाषा का रूप ले लेती है। पाठक को अपनी नहीं उनकी शर्त पर शामिल होने की छूट देती है। इस व्यक्ति में उनका ही अपना नहीं, पाठक का सहृदय का, सामाजिक का अपना भी व्यक्त होता है।[11] नंद किशोर आचार्य की प्रकृतिपरक कविताओं में जल का वर्णन भी जीवन–राग की तरह व्यक्त हुआ है। 'बचो पानी' कविता में जल का जीवन–राग पर्यावरणीय चिंतन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

''वह चाहे तरल हो और वह ठोस
पानी और पत्थर दोनों में
नहीं कोई थोथ।''

इसीलिए आचार्य जी जल को संघर्ष करने की प्रेरणा देने वाली शक्ति के रूप में प्रकट करते

है। जीवन में आशा का संचार करने वाली शक्ति के रूप में मानते है।

''वह चाहे तरल हो और वह ठोस, पानी और पत्थर दोनों में, नहीं कोई थोथ।''

इसीलिए आचार्य जी जल को संघर्ष करने की प्रेरणा देने वाली शक्ति के रूप में प्रकट करते है। जीवन में आशा का संचार करने वाली शक्ति के रूप में मानते है।

''पत्थर पानी को मारता नहीं/धार देता है/पानी बदले में उसे संवार देता है/
वे लिखते है/बचो पानी/मरो नहीं झरो/कि पहाड़ भी मरे नहीं संवरे झरे/
मुझमें उतरे।''[12]

जिस तरह **प्रयाग शुक्ल** थोड़े से आदमी को बचाने की कोशिश कविता में लिखते है –

''जल को बचाता हूँ तो जीवन बचाता हूँ/हवा को संवारता, निर्मलमय रखता/
तो जीवन बचाता हूँ।''[13]

उसी प्रकार आचार्य जी भी थोड़ी सी बरसात में भी जीवन बचाना चाहते है। वे लिखते है – *''एक बूँद भी भिगो सकती है/इस तपते मरूथल को।''*[14] कवि ने जल की महता को सर्वत्र अपनी कविताओं में स्वीकार किया है। जिसे सृष्टि का आधार माना है जिसके बिना जीवन की कल्पना सभव नहीं है।

''धूप हो/हवा हो/माटी हो या आकाश/प्यास सबकी बुझाता है जल/
घुलाकर प्यास अपनी/प्यास में सबकी हो पाता है वह रस।''[15]

नंदकिशोर आचार्य ने अपनी कविताओं में जल को अत्यधिक महत्व दिया है। जल को लेकर वे **''शिल्पी ही नहीं प्रतिभा भी/नर ही नहीं नारायण भी''** जैसी कल्पनाएँ रचते हैं। जल जो सागर से शिखर तक महत्वपूर्ण है, पर्यावरण का आधार है। रहीम ने जिसे 'रहीमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून' कहकर महत्व दिया है तो प्रसाद जी ने 'एक ही तत्व की प्रधानता, कहो उसे जड़ या चेतन' कहकर महत्व उजागर किया है। वहीं आचार्य जी रेत में 'माँ' जैसा वात्सल्य भाव व्यक्त कर 'रोहिड़ा ही सही तेरा पूत हूँ', कहकर महत्व प्रकट किया है। ऊपर जल की नीली गहराई में से फूट–फूट कर आते थे पीत कमल कहकर जल का गुणगान करते हुए कवि की कामना है कि जिस प्रकार फूटती है पहाड़ों से उफनती, टकराती, शिलाएँ बहा ले जाती है, नदी अपने आवेगमयी जल के साथ गूँजती हुई, उसी प्रकार राजस्थान भी पानी से सरोबार हो। यहाँ भी जल की कल–कल सुनाई दे। वे कहते हैं यहाँ की घाटी रेत का कण–कण हरा हो सके क्योंकि थार की आकांक्षा और मरू का सपना ही तो है नदी।

निष्कर्ष

कवि आचार्य जी ने अतीत के गौरव को पर्यावरणीय समृद्धता के प्रतीक के रूप में जिन किलों, झरोखों, महलों के प्रतिमान के रूप में दर्शाये, वे आज पर्यावरणीय चेतना के अभाव में खण्डहर उजाड़ हो गए। कवि का स्वर सभी का स्वर बने। इसलिए वे समवेत स्वर में कहते हैं :–

''कवि हूँ मैं/इसीलिए अपना स्वर मिलाता हूँ
उसी समवेत स्वर में/जो तुम्हारी आत्मा में गूँजता है।''

कवि स्पष्ट रूप से कहना चाहते है कि पर्यावरणीय परिवर्तन मानवीय कार्यों का ही दुष्परिणाम है। ये परिवर्तन एकाएक नहीं हुए। वे कहते है कि एकाएक नहीं उठा था बवण्डर, धीरे–धीरे

रेत चढ़ती रही थी, छा गई थी समूचे आकाश पर। यह हमारी उदासीनता रही कि हमने पर्यावरण के प्रति सुरक्षात्मक दृष्टिकोण नहीं अपनाया। जिसके दुष्परिणाम सबके सामने है। यदि हम पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे, पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे तो फिर से पूरा मरूस्थल हरा हो सकता है। जब पानी अपना रंग दिखाएगा तो पूरा मरूस्थल पेड़ों, जंगलों के साथ रंग–बिरंगे फूलों सा जीवन महकाएगा। वे सोचते हैं –

''रिस–रिस कर कहीं अन्तस से
बह रहा होगा जल/वह सभी तक पहुँचे
यह थार की आकांक्षा ही तो नदी है/यही बहती रहे।''

रेगिस्तान का विस्तार असीमित और अनन्त है। उस रेगिस्तान का क्षेत्र लगातार बढ़ता ही जा रहा है। परन्तु अपने प्रयासों के द्वारा हम उस बढ़ते हुए रेगिस्तान पर अंकुश लगाकर अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। समवेत स्वर में पर्यावरण के प्रति चिंतन करेंगे एवं उसी के अनुरूप कार्य भी करेंगे तो रेगिस्तान में आशाओं का संचार हो सकेगा। हम केवल यह नहीं सोचें रेगिस्तान में कुछ नहीं उग सकता। यहाँ रेत में संभावनाओं को तलाशने वाले व्यक्ति के रूप में कवि है, कविताएँ हैं, जो रेत में अपना घर बनाने को प्रयासरत है। निस्संदेह यदि हम पर्यावरणीय चेतना पर ध्यान देंगे तो –

''रेत पर मंडी है जो लहर/एक दिन गुंजार होगी/आत्मा की राग सी।''

❐

सन्दर्भ –

1. *तुलसीदास, रामचरितमानस, गीता प्रेस, गोरखपुर, 1938, पृ. 105*
2. *रूबरू, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर 2009 नंदकिशोर आचार्य से गिरिराज किराडू की बातचीत, पृ.160*
3. *रूबरू, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर 2009, नंदकिशोर आचार्य से अंजू ढड्ढा की बातचीत, पृ. 22*
4. *नंदकिशोर आचार्य, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मंदिर, बीकानेर, 2018 पृ. 84*
5. *नवीन नंदवाना, हिन्दी कविता : समय का शाब्दिक दस्तावेज, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 82*
6. *नंदकिशोर आचार्य, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर, 2018, पृ. 129*
7. *नंदकिशोर आचार्य वह क्या हैं? अपराहन, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर 2018, पृ. 28*
8. *नंदकिशोर आचार्य, मरूस्थली का सपना, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर, 2018, पृ. 79*
9. *नंदकिशोर आचार्य, थार का विस्तार सूना, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर, 2018, पृ. 9*
10. *नंदकिशोर आचार्य, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मंदिर, बीकानेर, 2018, पृ. 57*
11. *प्रभात त्रिपाठी, एक पाठक की डायरी, सेतु प्रकाशन, दिल्ली, 19991, पृ. 129*
12. *नंदकिशोर आचार्य, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मंदिर, बीकानेर, 2018, पृ. 59*
13. *नंदकिशोर आचार्य, तुमुल कोलाहल कलह में, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर, 2018, पृ. 213*
14. *नंदकिशोर आचार्य, अपराहन, सूर्य प्रकाशन मन्दिर, बीकानेर, 2018, पृ. 263*
15. *वही, पृ. 338*
16. *नंदकिशोर आचार्य, वह एक समुद्र था, सूर्य प्रकाशन मन्दिर बीकानेर, 1982, पृ. 48*

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 17–23

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

1857 की क्रांति में त्यागियों के पाँच 'बागी' गांवों का योगदान

(कुम्हेड़ा, खिदौड़ा, भनेड़ा, सुहाना और गयासपुर के विशेष संदर्भ में)

डॉ.सय्यदा बेगम
असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी, एस.डी.डी.के.के. (पी.जी.) कॉलेज, चिंगरावटी, बुलन्दशहर (उ.प्र.)
Mob. +91 7817958055

सारांश

उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में त्यागियों के पाँच गाँव 'बागी' गाँव के नाम से जाने जाते हैं। प्रो. विघ्नेश कुमार त्यागी जी ने इन गाँवों के बारे में विवरण तैयार किया है। 10 मई, 1857 के दिन मेरठ की धरा से क्रांति का आगाज हुआ और अगले दिन क्रांतिकारियों ने दिल्ली पहुँचकर उसी कार्य की पुर्नावृत्ति की उन्होंने 11 मई की रात को क्रांति का नेतृत्व करने के लिए सम्राट की स्वीकृति करा ली थी। इस प्रकार कुम्हैड़ा, खिदौड़ा, भनेड़ा, सुहाना, गयासपुर गाँवों के ग्रामीणों का अंग्रेजी शासन में हर प्रकार से दमन किया गया। उनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक दयनीय हो गयी। 1857 की घटना से पूर्व के स्वयं जमींदार थे परन्तु अंग्रेजी सरकार ने उन्हें बागी घोषित करके काश्तकार बना दिया। इससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा गिर गयी। अनेक वर्षों तक इन गाँवों के लड़को एवं लड़कियों की शादियों में अत्यधिक बाधा आयी। एक किंवदन्ती के अनुसार, दीवान जब कैप्टन ओसबर्न को बन्द पालकी में बैठाकर नेकपुर ले जा रहा था, तब रास्ते में खिंदौड़ा–गयासपुर मार्ग पड़ा। इस मार्ग पर एक विशाल बरगद का वृक्ष था जिसके नीचे कुछ ग्रामीण बैठे बातचीत कर रहे थे, जो आपस में उक्त घटना की चर्चा कर रहे थे। जब बंद पालकी वहाँ से गुजरी तो ग्रामीणों ने दीवान को आवाज लगा कर कहा कि 'इस बंद पालकी में कौन बैठा है?' तब उसने कहा कि ''मेरी घरवाली की तबीयत खराब है और मैं उसे नेकपुर में हकीम के पास इलाज के लिए ले जा रहा हूँ।'' वहीं बंद पालकी में बैठे ओसबर्न ने उन ग्रामीणों की बातों को सुना। जहाँ उसे मालूम हुआ कि उसके अंग्रेज साथियों को मारने में कुम्हैड़ा, खिंदौड़ा, गयासपुर, भनेड़ा व सुहाना के क्रान्तिकारी ग्रामीणों का हाथ था। नेकपुर गांव के हुसैनी दर्जी ने कैप्टन ओसबर्न को रात्रि के अंधेरे में ही धौलड़ी के सैयदों के पास पहुँचा दिया। यहाँ से कैप्टन ओसबर्न सकुशल लालकुर्ती मेरठ बूचड़ वालों के पास पहुँच गया। ये अंग्रेजी सेना को मांस की आपूर्ति करते थे। इन्होंने ओसबर्न को सकुशल अंग्रेज कलेक्टर के पास पहुँचा दिया।

मुख्य शब्द : क्रांति, ग्राम, पालकी, समाज, जमींदार

आधुनिक उत्तर प्रदेश के मेरठ मण्डल के डिस्ट्रिक्ट जिला गाजियाबाद में त्यागी, जो खानदानी जमीदारों की सर्वप्रमुख ब्राह्मण उपजाति है, के पाँच गांव आस–पास के क्षेत्र में 'बागी' गांव के नाम से जाने जाते हैं। वास्तव में इस नामकरण के पीछे 1857 की क्रांति में इनकी भूमिका के कारण ऐसा हुआ। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के प्रशासन में इन जमीदारों की न केवल जमींदारियाँ और सम्पत्ति ही जब्त कर ली थी, वरण इन्हें अत्यधिक कष्टपूर्ण और असम्मानजनक जीवन जीने के लिए भी बाध्य कर दिया था। प्रो. विघ्नेश कुमार त्यागी ने इनकी इस अवस्था का विशद्ध शोधपूर्ण विवरण तैयार किया है। वस्तुतः हुआ यह था कि विभिन्न कारणों की विद्यमानता ने अन्नतः 10 मई 1857 के दिन मेरठ की धरा से क्रांति का प्रस्टुफन हुआ और अगले दिन क्रांतिकारियों ने दिल्ली पहुँचकर उसी कार्य की पुर्नावृत्ति की, उन्होंने 11 मई की रात को भले ही अनेच्छापूर्वक किंतु दबाव देकर क्रांति का नेतृत्व करने के लिए सम्राट की स्वीकृति करा ली थी।

लाल किला दिल्ली पर क्रांतिकारियों का कब्जा हो जाने और वहाँ स्थित अंग्रेजो का वध कर दिये जाने के पश्चात् मेरठ की घटनाएँ दिल्ली की सड़को पर भी दौहराई जाने लगी। ऐसे में लेफ्टिनेन्ट विलोग्बी ने त्वरित रूप से यह निर्णय लेना उचित समझा की अंग्रेजो की दिल्ली स्थित मैगजीन को विस्फोट करके उड़ा दिया जाए। उसमें इग्लैण्ड के प्रति अपनी प्रखर देशभक्ति का परिचय देते हुए इस कार्य को अंजाम दिया। जिसमें कपित्य अंग्रेज भी जल मरे लेकिन विलोग्बी बच गया। तत्पश्चात् लेफ्टिनेन्ट विलोबी दिल्ली मैगजीन का यह अवसर अपने चार साथियों क्रमशः लेफ्टिनेन्ट बटलर, लेफ्टिनेन्ट ओग्लो, लेफ्टिनेन्ट हाईस्लोक और दिल्ली कॉलिज में सेवारत स्टीवार्ट। कैप्टन ओसबर्न के साथ मेरठ की ओर चल पड़े, क्रांतिकारियों और क्रांतिकारी भीड़ से छिपते–छिपाते इस दल से हिण्डन पार की ओर दुहाई ग्राम से होकर जाने वाले बम्बे (छोटी नहर) पर चल दिये। बम्बे की पटरी आते हुए वे कुम्हैड़ा ग्राम पर आ पहुँचे थे, जहाँ कुम्हैड़ा ग्रामवासियों ने उन्हें ललकारा, वह खिदौड़ा की ओर दौड़ पड़े, नहर की पटरी का यह इलाका पाँच गांव के जंगलों का क्षेत्र माना जाता है। इन पाँचों गांव के ग्रामवासियों ने पाँच अंग्रेज मार डाले, जिनमें से चार लेफ्टिनेन्ट पद पर तैनात थे, केवल कैप्टन ओसबर्न ही जीवित बच सका। यह कैप्टन ओसबर्न था कि जान बचाने के लिए भागता–भागता छतता नामक स्थान पर पहुँच गया था, जहाँ नागल गांव का दिवान धीवर घास काट रहा था, इस संदर्भ में अपनी पुस्तक 1857 का विप्लव में प्रो. विघ्नेश कुमार लिखते हैं–

इन पाँचों गाँवों की क्रान्तिकारी भीड़ द्वारा उन अंग्रेजों में से 5 अंग्रेजों को नहर की पटरी पर कुछ–कुछ अन्तराल से मार दिया गया।[1] कहा जाता है कि ये अंग्रेज अत्यधिक बलशाली तथा हष्ट–पुष्ट थे। जब ग्रामीण उन्हें पकड़ने के लिए उनके पास आते थे तो वे नहर के कभी इस तरफ तो कभी दूसरी तरफ कूद जाया करते थे। एक अंग्रेज इन गाँवों की क्रान्तिकारी भीड़ से बचने के लिये भागता हुआ 'छत्ता' नामक स्थान पर पहुँचा। इस स्थान पर निकटवर्ती नांगल ग्राम का दीवान नामक व्यक्ति जो जाति से धीवर था, घास काट रहा था। जब उसे भागते हुए जीवित अंग्रेज ने घास काटते हुए उसे देखा तो उसने रूककर उससे कहा–'बाबा मुझे बचा। मेरे पीछे भीड़ आ रही है।' तब दीवान ने उसे सिंचाई के लिए बनी नाली की तरफ इशारा करके कहा कि–'भरे में लेट जा।' वह अंग्रेज उसमें लेट गया। उसके लेटने के पश्चात् दीवान ने उसके ऊपर पहले से काटी गई घास डाल दी।

जब कुछ समय पश्चात् क्रान्तिकारी ग्रामीण वहाँ से चले गये तब दीवान ने उस अंग्रेज को बाहर निकाला।[2] यह जीवित बचने वाला 54वीं सैनिक टुकड़ी का अंग्रेज कैप्टन ओसबर्न था। इस प्रकार ग्रामीणों के साथ हुए संघर्ष में दिल्ली गैगजीन का लेफ्टिनेंट विलोग्बी अपने चार साथियों बटलर (लेफ्टिनेंट, 54वीं सैनिक टुकड़ी), ओंगलो (लेफ्टिनेंट, 54वीं सैनिक टुकड़ी), हाईस्लोप (लेफ्टिनेंट, 74वीं सैनिक टुकड़ी) और स्वीवार्ट (दिल्ली कॉलेज) के साथ मारा गया। सायंकाल में जब अन्धेरा हो गया तब दीवान ने कैप्टन ओसबर्न को निकटवर्ती नेकपुर गांव में हुसैनी मुस्लिम दर्जी के पास पहुँचा दिया।

जब यह घटना घटित हुई थी उस समय इन पाँचों गांवों के त्यागी स्वयं जमींदार थे। कैप्टेन ओसबर्न की सूचना पर कुम्हैड़ा, खिंदौड़ा, गयासपुर, सुहाना व भनेड़ा गांवों की सम्पत्ति जब्त कर ली गई। इन गांवों की रिपोर्ट तैयार की गई जिसके आधार पर पाँचों गांवों में कुम्हैड़ा का कसूर अधिक पाया गया।[3] पाँचों गांवों को बागी घोषित कर दिया गया तथा कुम्हैड़ा को तोप से उड़ाने का आदेश दिया गया। कहा गया कि गांव को सबेरा होने से पूर्व ही जला दिया जाये।[4]

कुम्हैड़ा गांव में आग लगाने तथा उसे तोपों से उड़ाने के लिए अंग्रेजी सैनिक टुकड़ी ने रात्रि में ही मेरठ से प्रस्थान किया। लेकिन अंधेरा होने के कारण वह रास्ता भटक गयी और निकटवर्ती गांव खिमावती में पहुँच गई। अंग्रेजों ने जब यहाँ के ग्रामीणों से रास्ता पूछा तो उन्होंने कहा कि कुम्हैड़ा गांव पीछे ही रह गया है और उन्होंने उन्हें सरना गांव का रास्ता बता दिया। इस सैनिक टुकड़ी में एक भारतीय सैनिक था, जो इस क्षेत्र से सम्बन्धित था। वह पूरी रात सरना के डहर (तालाब) में अंग्रेज सैनिकों को घूमाता रहा। भोर होने पर ही सैनिक टुकड़ी कुम्हैड़ा पहुँच सकी।[5] परन्तु तब तक कुम्हैड़ा के ग्रामीणों को अंग्रेज सैनिकों के आने की खबर मिल गई थी। सूचना मिलने पर वे निकटवर्ती गांवों में भागकर छिप गये। साक्षात्कार के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि उस समय पैदा हुए कुम्हैड़ा गांव के अनेक व्यक्तियों का जन्म अन्यत्र स्थानों पर हुआ था।[6]

कुम्हैड़ा में अंग्रेजी सेना भोर के समय ही पहुँच चुकी थी इसलिए अभी गांव के कुछ हिस्से में आग लगायी ही थी कि सूर्योदय हो गया। चूंकि गांव को रात्रि में ही जलाने के आदेश हुए थे, परिणामतः दिन निकलने पर अंग्रेजी सैनिकों की टुकड़ी वापिस चली गयी। कुम्हैड़ा में उस समय आग से जली एक चौखट महावीर चारज पुत्र स्व. श्री मुन्शी पौत्र स्व. श्री हरवंश के दरवाजे पर कुछ वर्ष पहले तक थी लेकिन उपेक्षा के कारण वर्तमान में यह चौखट नष्ट हो चुकी है।

यद्यपि अंग्रेजी सेना के कुम्हैड़ा गांव में प्रवेश करने से पूर्व ही अधिकांश ग्रामीण अन्य गांवों में भाग गये थे परन्तु कुछ व्यक्ति गांव में ही छिपे रह गये। इनमें से छः ग्रामीणों को अंग्रेजों ने पकड़ लिया और उन्हें फाँसी दे दी गयी। इन फाँसी लगने वाले ग्रामीणों में तीन त्यागी जमींदार, सुन्दर चूढ़ा (हरिजन), बंसी चारज व निहाल चारज थे। निहाल की पत्नी अपने पति के मृत शरीर के साथ सती हो गयी।[7] उसका थान गांव के निकट स्वराज त्यागी के खेत में ईंटों से बना है। यह खेत कुम्हैड़ा–गयासपुर मार्ग पर पड़ता है।

सरकार के आदेशानुसार इन गांवों की सम्पत्ति जब्त कर ली गयी। 1857 की उक्त घटना से पहले नांगल व झलावा ग्राम खिंदौड़ा गांव की जमींदारी में थे। कैप्टन ओसबर्न को बचाने के कारण खिंदौड़ा गांव की 3600 बीघा जमीन जो अत्यधिक उपजाऊ थी, ईनाम में नांगल गांव के दीवान धीवर को दे दी गयी।[8] परिणामस्वरूप दीवान धीवर जमींदार बन गया। यद्यपि दीवान को जिस समय जमींदारी मिली थी, तब उसकी आयु अधिक हो चुकी तथा वह उसका अधिक दिन तक भोग नहीं कर सका। उसकी मृत्यु कुछ समय पश्चात् हो गयी लेकिन उसके वंशज जमींदार बने रहे। दीवान के पुत्र हेतराम (हेतू) ने नांगल गांव में एक हवेली का निर्माण कराया जो वर्ममान में भी अच्छी अवस्था में है। यह हवेली लखौरी ईंटों द्वारा निर्मित है तथा इसमें चूने की चिनाई की गयी है। हवेली का मुखद्वार काफी विशाल है। इसमें व्यक्ति हाथी पर बैठ कर आराम से बाहर या अन्दर आ जा सकता है। कहा जाता है कि दीवान का पुत्र हेतराम गांव में लगान वूसली के लिए हाथी पर बैठकर जाया करता था।[9] लेकिन अधिक दिनों तक वे ईनाम में मिली जायदाद को सम्भाल कर नहीं रख सके। 1947 ई. तक आते–आते इनकी जमीन–जायदाद को सम्भाल कर नहीं रख सकें 1947 ई. तक आते–आते इनकी जमीन–जायदाद समाप्त हो गयी। स्वतंत्रता के पश्चात् जमींदारी निषेध अधिनियम लागू होने के कारण रही सही जायदाद भी समाप्त हो गयी। वर्तमान में भी दीवान के वंशज इस हवेली में रह रहे हैं।

खिंदौड़ा गांव की 1800 बीघा जमींन नेकपुर के हुसैनी दर्जी को दे दी गयी। जो खिंदौड़ा के समीप ही झलावा ग्राम में आ बसा।[10] यह त्यागी मुस्लिम बाहूल्य गांव है। खिंदौड़ा गांव से इसकी दूरी 1 किलोमीटर है।

खिदौड़ा गांव की बाकी बची हुई भूमि धौलड़ी के सैयदों को ईनाम में दे दी गयी। यहाँ के ग्रामीणों की भूमि को जब्त करके इस प्रकार से बांट दिया गया–

1. 3600 बीघा भूमि नांगल के 'दीवान' धीवर को,
2. 1800 बीघा भूमि नेकपरु के 'हुसैनी' दर्जी को, और
3. बाकी बची हुई भूमि धौलड़ी के सैयदों को।

जमीन–जायदाद जब्त हो जाने पर खिंदौड़ा के ग्रामीणों को अत्यधिक विपत्ति उठानी पड़ी। धौलड़ी के सैयदों के कारिन्दे खिंदौड़ा में शाम को गल्ला (गेहूँ) पीसने के लिये दे जाते थे। उसे पूरी रात्रि में गांव की महिलाएँ पीसती थीं। सुबह को पीसा हुआ आटा धौलड़ी भेजा जाता था। अगले दिन फिर यही क्रम। आज भी खिंदौड़ा के ग्रामीण कहते हैं कि ''कई वर्षों तक खिंदौड़ा ने धौलड़ी के सैयदों की पिसनी पीसी है।'' जमींदार सैयदों के जानवर खिंदौड़ा के किसानों की खड़ी फसलों को खा जाते थे जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ता था। नुकसान की पूर्ति भी नहीं की जाती थी। धौलड़ी के जमींदार ने खिदौंड़ा गांव में नया 'पूँछी कर'[11] लगाया। गांव के व्यक्ति किसी भी वृक्ष से ईधन में इस्तेमाल करने के लिए सूखी लकड़ी नहीं काट सकते थे। कोई भी व्यक्ति अपने महल में पक्की ईटें तक नहीं लगा सकता था। यहाँ तक कि चूल्हे में भी पक्की ईंट नहीं लग सकती थी। अगर किसी ने पक्की ईंट लगवा भी दी तो उसे अनेक प्रकार की यातनाएँ दी जाती थी। उसके हाथ चारपाई के पाये के नीचे दबवा दिये जाते थे।[12] अगर समय पर किसान लगान देने में असमर्थ रहता था तो उसे जमीन से बेदखल कर दिया जाता था।

कुछ समय पश्चात् गांव कुम्हैड़ा व गयासपुर जमींदार कम्भो की जमींदारी में आ गये। कहा जाता है कि कम्भो जमींदार कुम्हैड़ा व गयासपुर से वसूल किया गया लगान खैरात में दे देता था। इस बारे में किंवदन्ती चली आ रही है कि कुछ ग्रामीणों ने एक बार कम्भो जमींदारों से कहा कि 'जो भूराजस्व कुम्हैड़ा व गयासपुर गांव से प्राप्त किया जाता है उसे आप खैरात में क्यों दे देते हैं? तब जमींदार कम्भो ने कहा कि–

'जब इन गांवों के ग्रामीण इतने कटखने हैं तो इनका पैसा भी इतना ही कटखना होगा। उस पैसे को अगर हम अपने लिए खर्च करेंगे तो हमें डर है कि उन अंग्रेजों के समान ही कभी हम भी न मारे जाऐं।' आज भी बोलचाल में कुम्हैड़ा व गयासपुर गांवों को ''खैराती गांव'' कहा जाता है।[13]

इस प्रकार पांचों गांवों के ग्रामीणों का प्रत्येक प्रकार से दमन किया गया ताकि ये पुनः अंग्रेजी सरकार का विरोध करने की स्थिति में न रह सकें। इन ग्रामीणों को जब्त की गई भूमि को पुनः खरीदने का अधिकार नहीं था। आदेश जारी किया गया कि यदि कोई ग्रामीण पुनः अपनी जमीन को खरीदें तो उसे दोबारा जब्त कर लिया जाये।[14] खिंदौड़ा ग्राम इसका प्रत्यक्ष गवाह रहा है। घटना के कुछ समय पश्चात् यहाँ के त्यागी जमींदारों ने जब्त की गयी भूमि को पुनः खरीदने का प्रयास किया लेकिन भय के कारण स्वयं वे जमीन खरीदना नहीं चाहते थे। अतः ग्राम के व्यक्तियों ने सामूहिक रूप से किसी मध्यस्थ को लेकर भूमि को खरीदना चाहा कि जब अमन शान्ति हो जायेगी तब मध्यस्थ व्यक्ति से खरीदी जमीन वापिस ले लेंगे। आरम्भ में ग्रामीण असौड़ा रियासत के मालिक चौधरी हरदयाल त्यागी के नाम पर भूमि खरीदना चाहते थे परन्तु सभी ग्रामीण इस राय पर एकमत न हो सके। इसका कारण यह था कि खिंदौड़ा गांव में चौधरी कँवरसैन (गढ़ी वाले) के परिवार का सम्बन्ध चौधरी हरदयाल त्यागी से थे। अतः कुछ ग्रामीणों को शक हो गया कि कहीं वे खरीदी गयी सम्पूर्ण जमीन गढ़ी वालों को न दे दें।

यहाँ इस घटना से सम्बन्धित एक किंवदन्ती और चली आ रही है कि जब अंग्रेजों ने कान्हा को मार डाला तथा पांचों गांवों के क्रान्तिकारी ग्रामीण 'मारो फिरंगी को' कहते हुए अंग्रेजों के पीछे दोड़ पड़ें। तब उन्हें शीघ्र नहीं मारा गया वरन् उनको पकड़ लिया गया। पांचों गांवों के त्यागी ग्रामीणों में उनके सम्बन्ध में बहस चल रही थी कि पकड़े गये अंग्रेजों का क्या किया जाए? तभी खिंदौड़ा ग्राम के चौधरी कंवरसैन के पुत्र चौधरी जालिम ने कहा कि 'पकड़े हुए बन्दी मनुष्य को मारना नहीं चाहिये चाहे वह हमारा शत्रु ही क्यों न हो।' तब वहाँ उपस्थित कुछ ग्रामीणों ने जालिम सिंह का उपहास उड़ाते हुए कहा कि–**''कँवरसैन की चौंडिया का कहरी है?''** जालिम सिंह तभी उस स्थान से वापिस लौट जाये। उनके वापिस लौटने के पश्चात् उन बन्दी अंग्रेजों को क्रान्तिकारी ग्रामीणों द्वारा मारा गया।

क्योंकि कुछ ग्रामीणों ने जालिम सिंह का 'कँवरसैन की लौंडिया' कहकर उपहास उड़ाया था, इसीलिए उन्हें यह शक हुआ कि अगर उन्होंने जब्त की गयी भूमि असौड़ा जमींदार के नाम से खरीदी तो कहीं वे उसे गढ़ी वाले परिवार को न दे दें।[15]

अन्त में यह फैसला किया गया कि किसी ऐसे व्यक्ति के नाम भूमि खरीदी जानी चाहिये जो त्यागी जाति से सम्बन्धित ही न हो, साथ ही साथ वह ईमानदार भी होना चाहिये। तब

निकटवर्ती ग्राम पतला के निवासी 'हीरा' का चयन किया गया, जो जाति से बनिया था। खिंदौड़ा के ग्रामीणों ने 8–10 हजार रूपया सामूहिक रूप से इकट्ठा करके अपनी जब्त की गयी भूमि में से कुछ भूमि पुनः खरीद ली। लेकिन यहाँ यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि वे अभी भी धौलड़ी के सैयदों, नांगल के धीवर व झलावा (नेकपुर) के दर्जी के काश्तकार बने रहे। कुछ समय बीत जाने के पश्चात् जब शान्ति स्थापित हो गयी तब खिंदोड़ा वालों ने हीरा बनिये से जमीन अपने नाम वापिस करानी चाही परन्तु वह बेईमानी पर आ गया। उसने कहा कि–''उसे भी बदले में कुछ चाहिये।'' तब खिंदौड़ा के त्यागियों ने 25 बीघा जमीन बाग लगवाकर हीरा बनिये को दी, जिसमें उसके पुत्र विशम्बर ने एक मन्दिर का भी निर्माण कराया। वर्तमान में बाग कट चुका है लेकिन यह मन्दिर आज भी इस स्थान पर स्थित है। 25 बीघा जमीन मिलने के बाद भी हीरा बनिये ने भूमि खिंदौड़ा के ग्रामीणों को वापिस नहीं की बल्कि पुनः उसका मूल्य लिया। तब ग्रामीणों ने अलग–अलग रूपया देकर उस भूमि को खरीदा।[16]

इस प्रकार कुम्हैड़ा, खिंदौड़ा, भनेड़ा, सुहाना, गयासपुर गांवों के ग्रामीणों का अंग्रेजी शासन में हर प्रकार से दमन किया गया। उनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक दयनीय हो गयी। 1857 की घटना से पूर्व वे स्वयं जमींदार थे परन्तु अंग्रेजी सरकार ने उन्हें बागी घोषित करके काश्तकार बना दिया। इससे समाज में उनकी प्रतिष्ठा गिर गयी। अनेक वर्षों तक इन गांवों के लड़कों एवं लड़कियों की शादियों में अत्यधिक बाधा आयी।[17] स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् काश्तकारी विधेयक पास होने पर ही इनकी जब्त की गयी भूमि वापिस मिल सकी। परन्तु वे फिर भी उपेक्षित ही रहे। आज भी यदा–कदा सार्वजनिक समारोहों में इन गाँवों के ग्रामीणों को ''बागी'' कहकर देश के प्रति उनके पूर्वजों के त्याग व प्रेम की भावना का उपहास उड़ाया जा रहा है जिससे वे स्वयं को अपमानित महसूस करते हैं।

निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध पत्र में त्यागी समाज के पाँच गाँवों का अध्ययन करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इन पाँचों गाँवों में कुम्हैड़ा गाँव के त्यागी समाज के लोगों ने अंग्रेजों से लौहा लिया व अपने प्राणों की आहुति दी। अतः इनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

खिंदौड़ा गांव के साथ–साथ अन्य चारों गांवों की सम्पत्ति भी जब्त कर ली गयी थी। कुम्हैड़ा, सुहाना, भनेड़ा और गयासपुर, लालकुर्ती मेरठ बूचड़ वालों की जमींदारी में दे दिये गये। इन गांवों पर भी जमींदार लालकुर्ती ने अत्यधिक ज्यादतियाँ की। कोई भी ग्रामीण ईंधन के लिए सूखी लकड़ी नहीं काट सकता था। पक्के मकान बनाने की भी ग्रामीणों को इजाजत नहीं थी। उन्हें जमींदार कभी भी भूमि से बेदखल कर सकता था। लगान न दे पाने पर समस्त उपज जब्त कर ली जाती थी। जमींदार लालकुर्ती मेरठ के कारिन्दे सुहाना गांव में रहते थे। वे ग्रामीणों को परेशान करते थे। सुहाना में नील पकाया जाता था। नील पकाने में ग्रामीणों को बेगार करनी पड़ती थी। यहाँ नील पकाने के चौबच्चे कुछ समय पहले तक मौजूद थे।

❐

सन्दर्भ –

1. *एस.एन. सेन : पूर्वाक्त, पृ.9*
   साक्षात्कार के दौरान पाँचों गाँवों के ग्रामीणों ने इस तथ्य को स्वीकार किया है। छत्ता स्थान खिंदौड़ा ग्राम से नांगल, सुहाना ग्रामों को जाने वाले मार्ग पर स्थित है। इस स्थान को छत्ता इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहाँ कई नहरें एक–दूसरे के ऊपर व नीचे से होकर जाती हैं।
2. *साक्षात्कार, दिनांक 27.07.2003, श्री रघुवर पुत्र स्व. श्री भगवान सहाय, आयु 88 वर्ष, जाति त्यागी, ब्राह्मण, ग्राम गयासपुर।*
   साक्षात्कार, दिनांक 10.06.2004, श्री जसवीर पुत्र श्री बन्सी, आयु 50 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम भनेडा।
3. *साक्षात्कार, दिनांक 10.06.2004, श्री नामानन्द त्यागी, पूर्वोक्त।*
   साक्षात्कार, दिनांक 12.06.2004, श्री रघुनाथ त्यागी पुत्र स्व. श्री सीताराम पौत्र स्व.श्री टीकाराम, आयु 65 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा।
4. *साक्षात्कार, दिनांक 18.06.2004, श्री शिवचरण चारज, पूर्वोक्त व श्री ओंकार त्यागी, पूर्वोक्त।*
5. *साक्षात्कार, दिनांक 02.06.2004, श्री जितेन्द्रवीर पुत्र स्व. श्री देवदत्त त्यागी, आयु 56 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम गयासपुर व श्री ओमदत्त पुत्र स्व. श्री राजबल पौत्र स्व. ताराचन्द, आयु 72 वर्ष, साक्षात्कार, दिनांक 12.06.2004, श्री ताराचन्द त्यागी, पूर्वोक्त। साक्षात्कार, दिनांक 30.03.2004, श्री गजराज सिंह पुत्र स्व. श्री बशीराम, आयु 71 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खुर्रमपुर।*
6. *साक्षात्कार, दिनांक 12.06.2004, श्री ताराचन्द त्यागी, पूर्वोक्त। साक्षात्कार, दिनांक 10.06.2004, श्री रामनिवास त्यागी, पूर्वोक्त व श्री रामानन्द त्यागी, पूर्वोक्त।*
7. *वही।*
8. *साक्षात्कार, दिनांक 08.06.2004, श्री गंगाशरण पुत्र स्व. श्री माले सिंह पौत्र स्व. श्री दिलीप सिंह, आयु 60 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा व श्री ब्रह्मादत्त त्यागी पुत्र श्री सुखदेव पौत्र स्व. श्री हरवेद प्रपौत्र स्व. श्री गंगासहाय, आयु 59 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा व श्री भीम सिंह पुत्र स्व. श्री हजारी लाल, आयु 87 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा।*
9. *साक्षात्कार के समय ग्राम खिंदौड़ा के अधिकांश बुजुर्गों ने इसकी जानकारी दी।*
10. *साक्षात्कार, दिनांक 02.06.2004, श्री मुनीश्वर त्यागी, पूर्वोक्त। साक्षात्कार, दिनांक 02.06.2004, मुहम्मद अशरफ पुत्र हाफिज अली, आयु 43 वर्ष, जाति त्यागी मुसलमान, ग्राम इलावा व फैज्जा त्यागी (उर्फ मन्त्री जी), आयु 92 वर्ष, जाति त्यागी मुसलमान, ग्राम झलावा।*
11. *यह कर दूध देने वाले तथा कृषि में प्रयुक्त होने वाले प्रत्येक जानवर पर लगाया गया।*
12. *साक्षात्कार के समय अनेक ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी।*
13. *साक्षात्कार, दिनांक 12.06.2004, श्री ताराचन्द त्यागी, पूर्वोक्त। साक्षात्कार, दिनांक 10.06.2004, श्री रामानन्द त्यागी, पूर्वोक्त व श्री रामनिवास त्यागी, पूर्वोक्त।*
14. *साक्षात्कार, दिनांक 12.06.2004, श्री रघुनाथ त्यागी (रिटायर्ड प्रवक्ता, सौंदा इण्टर, कॉलिज) पुत्र स्व. श्री सीताराम पौत्र स्व. श्री टीकाराम, आयु 65 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा।*
15. *साक्षात्कार, दिनांक 11.06.2004, श्री रामकिशन पुत्र स्व. श्री रूपचन्द पौत्र स्व. श्री उमराव सिंह प्रपौत्र स्व. श्री रामदयाल प्रप्रोत्र स्व. श्री कुबेर दत्त, आयु 63 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा व श्री अनिल कुमार पुत्र श्री फकीर चन्द, आयु 35 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम गयासपुर, वर्तमान निवास शिवपुरी, मोदीनगर।*
16. *साक्षात्कार, दिनांक 08.06.2004, श्री मुनीराज त्यागी पुत्र श्री सुरेन्द्रपाल पौत्र स्व. श्री वासुदेव प्रपौत्र स्व. श्री हरिसिंह प्रपौत्र स्व. श्री तुल्ला सिंह, आयु 45 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा।*
17. *साक्षात्कार, दिनांक 08.06.2004, श्री भीम सिंह पुत्र स्व. श्री हजारीलाल, आयु 87 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा व श्री सुखदेव त्यागी पुत्र स्व. श्री हरदेव त्यागी, आयु 82 वर्ष, जाति त्यागी, ग्राम खिंदौड़ा व श्री सौराज सिंह, पूर्वोक्त।*

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 24–29

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

'जंगल जहाँ से शुरू होता है' उपन्यास में आदिवासी जीवन

मयुरी मजुमदार
शोधार्थी, कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी, असम
E-mail : mayurimajumdar2@gmail.com Mob. +91 6001266914

सारांश

आदिवासी शब्द का प्रयोग उन भौगलिक क्षेत्र के निवासियों के लिए किया जाता है जिनका उस भौगलिक क्षेत्र से सम्बन्ध ऐतिहासिक रूप से सबसे पुराना हो। आदिवासी समुदाय के लोग प्रारम्भ से जंगलों और दुर्गम स्थानों में निवास करते आए हैं। आदिवासी आधुनिकता से पुर्णतः बेखबर है। उनके अपने समाज की लय, भाषा, रहन–सहन, पर्व–त्यौहार और देवी देवताओं का सम्बन्ध आज भी प्रकृति के आधार पर ही चलते रहने के कारण भारत के मूल निवासी कहने में कोई संशय नहीं है। "जंगल जहाँ शुरू होता है" उपन्यास संजीव द्वारा रचित है। उपन्यास में थारू आदिवासी, सामान्य जन, डाकू, पुलिस–प्रशासन, राजनीति, धर्म, समाज और व्यक्ति का चित्रण किया है। डाकुओं द्वारा थारू आदिवासियों का शोषण, जमींदारों द्वारा शोषण, बेगार, औरतों का शारीरिक शोषण आदि विषयों को केंद्र में रखकर उपन्यास प्रस्तुत किया गया है।

मूल शब्द– आदिवासी, थारु, डाकू ।

भूमिका

आदिवासी देश के मूल एवं प्राचीनतम निवासी हैं। आदि का अर्थ है 'मूल' एवं निवासी का अर्थ है 'निवास करनेवाला'। "आदिवासी शब्द दो शब्दों 'आदि' और 'वासी' से मिलकर बना है। इसका अर्थ मूल निवासी होता है। संस्कृत ग्रंथ और पुरातन लेखों में आदिवासियों को आत्विका और वनवासी भी कहा गया है।"[1] वन आदिवासी समाज के ओतप्रोत अंग हैं। आदिवासी समाज की अर्थव्यवस्था को गति और उनके संस्कृति वनों से जुड़े होते हैं जंगल एवं वनों से आदिवासी प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों रूपों से लाभान्वित होता है।

जंगल जहाँ शुरू होता है उपन्यास हिदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक संजीव द्वारा रचित है। उपन्यास का प्रकाशन 2000 ई. में हुआ था । उपन्यास का केंद्रस्थल पश्चिमी चम्पारण है जो मिनी चंबल नाम से जाना जाता है। उपन्यास में बेटिया क्षेत्र के थारू आदिवासियों का वर्णन किया गया है। संजीव ने उपन्यास में थारू आदिवासी, सामान्य जन, डाकू पुलिस और प्रशासन, राजनीति, धर्म, समाज और व्यक्ति का चित्रण किया है। डाकुओं द्वारा थारू आदिवासियों का शोषण, आदिवासियों का प्रकृति संघर्ष साथ ही जमींदारों द्वारा शोषण, बेगार, औरतों का शारीरिक शोषण आदि विषयों को केंद्र में रखकर उपन्यास प्रस्तुत किया गया है।

उपन्यास में वर्णित इस क्षेत्र के थारू लोग बैल चुराकर, लड़कियाँ बेचकर अपना जीवन व्यतीत करते हैं साथ ही डाकुओं और पुलिस के अत्याचारों से हमेशा त्रस्त ग्रस्त रहते हैं। उपन्यास का प्रमुख पात्र काली और कुमार साहब है। काली थोड़ा बहुत पढ़ा–लिखा है, लेकिन इस शोषित समाज के कारण उसे शिक्षा से बहुत दूर रहना पड़ता है। बाद में वह डाकू बनकर एक गिरोह का सरदार बन जाता है। कुमार साहब एक पुलिस ऑफिसर है जो डाकू उन्मूलन के लिए एक अभियान चलाते है, जिस अभियान का नाम 'ब्लैक पाइथन' रखा जाता है। जंगल में महामारी की तरह फैले डाकू समस्या को खत्म करने की जिम्मेदारी कुमार को सौंप दिया गया। उपन्यास में अन्य पात्र बिसराम, मलारी, परशुराम, पारबती, दुबेजी, सुदर्शन सिंह, जायसवाल, परेमा, रामदास, इन्नरदेव, रामलाल, मुरली पांडे, रजुआ, श्यामदेव, नरैना आदि हैं।

विश्लेषण

पुरे उपन्यास ऑपरेशन ब्लैक पाइथन से जुड़े हुए है। यह अभियान पश्चिम चंपारण में डाकू उन्मूलन के लिए पुलिस द्वारा किया गया एक अभियान है। उपन्यास की कथावस्तु अभियान और डाकुओं के इर्द–गिर्द चलता है। इस अभियान के लिए कुमार को पटना से बेटिया भेज दिया जाता है। उप महानिरीक्षक सिन्हा साहब इस सीमांत अंचल के नागरिकों को डाकुओं से मुक्त करने के लिए चार टीम बनाते हैं। उप–अध्यक्ष कुमार को रहने की व्यवस्था एक पुराने गवर्नमेंट गेस्ट हाउस रानी महल में कर दिया जाता है। महल का चौकीदार पारबती है। दुसरे ही दिन कुमार दफ्तर का मुआयना करता है। कुमार निराश हो जाता है क्योंकि एक भी डाकुओं का फोटो उसके पास नहीं थे। इस दुर्गम पहाड़ों, दूर–दूर तक फैले गन्ने के खेतों, जंगलों में डाकुओं को ढूंढ पाना मुश्किल है। यहाँ के परिवेश डाकुओं के लिए अनुकूल थी, डाकू इस पुरे क्षेत्र के चप्पे–चप्पे को भली–भाँति जानते थे। दफ्तर में रहते समय पारबती कुमार के लिए चाय की ट्रे लेकर आता है और रामनवमी के दिन सहोदरा माई के पूजा के बारे में बताते है। पारबती के कहने पर कुमार मेले में जाता है, कुमार मन ही मन सोचता है कि शायद वहाँ कोई डाकू मिल जाए।

थारु आदिवासी लोग जमींदार, अधिकारी, डाकू से शोषित है। डाकू अपने हथियार के लिए आम आदमियों की सहायता लेते हैं, लेकिन उनलोगों को ही पुलिस डाकुओं से सम्बन्ध रखने की खातिर पिटाई करते हैं। सुचना के अनुसार एकदिन कुमार अपने साथियों के साथ डाकुओं के पीछा करते हुए जंगल में जाते है। लेकिन जाकर उसे पता चलता है कि कुछ लोग ओझा के पास आए हुए हैं एक लड़की को साँप ने काट लिया है। बिसराम की लड़की दुलारी को साँप ने काटा था और वह मर गयी। अपनी बेटी की क्रिया कर्म, पूजा–पाठ के लिए बिसराम

की पत्नी अपना आखिरी गहना गले की हँसुली बेच देती है । बिसराम के खेतों को जमींदार हड़प लेते है, जिसके कारण मुकद्दमा चल रहा होता है। बिसराम का छोटा भाई काली है जो खुदाई का काम करता है, लेकिन समय पर ठेकेदार उसका पैसा नहीं देता है। बिसराम के हाथ में हुनर है झुड़ी खाँची तो वो आराम से बना सकता है। लेकिन वह जंगल से बेंतला सकता है क्योंकि ठेकेदार और वन विभागवाले उसे लाने नहीं देंगे। बिसराम चारों और से निराशा से भरा हुआ था।

एकदिन बिसराम के झोपड़ी से देसी घी, बासमती चावल और गरम मसालों खुशबु आती है। बिसराम का दिल घबरा जाता है उसके पूछने पर पत्नी कहती है परसुराम सरदार का खाना है। मन ही मन बिसराम को डर लगा रहता है यदि इसके बारे में पुलिस को एकबार भनक भी पड़ जाए तो दुलारी की माइ को उठा ले जाएंगे। जेठ बीत गया, मलिकार उनलोगों के भैंस को ले जाना दस दिन हो गए। उसी दिन खाकी वर्दीवाले आकर दुलारी की माइ को पकड़कर ले गए। सूरज निकलने के बाद बिसराम की नजर पड़ती है उसकी पत्नी आ रही है, "कनमनाकर खड़ा हो जाता है बिसराम डरे हुए कुत्ते की तरह। छिन–भर की तसल्ली और ढेरों दुश्चिंताएँ। हे माता भवानी, उसे सिर्फ मारा–पीटा ही गया हो, इज्जत न गयी हो।"[2] बिसराम दुखी होकर अपने भाई काली के साथ यहाँ की सब मोह त्याग कर नेपाल जाने की बात करते है। लेकिन काली कहता है कि नेपाल जाने के लिए वहाँ की नागरिकता मिलना बहुत जरुरी होती है, नागरिकता मिले बिना हम नहीं जा सकते। दोनों भाई इन सबसे परेशान हो गए थे, मास्टर जी के समझाने के बाद दोनों भाई कुमार से मिलने के लिए नदी किनारे खड़े हो जाते हैं । लेकिन कई बार कोशिश करने पर भी नहीं मिल पाते।

मंत्री जी की बेटी की शादी में चारों जोन के पुलिस वाले और अनेक गण्य मान्य अतिथि आए हुए थे। लेकिन दुबेजी की पत्नी जशोदा देवी असंतुष्ट है। यशोदा देवी कहते है, "बिन्दा अउर गोकुल अउर का तो हाँ परशुराम भी आया है। पुलिस भी, डाकू भी ?"[3] मंत्री जी को धीरे धीरे सबकुछ याद आ रहे है कि पिछले चुनाव में इन डाकुओं ने लाख–लाख रुपये पार्टी फंड में वसूल कर दिए थे। लेकिन हम भी जितने हो सके इन तीनों को मदद करते आ रहे है। दुबेजी की घर से बेटी की बारात जाने के बाद अगले दिन गोकुल और बिंदा को मार दिया जाता है। कुमार को डाकू परशुराम से पत्र मिलता है। डाकू रिटायर्ड मास्टर भरत ार्मा को फिरौती के लिए किडनैप करते है। कुमार मास्टर के नौकर छोटन से पूछ–ताछ करते है। मुखबिर से सुचना मिलने पर कुमार अपनी टीम के साथ डाकुओं का पीछा करते हैं। गोलियाँ चलते हैं परन्तु डाकू नेपाल भाग जाने में सफल हो जाते हैं।

परशुराम के विषय में जानने के लिए कुमार चन्द्रदीप के पास जाता है। चन्द्रदीप ने कुमार को परशुराम के बारे में कहा, "मझरिया गाँव है सर, गोरखपुर के करीब उस रीजन में। नदी के कटाव से बेसहारा होकर आया था। बाबूजी को दया आ गई, रख लिया।"[4] चन्द्रदीप से मिलने के बाद कुमार भैरापुर के लल्लन बाबु के पास पूछताछ के लिए जाता है, "सुनिए, परेमा नाम का एक नौजवान कभी हमारे यहाँ काम करता था। हाँ, ठीक–ए कहे, जात का अहीर था, बाकी ऊ डाकू निकला की शौतान, हम नहीं जानते।"[5] (संजीव 2000: 55) कुमार बिसराम के घर गए लेकिन बिसराम और काली को नहीं मिल पाया, बिसराम के पत्नी से बात करके चला आया।

बीमारी के कारण बिसराम की पत्नी खाट में लेती रही। परशुराम को खाना बना देने की क्षेत्र में बिसराम की पत्नी कुमार को कहती है, "हम का करें साहेब, हमरा तो दुनों तरफ मौवत है – न बना के देते तो ऊ लोग मारता, बना के दिए तो आप लोग!"[6] कुमार के इन कार्यों से डाकू नाराज हो गए और गाँव वालों को पहले से ज्यादा कष्ट देने लगे । इन सारे घटनाओं को देख गाँव में रहने वाले मास्टर मुरली पांडे बहुत परेशान थे। इसी कारण उन्होंने गाँव के जवान लड़कों को लेकर एक ग्राम सुरक्षा दल बनाते है।

बिसराम और काली दोनों परेशान थे, उनलोगों की हालत पहले से भी ज्यादा बिगड़ने लगे थे। जगरनाथ जो नेपाल से लेकर गोरखपुर तक भटकता फिरता है, बैल चुराकर बेचने से लेकर लड़कियाँ बेचने तक का कार्य जगरनाथ करते है। काली को भी उसके साथ बिजनेश करने के लिए कहता है। खाँ की कहने से काली पंडीजी के साथ चल देते है। पंडीजी के यहाँ फेंकन और उसकी पत्नी भी काम करते हैं, जो दुसाध है। इन दोनों के साथ धागड़ भी है जो एक दुसरे बड़े काश्तकार चरित्तर पांड़े का हल जोतने के लिए लाया गया था। काली, फेंकन और धागड़ की आपस में दोस्ती हो जाती हैं। पड़ाइन फेंकन की पत्नी को बहुत अत्याचार करती है। एकदिन पड़ाइन ने तो स्त्री जाति की शर्मनाश कर दिया, "किवाड़ की झिरी से काली ने अन्दर का जो नजारा देखा तो रोंगटे खड़े हो गए। पांड़े और पड़ाइन ने उस औरत के हाथों से पकड़ रखा था और पांड़े का साला उसे दबोचे हुए था। बाप रे ! क्या एक औरत खुद अपने सामने एक दूसरी औरत का बलात्कार करवा सकती है ?"[7] पंचायत ने भी राय दिया कि पांड़े और उनके साले ऊँची जात का है, ऊँची जात वाले ऐसा काम नहीं कर सकते हैं। बेचारा फेंकन लाचार होकर थाने चला गया लेकिन कुछ नहीं हुआ। फिर परशुराम के यादव के पास गया, उन्होंने यह कह दिया कि वह चमारों, दुसाधों, धोबियों, कुम्हारों, लोहारों और नोनियाओं का केस नहीं लेता है। फेंकन की पत्नी को पड़ाइन हाथ–पाँव टीप देने के लिए कहा था, इस पर फेंकन बहु ने इन्कार करते हुए कहा कि, "हमसे आपका देह छुवा जाएगा।"[8] इतनी सी बात पर ही पड़ाइन ने उसका स्त्रीत्व ही नाश कर दिया।

इन सब घटनाओं से काली बहुत परेशान हो जाते है। काली की प्रतिक्रिया स्वरुप उपन्यासकार लिखते है, "हक की कमाई माँगने पर ठेकेदार के पास पैसे नहीं हैं और हराम की कमाई डकारने वाले दुराचारी लुटेरे परशुराम के लिए पंद्रह हजार ! आग घुल रही है काली के मन में। क्या वह इन हरामखोरों की बेगार करने और उनकी गांड़ धोने के लिए ही पैदा हुआ है ? हतक, हतक और हतक! हतक के सिवा कुछ नहीं। इसे अन्याय पर उसे क्या करना चाहिए यह बतानेवाला कोई नहीं दृ न कोई देवी–देवता, न कोई साधु–फकीर, न कोई लीडर–अफसर ! हर तरफ अँधेरा है, हर तरफ घुटन !"[9] काली अपने पुराने साथी नरैना के संग मिलकर सुलेमान खाँ के बेटे अल्ताफ को किडनैप करते हैं और फिरौती के लिए पैसा मांगते है। पुलिस काली और नरैना को पकड़ने के लिए भाग–दौड़ करती है। काली डाकू बन गए, यह समाचार सुनकर बिसराम को बहुत गुस्सा आता है। जोगी ने आकर बिसराम को गाँव छोड़ने के लिए कहते है क्योंकि पुलिस उनलोगों को छोड़ेंगे नहीं। महीने भर भटकने के बाद गंगौती–बाल्मीकिपुर के रास्ते में खड़े उतरे, वहाँ से बिसराम को सुदर्शन सिंह उठा लेते है। काली का पता पूछकर पुलिस बिसराम के ऊपर बहुत अत्याचार करने लगते है।

काली चन्द्रदीप सिंह का पुत्र अमरेन्द्र को भी कैद कर लेते है। इस पर काली पाँच लाख रुपए की मांग करता है। चन्द्रदीप सिंह पुरे पैसे लेकर मदनपुर माई के थान पहुँच जाते है । चन्द्रदीप से अपने परिवार और बेटे के लिए काली के सामने भिक्षा माँगते है । इस बात पर काली चन्द्रदीप सिंह से एक चर्त मांगते है, भैया–भाभी की सलामती। काली की तरफ से कुमार के लिए एक पत्र मिला, भैया–भाभी के कारण काली ने यह पत्र भेजा। काली ने पत्र के माध्यम से कुमार को मिलने की इच्छा प्रकट किया। कुमार ने काली से मिलने के लिए गया, काली को समर्पण के लिया कहा लेकिन काली नहीं माना।

रामजतन नोनिया और श्यामदेव को पुलिस पकड़ते है और मार देते हैं। पुलिस ने मलारी के गाँव को गुपचुप घेर लिया। उस दिन पुलिस को मलारी के घर से कुछ हासिल नहीं हुआ। एकदिन कुमार रात को मलारी के पास गया मलारी को बलात्कार करने के लिए। यह योजना उन्होंने पांडेय के साथ मिलकर किया। लेकिन जब उसे मालूम पड़ा कि लंगड़ा बाबा जग रहा है तब कुमार के होश ठिकाने आ गए, घबराकर वे वहाँ से चल दिए।

कुमार साहब बीमार पड़ता है। इसी कारण बनकटा पाण्डेयजी के कंट्रोल में आ गया, साथ ही बिसराम और काली का मामला भी। इसी दौरान बिसराम की मृत्यु हो गयी, "दर्जी की दुकान पर इब्राहिम चाचा ने भर्राए कंठ से बताया, "आज जेल में ही एनकाउंटर कर डाला। मार डाला बिसराम भाई को। रात दू बजे के टैम। बोले, जेल का चहारदीवारी फाँद के भाग रहा था। वो बेचारा तो चल भी पा नहीं रहा था, उठाके ले आते थे पूछताछ के लिए, लेकिन पुलिस और गौरमेंट के लोग जो बोले, वही सच है । लाश रखी हुई है कि काली इसी बहाने आ जाए तो...।"[10] इन घटनाओं से काली कुमार से बहुत नाराज होता है। इसी बीच चुनाव का समय भी आ जाता है। इस बार परशुराम भी चुनाव में खड़ा हुआ है। काली के दल के सभी लोग डाकू की जिन्दगी से थक जाते है। काली की आज्ञा से उसे सब छोड़कर चले जाते हैं, लेकिन फेंकन और जगन काली के साथ ही रह जाते हैं। बिना कोई आंधी या भूकंप से काली का दल टूट जाता है। कुमार भी इन सभी सराकरी नियमों से परेशान होकर थक जाते है। बुखार में कुमार बिस्तर पर पड़े है कुमार, जायसवाल उसके लिए एक पात्र लेकर आते है... राष्ट्रपति ने पांडेयजी को पुलिस सेवा का प्रदक प्रदान करने की घोषणा की है। इधर परशुराम चुनाव जीत जाते हैं, वो एम. एल. ए बन जाते है। अब डाकू और मंत्री मिलकर एक साथ अपराधों की यह अट्टालिका ओर ज्यादा मजबूत और पक्का बना पायेंगे। कुमार नौकरी छोड़ देता है, "जीप चली जा रही है और मन में हाहाकार मचा है, विदा परशुराम! जनतंत्र के नाम पर पैसे और जाति और कमीनगी के प्रपंचतंत्र विदा! विदा बेतिया के घने जंगलो, मीलों फैले केन और सुगरकेन के लिए विख्यात सीमांत की उर्वरा धरती! विदा, भर्तहरि, गोरखनाथ और चन्द्रगुप्त की धरती विदा! सोमेश्वर की श्रृंखलाएँ, विदा भिखना ठोरी, डॉन के क्षेत्र, रेता की रेतीली भूल–भुलैया! विदा मदनपुर माई का थान, रासोगुरुकृविदा जगत नारायण, श्यामदेव यादव, नोनिया और काली, विदा! रानी महल, विदा बाल्मीकिपुर, विदा स्खलन के साक्षी मकरंदा.।"[11] इसी तरह धरती को प्रणाम कर कुमार चल पड़े।

घनघोर जंगल में सड़क के बीचोबीच काली खड़ा था और उसके हाथ में एक बच्चा। काली कुमार से किताबें वापस करते है और बच्चे की ओर इशारा करते हुए कहते है यह मलारी का बच्चा है इसे आप अपने साथ ले जाइए हमारे साथ रहेगा तो डाकू बनेगा। लेकिन कुमार ने बच्चे को लेने से माना कर दिया, बच्चे को मुरूली पांडे के हाथों सौपने को कह दिया। कुमार जंगलों में जितने आत्मविश्वास के साथ आए थे उतनी ही हताशा को लेकर वापस जाता है।

निष्कर्ष

जंगल जहाँ शुरू होता है उपन्यास में एक अंचल विशेष 'मिनी चंबल' में रहने वाले आदिवासियों की सामाजिक दुरावस्था, धार्मिक अन्धविश्वास, सांस्कृतिक, आर्थिक समस्या, आदिवासियों के बदलते विचारों को लेखक ने यथार्थता के साथ चित्रित किया है। इलाके के गैर आदिवासी डाकू गिरोह और जमींदारों के साथ आपस में अन्तर्सम्बन्ध रखते हैं। उन लोगों के द्वारा किए गए अन्याय अत्याचार के परिणाम स्वरुप आदिवासी डाकू बन जाते हैं। थारू आदिवासियों की स्त्रियों का बलात्कार कर दिया जाता है और पुरुषों को अपराधी घोषित कर उन लोगों का एनकाउंटर कर दिया जाता है। काली डाकू गिरोह बनाकर इस सभ्य समाज के व्यवस्था तंत्र को चुनौती देता है। इन आदिवासियों को जीवन के एक सच्चा रास्ता दिखाने वाला कोई नहीं है, इस सभ्य समाज ने जैसे इन लोगों से मुह मोड़ लिया हैं। उपन्यास के अंत तक कुमार भी काली की वैचारिक स्थिति को सही ठहराते है, कुमार भी इन्ही सभ्य समाज के शासन तंत्र से पीसा हुआ एक लाचार पुलिस अधिकारी है। उपन्यास के माध्यम से लेखक पाठक समाज को यह व्यक्त करना चाहता है कि आदिवासियों की यह लड़ाई न्यायिक हैं।

❐

सन्दर्भ –

1. *संजीव, जंगल जहाँ से शुरू होता है, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2000.*
2. *डॉ. टी.आर. देविगा, उपन्यास और आदिवासी जनजीवन, विकास प्रकाशन, 2021, पृ.11.*
3. *संजीव, जंगल जहाँ से शुरू होता है, राधाकृपृ.ण प्रकाशन, 2000, पृ. 26.*
4. *पुर्वोक्त, पृ. 34*
5. *पुर्वोक्त, पृ. 52*
6. *पुर्वोक्त, पृ. 55*
7. *पुर्वोक्त, पृ. 57*
8. *पुर्वोक्त, पृ. 92*
9. *पुर्वोक्त, पृ. 92*
10. *पुर्वोक्त, पृ. 192*
11. *पुर्वोक्त,, पृ. 284*

सहायक ग्रन्थ

. *वंदना टेटे, आदिवासी दर्शन और साहित्य, विकल्प प्रकाशन, 2016.*
. *रमणिका गुप्ता, आदिवासी समाज और साहित्य, कल्याणी शिक्षा परिषद्, 2015.*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 30–35

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल के प्रभाव का अध्ययन

गीतिका अग्रवाल
शोधार्थी, हेमचन्द यादव, विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
Email : geetikaagrawal6@gmail.com Mob no 9303694701
डॉ.ज्योत्सना गढ़पायले
सहायक प्राध्यापक, शिक्षा संकाय, सेन्ट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई (छ.ग.)
डॉ.आरती मिश्रा
सहायक प्राध्यापक, कल्याण महाविद्यालय, सेक्टर–7, भिलाई (छ.ग.)

सारांश

प्रस्तुत अध्ययन उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल के प्रभाव जानने हेतु किया गया है । अध्ययन हेतु दुर्ग जिले के 300 विद्यार्थियों का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया है। विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा के मापन हेतु डॉ. सरिता आनंद द्वारा निर्मित वृत्तिक आकांक्षा मापनी एवं सामाजिक कौशल के मापन हेतु डॉ. विशालसूद, डॉ. आरती आनंद एवं सुरेश कुमार द्वारा निर्मित निर्धारण मापनी का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल का प्रभाव पाया गया। छात्र व छात्राओं की वृत्तिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया एवं छात्र व छात्राओं के सामाजिक कौशल में सार्थक अंतर पाया गया। किशोरावस्था में बालक एक चौतरफा रास्ते पर खड़ा होता है जहाँ से वह समान रूप से सही या गलत दोनों ही रास्तों पर जा सकता है अतः उसकी आवश्यकताओं, रूचियों तथा समस्याओं को समझ कर उचित निर्देशन व परामर्श दिए जाने की आवश्कता होती है।

मूल शब्द – किशोरावस्था, वृत्तिक आकांक्षा, सामाजिक कौशल

प्रस्तावना

शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा बालक की जन्मजात शक्तियों का विकास स्वाभाविक रूप से होता है, एवं वह सामाजिक, भौतिक व आध्यात्मिक पर्यावरण के साथ समायोजन कर सकता है। प्रायः किशोर के समक्ष व्यावसायिक चुनाव की समस्या आती है। उसे अपने पाठ्यक्रम में ऐसे विषयों का चुनाव करना होता है। जो आगे जाकर उसके भविष्य के व्यवसाय में सहायता कर सके। उचित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं वृत्तिक के चुनाव में परेशानी का अनुभव करना पड़ता है। निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने वृत्तिक से संबंधित अनेक कौशल में निपुर्ण होना आवश्यक है। जिनमें से एक सामाजिक कौशल है, जो लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं।

वृत्तिक आकांक्षा

वृत्तिक शब्द का प्रयोग किसी पेशे, व्यवसाय सा व्यापार के संदर्भ में किया जाता है, वृत्तिक का अर्थ डॉक्टर, शिक्षक, प्रबंधक के रूप में कार्य करना होता है। यह जीवन के पूरे कार्यकाल के वर्षों में आपके द्वारा की गई प्रगति और कार्यों को संदर्भित करता है जब वे आपके व्यवसाय से संबंधित होते हैं। आकांक्षा का शाब्दिक अर्थ–एक महत्वाकांक्षा, लक्ष्य या किसी भी प्रकार का वांछित अंत जो व्यक्तिगत प्रयास के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।[1] (ग्रे एवं ओब्रायन 207) वृत्तिक आकांक्षा को किसी दिए गए वृत्तिक के प्रति प्रतिबद्धता के स्तर के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

वैंडेनबॉस (2007) के अनुसार, वृत्तिक आकांक्षा को दीर्घकालिक व्यक्तिगत कार्य–संबंधित लक्ष्यों के रूप में पारिभाषित किया गया है।

संवेल विलियम के अनुसार (1969) वृत्तिक आकांक्षा का स्तर किसी महत्वाकांक्षा और उनके भविष्य के व्यवसाय के बारे में विचार है। वृत्तिक आकांक्षा वे लक्ष्य होते हैं जिसे वर्तमान या भविष्य के व्यवसाय में प्राप्त करना चाहते हैं। इस प्रकार वृत्तिक आकांक्षाएँ आपके व्यवसाय के प्रति भविष्य के लिए दृष्टि है तथा आने वाले वर्षों में अपने व्यावयायिक जीवन में हासिल करने की उम्मीद करते हैं।

वृत्तिक आकांक्षा को निम्नलिखित कारक प्रभावित करते है –

1. आर्थिक सामाजिक स्थिति
2. अभिभावकों की शिक्षा
3. शैक्षिक उपलब्धि
4. ग्रामीण व शहरी क्षेत्र

सामाजिक कौशल

कौशल का अर्थ– किसी कार्य को करने में निपुर्ण होना। यह किसी निश्चित समय, ऊर्जा या दोनों के अंदर निर्धारित परिणामों के साथ किसी कार्य करने की क्षमता है।[2]

सामाजिक कौशल दूसरों के साथ बातचीत और संचार की सुविधा प्रदान करने वाला कोई भी कौशल है। सामाजिक कौशल वे कौशल है जिनका उपयोग हम प्रतिदिन दूसरों के साथ बातचीत और संवाद करने के लिए करते हैं। उनमें मौखिक और गैर मौखिक संचार शामिल है जैसे भाषण, हावभाव, चेहरे की अभिव्यक्ति और शरीर की भाषा और हमारी व्यक्तिगत उपस्थिति के माध्यम से।

सामाजिक कौशल वे वैयक्तिक मूल्य तथा अंतर वैयक्तिक कौशल है जो किसी व्यक्ति के समूह में अन्य के साथ भली–भाँति मिलजुल कर कार्य करने की सक्षमता का निर्धारण करते हैं। बाह्य विश्व के साथ संव्यवहार के लिए अपने साथियों के साथ सहयोगपूर्ण ढ़ग से कार्य के लिए सामाजिक कौशल आवश्यक है।

सामाजिक कौशलों के प्रकार[3] –

सामाजिक कौशल के विभिन्न संघटक है। इनमें से कुछ जन्मजात होते हैं जैसे आत्मविश्वास, मैत्रीपूर्ण व्यवहार एवं कुछ कौशल ऐसे है जिन्हें सिखाया जा सकता है या उनमें सुधार किया जा सकता है जैसे प्रभावपूर्ण संचार तथा सामाजिक गुणों का विकास। किसी विशिष्ट स्वरूप के कार्य लिए सामाजिक कौशलों के विभिन्न प्रकार के सामाजिक कौशलों की

आवश्यकता होती है। सामाजिक कौशल प्रकार –

1. संचार कौशल
2. श्रवण कौशल
3. प्रस्तुतीकरण कौशल
4. पारस्परिक कौशल
5. दल कौशल
6. नेतृत्व कौशल
7. शिष्टाचार कौशल
8. अंतर–सांस्कृतिक कौशल
9. भाषा कौशल

कुमार एवं अन्य (2019)[4] ने निष्कर्ष में पाया कि वृत्तिक परामर्श मॉड्यूल का विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा व उपलब्धि अभिप्रेरणा पर सकारात्मक प्रभाव होता है। **गंगबेर व अन्य (2021)**[5] ने पाया कि वृत्तिक आकांक्षा व आत्म–विश्वास के मध्य धनात्मक सहसंबंध पाया। **जैकब (2018)**[6] ने निष्कर्ष में पाया कि निम्न और उच्च सामाजिक आर्थिक स्थिति का किशोरों के शैक्षिक व वृत्तिक आकांक्षा पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पाया। **नवमादी (2014)**[7] ने परिणाम में पाया कि व्यावसायिक रूचि व वृत्तिक आकांक्षा के मध्य धनात्मक सहसंबंध पाया। **शर्मा (2017)**[8] ने अध्ययन में शालेय उपलब्धि व सामाजिक कौशल में महत्वपूर्ण सकारात्मक संबंध पाया। **वकशाही (2017)** ने बालकों में बालिकाओं से अधिक सामाजिक कौशल पाया। **देवी (2015)** ने परिणाम में पाया कि विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि उनके सामाजिक कौशल पर निर्भर करती है। **खन्ना एवं अन्य**[9] ने परिणाम पाया कि सामाजिक कौशल का विकास माताओं के व्यवसाय स्थिति से प्रभावित होती है।

उद्देश्य

- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल के प्रभाव का अध्ययन करना।
- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं का वृत्तिक आकांक्षा का अध्ययन करना।
- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं के सामाजिक कौशल का अध्ययन करना।

परिकल्पना

- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।
- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं की वृत्तिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।
- उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र व छात्राओं के सामाजिक कौशल में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

शोध–विधि

प्रस्तुत अध्ययन में विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल के प्रभाव जानने के लिए वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या व न्यादर्श –

छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले के तीन विकास खण्ड पाटन, धमधा व दुर्ग को अध्ययन क्षेत्र के रूप में लिया गया। दुर्ग जिले के 137 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को जनसंख्या के रूप में चुनाव किया गया है। न्यादर्श के रूप में गैर स्तरीकृत यादृच्छिक न्यादर्श विधि के द्वारा कुल 300 विद्यार्थियों (150 छात्र व 150 छात्राएं) को न्यादर्श में शामिल किया गया है।

उपकरण

प्रस्तुत अध्ययन में विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा के मापन हेतु डॉ. सरिता आनंद द्वारा निर्मित मापनी (2014) का प्रयोग किया गया हैं इस मापनी में कुल 30 पद व पाँच आयाम है। सामाजिक कौशल के मापन हेतु डॉ. विशाल सूद, डॉ. आरती आनंद व सुरेश कुमार द्वारा निर्मित निर्धारण मापनी (2012) का प्रयोग किया गया जिसमें कुल 92 पद व पाँच आयाम है।

परिसीमा

1. यह अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले के शासकीय विद्यालयों तक सीमित है।
2. यह अध्ययन के लिए दुर्ग (छत्तीसगढ़) के 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों तक सीमित है।

सांख्यिकीय विश्लेषण एवं व्याख्या –

विद्यार्थियों के उत्तरों के आधार पर अंकीकरण किया गया। शोध के सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन व टी–परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

तालिका – 1

उ. मा. विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल का प्रभाव

तुलनात्मक समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	टी–मूल्य	सार्थकता स्तर
उच्च सामाजिक कौशल	105	116.42	11.09	6.6	सार्थक
निम्न सामाजिक कौशल	105	106.69	10.12		

df = 208 $p < 0.05$

तालिका संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उच्च सामाजिक कौशल वाले विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा का मध्यमान 116.42 व प्रमाणिक विचलन 11.09 प्राप्त हुआ। तथा निम्न सामाजिक कौशल वाले विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा का मध्यमान 106.69 व प्रमाणिक विचलन 10.12 प्राप्त हुआ जो कि स्वतंत्रता के अंश 208 के 0.05 स्तर पर सार्थक अंतर है अतः शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है। सांख्यिकीय आधार पर कहा जा सकता है कि उच्च

सामाजिक कौशल वाले विद्यार्थियों में निम्न सामाजिक कौशल वाले विद्यार्थियों की अपेक्षा वृत्तिक आकांक्षा अधिक पाई जाती है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल का सार्थक प्रभाव पाया गया। इसका कारण यह हो सकता है कि विकसित सामाजिक कौशल संज्ञानात्मक क्षमताओं और बेहतर मानसिक स्वास्थ्य की ओर ले जाते हैं।

तालिका – 2

उ. मा. विद्यालय के छात्र व छात्राओं की वृत्तिक आकांक्षा का तुलनात्मक विवरण

तुलनात्मक समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	टी–मूल्य	सार्थकता स्तर
छात्र	150	112.01	11.58	0.462	सार्थक नहीं
छात्रा	150	112.07	10.92		

df = 208 $p < 0.05$

तालिका–2 से स्पष्ट होता है कि छात्रों की वृत्तिक आकांक्षा का मध्यमान 112.1 व प्रमाणिक विचलन 11.58 प्राप्त हुआ तथा छात्राओं की वृत्तिक आकांक्षा का मध्यमान 112.7 व प्रमाणिक विचलन 10.92 प्राप्त हुआ जो कि स्वतंत्रता के अंश 298 के लिए 0.05 स्तर पर सार्थक अंतर नहीं है अतः शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है। सांख्यिकीय आधार पर कहा जा सकता है कि छात्र व छात्राओं की वृत्तिक आकांक्षा समान है। इसका कारण यह हो सकता है कि वर्तमान समय में छात्र व छात्राओं को बराबर शैक्षिणक सुविधाएं दी जा रही है।

तालिका– 3

उ. मा. विद्यालय के छात्र व छात्राओं के सामाजिक कौशल का तुलनात्मक विवरण

तुलनात्मक समूह	प्रदत्तों की संख्या	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन	टी–मूल्य	सार्थकता स्तर
छात्र	150	370.2	37.79	2.63	सार्थक
छात्रा	150	358.4	39.94		

df = 208 $p < 0.05$

तालिका – 3 से स्पष्ट होता है कि छात्रों के सामाजिक कौशल का मध्यमान 370.2 व प्रमाणिक विचलन 37.79 तथा छात्राओं की सामाजिक कौशल का मध्यमान 358.2 व प्रमाणिक विचलन 39.94 प्राप्त हुआ जो कि स्वतंत्रता के अंश 298 के लिए 0.05 स्तर पर सार्थक अंतर है अतः शून्य परिकल्पना अस्वीकृत की जाती है। इसका तात्पर्य यह है कि छात्रों व छात्राओं के सामाजिक कौशल में अंतर पाया गया अर्थात् छात्रों में छात्राओं की अपेक्षा अधिक सामाजिक कौशल पाया जाता है इसका कारण यह हो सकता है कि समाज द्वारा बालिकाओं की अपेक्षा बालाकों को व्यवहार करने व मेलजोल के तरीकों में अधिक पाबंदी नहीं लगाई जाती है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्राप्त हुए :

1. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की वृत्तिक आकांक्षा पर सामाजिक कौशल का प्रभाव पाया गया।

2. छात्र व छात्राओं की वृत्तिक आकांक्षा में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। छात्रों की वृत्तिक आकांक्षा छात्राओं के समान पायी गयी।
3. छात्र व छात्राओं के सामाजिक कौशल में सार्थक अंतर पाया गया। छात्रों में सामाजिक कौशल छात्राओं की अपेक्षा अधिक पाया गया।

शैक्षिक निहितार्थ

1. किशोरावस्था में विद्यार्थियों को वृत्तिक निर्देशन व परामर्श दिए जाने चाहिए जिससे विद्यार्थी सही समय में सही निर्णय ले सके।
2. विद्यार्थियों में सामाजिक कौशल को बढ़ाने के लिए पाठ्यसहगामी क्रियाओं को शामिल किया जाना चाहिए।
3. विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त वर्कशॉप, सम्मेलन एवं तकनीकी शिक्षा देने के अवसर प्रदान करना चाहिए जिससे विद्यार्थी अपनी रूचि को पहचान कर, रूचि के अनुसार अपने व्यवसाय का चुनाव कर सके।

❐

सन्दर्भ –

1. *Banerjee B & Khanna S, (2018), "Impact of parenting styles on social skills of adolescent children in urban Areas of Ludhiana, India, IOOSR journal of Humanities & social science, 23(7),55-65.*
2. *csuhoky iwtk] ,oa HkkxZo ,p-ih- ¼2017½] Kku ,oa ikB~;Øe] cqd gkml] 68&70-*
3. *Gangber (2020), "Relation between career aspiration & self confidence among higher secondary students", International journal of applied Research, doi.org/10.22271/all research .2021.v7i2b.8243.*
4. *Kumar & Phoghat, v (2019), "Effect of career counseling Module on career aspirations and achievement motivation of secondary school students", Bhatiyam International of education & Research 8(2),14-22.*
5. *Momin N & Geetam C (2019), "Occupational aspiration of undergraduates in Meghalaya: International journal of Advance research of Advance Research, Doi:10.21474/IJARO1/8403.*
6. *eaxy] ,l-ds-] ¼2019½] vf/kxe ,oa fodkl dk euksfoKku] ih-,p-,y- yfuZax izkbosV fyfeVsM] fnYyh] 81&83-*
7. *Nwamadi (2014), "student's interest as correlates of career aspiration of senior secondary school tudents in rivers state, Golobal journal of educational research, 14, 61-66.*
8. *Devi Mukesh (2017) " study of social skill level of school students" International Journal of multidisciplinary research and development 4(7), p. 459-460*
9. *Banerjee B & Khanna S, (2018), "Impact of parenting styles on social skills of adolescent children in urban Areas of Ludhiana, India, IOOSR journal of Humanities & social science, z23(7), p. 55-65.*

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 36–45

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

वर्तमान परिदृश्य में भारत में विवाहेत्तर सम्बन्ध एवं कानून
एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

सुबोध कान्त
शोधार्थी, समाजशास्त्र विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
Email : kantbhu@gmail.com

सारांश

विवाहेतर सम्बन्ध विवाह तथा परिवार नामक आधारभूत संस्थाओं को गहनता से प्रभावित करने वाली समस्यात्मक कड़ी है। विवाह संस्था पर सेफ्टी वाल्व बनाये रखने तथा बच्चों को विवाहेतर सम्बन्धों के नकारात्मक परिणामों से सुरक्षित रखने के लिए विवाहेतर सम्बन्ध सामाजिक रूप से अस्वीकृत तो थे ही, साथ ही साथ कानूनी रूप से भी आपराधिक कृत्य माना गया था, परन्तु हालही में सितम्बर 2018 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अत्यधिक महत्व देते हुए तथा पश्चिमी देशों में इससे सम्बंधित कानूनों का हवाला देते हुए विवाहेतर सम्बन्धों को आपराधिक कृत्यों की श्रेणी से बाहर कर दिया। प्रस्तुत शोध पत्र में शोधकर्ता ने विवाहेतर सम्बन्धों के विभिन्न आयामों पर दो केंद्रीय विश्वविद्यालयों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में शिक्षा ग्रहण कर रहे परास्नातक तथा शोध छात्र छात्राओं के विचारों एवं परिप्रेक्ष्यों को जानने का प्रयास किया गया है।

मुख्य शब्द– विवाहेतर सम्बन्ध, पारिवारिक विघटन, दाम्पत्य जीवन, तलाक, व्यभिचार, भावात्मक सम्बन्ध, यौनिक सम्बन्ध, विचलन, समाजीकरण.

प्रस्तावना

विवाह एवं परिवार किसी भी समाज की वे आधारभूत संस्थायें हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति की भावात्मक, मनोवैज्ञानिक, यौनिक, समूहचारिता आदि आवश्यकताओं की पूर्ति का सहजता से प्रबन्ध करती है और पूर्णतः समाज स्वीकृत भी है। यह दोनों ऐसी संस्थायें हैं जो किसी न किसी रूप में प्रत्येक समाज में विद्यमान होती हैं। समयानुसार इनमे परिवर्तन भी अवश्यम्भावी रूप से घटित होता है। सामाजिक परिवर्तन के साथ–साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में विचलन होना एक सामान्य समस्या होती है। वैवाहिक सम्बन्धों के सन्दर्भ में एक अत्यधिक प्रभावित करने वाली विचलनात्मक समस्या विवाहेतर सम्बन्धों का उपजना है। दाम्पत्य जीवन के असफल होने

एवं उससे सम्बंधित समस्याओं के कारण ही कोई भी साथी (पति/पत्नी) विवाहेतर सम्बन्धों की तरफ रुख करता है, परन्तु यह सम्बन्ध सिर्फ उनके दाम्पत्य जीवन को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उनके बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

विवाहेतर सम्बन्धों पर विस्तृत एवं गहन अध्ययन से पूर्व यह स्पष्ट कर लेना उचित होगा कि विवाहेतर सम्बन्ध है क्या ? विवाह स्त्री व पुरुष के बीच एक ऐसा बन्धन है, जिसे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व कानूनी मान्यता प्राप्त होती है। इस सम्बन्ध के फलस्वरूप दोनों पति–पत्नी जीवनभर साथ रहने, संतानोत्पत्ति करने व अन्य पारिवारिक सामाजिक धार्मिक भूमिकाओं को निभाने के लिये वचनबद्ध होते हैं, परन्तु वैवाहिक सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने के फलस्वरूप दम्पति में से यदि कोई पार्टनर (साथी) अपने पति या पत्नी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से भावात्मक, यौनिक या दोनों प्रकार के सम्बन्ध स्थापित करता है और अपने जीवन साथी को धोखा देता है, विवाह सम्बन्धी बॉण्ड को तोड़ता है तो इस प्रकार के सम्बन्ध को विवाहेतर सम्बन्ध कहते हैं।

किसी भी व्यक्ति द्वारा विवाहेतर सम्बन्धों को अपनाने के अनेक कारण हो सकते हैं, परन्तु सार रूप में इसका प्रमुख कारण वैवाहिक सम्बन्ध में समस्याओं व संकटों का होना और उसका उपयुक्त समय पर निदान न होना है। बसार्ड कहते हैं कि वैवाहिक समस्या की शुरुआत मुख्यतः पति–पत्नी के बीच सम्प्रेषण की निरन्तरता के टूट जाने के कारण होता है, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बीच निरन्तर झगड़े होते रहते हैं, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक तथा शारीरिक अलगाव हो जाता है और कभी–कभी शारीरिक आक्रमणशीलता भी पनप जाती है, जो अंततः विवाह विच्छेद के द्वार तक ले जाती है।[1]

यदि हम विवाहेतर सम्बन्धों के उपजने के कारणों की विस्तार से पड़ताल करें तो इसके कई मुख्य कारक दृष्टिगोचर होते हैं। यौन एवं प्रजनन सम्बन्धी कारक के अन्तर्गत अपने पार्टनर को यौन संतुष्टि न दे पाना, पति या पत्नी द्वारा यौनिक भिन्नता के अनुभव की इच्छा, पति या पत्नी में संतानोत्पत्ति की क्षमता न होना, सिर्फ विकलांग बच्चे ही पैदा करना आदि तथा आर्थिक व व्यावसायिक कारक के अन्तर्गत पति का अपने कार्यों में अत्यधिक व्यस्त हो जाना, पति या पत्नी का दिन भर के कामों के बाद हमेशा थका होना, पति या पत्नी में से किसी एक का नाईट ड्यूटी होना, पति का आर्थिक रूप से सशक्त न होना, पत्नी द्वारा पति से ज्यादा कमाना या सिर्फ पत्नी द्वारा ही घर सम्भालना, पति द्वारा पत्नी को आर्थिक संरक्षण न देना आदि एवं इसके अलावा उम्र सम्बन्धी कारक के अन्तर्गत पति या पत्नी का जल्दी विवाह हो जाना, पति या पत्नी का अपने जीवनसाथी की अपेक्षा अत्यधिक युवा या उम्रदराज होना आदि विवाहेतर सम्बन्धों को जन्म देते हैं।

केंकेल विवाहेतर सम्बन्धों की चर्चा करते हुए उसके निम्नलिखित प्रमुख स्वरूपों के बारे में बताते हैं.....

• *एक रात के विवाहेतर सम्बन्ध (वन नाईट अफेयर)* – इस प्रकार के सम्बन्ध सामान्यतः बिना किसी प्रयास के अनायास रूप से बन जाते हैं और इसमें यौनिक सम्बन्ध न बनके बल्कि भावात्मक सम्बन्ध ही स्थापित होते हैं। इस प्रकार के सम्बन्धों को हम सामान्य भाषा में थोड़े वक्त के लिये भटकाव कह सकते हैं।

• *भावात्मक उद्वेग सम्बन्धी विवाहेतर सम्बन्ध* – इस प्रकार के विवाहेतर सम्बन्ध सामान्यतः तब बनते हैं, जब वैवाहिक जीवन समस्याओं से गुजर रहा होता है और उसी दौरान कोई एक पार्टनर अपने किसी करीबी विपरीत लिंगी साथी या दोस्त की तरफ आकर्षित हो जाता है। इस प्रकार के विवाहेतर सम्बन्धों में अधिकांश सम्भावना होती है कि वह भटका पार्टनर अपने विवाह सम्बन्ध में वापस आ जायेगा।

• *भावात्मक–यौनिक विवाहेतर सम्बन्ध*– इस प्रकार के विवाहेतर सम्बन्ध में पार्टनर किन्ही कारणों से अपने पति या पत्नी से विश्वासघात करते हुए अपने पति या पत्नी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से भावनात्मक एवं यौनिक दोनों प्रकार के सम्बन्ध स्थापित करता है। इस प्रकार के विवाहेतर सम्बन्ध में विवाहेतर सम्बन्ध रखने वाले साथी का अपने विवाह सम्बन्ध में वापस लौट आने की सम्भावना लगभग नगण्य होती है।

• *यौन लत के कारण विवाहेतर सम्बन्ध* – इस प्रकार के विवाहेतर सम्बन्ध अत्यधिक यौन लत या यौनिक सम्बन्धों में भिन्नता तथा विविधता की इच्छा के कारण उपजते हैं।[2]

विवाहेतर सम्बन्ध एवं दाम्पत्य जीवन का विघटन

वर्तमान समय में भारत जैसे विकासशील देशों में विवाहेतर सम्बन्ध लगातार बढ़ते जा रहे हैं और अंतिम रूप में विवाह विच्छेद का कारक बन रहे हैं। भावात्मक सहयोग न होने, यौनिक संतुष्टि न होने, किसी गलत कारण से विवाह कर लेने, अपने पसन्द से जीवनसाथी न चुनने, पति–पत्नी की सामान अभिरुचि न होने, एक दूसरे को उचित व पर्याप्त समय न दे पाने आदि वजहों से भारतीय दम्पतियों में विवाहेतर सम्बन्ध तेजी से बढ़ रहे हैं; जिसके कारण वे वैवाहिक व पारिवारिक जीवन से असंतुष्ट तो हैं ही, साथ ही सामाजिक–सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक आदि पहलुओं में भी पूर्ण नहीं हो पाते।[3] जब अपने जीवन साथी से प्यार, आकर्षण व संतुष्टि प्राप्त नहीं होती है तो व्यक्ति बाहर दूसरे स्त्री या पुरुष से फ्लर्ट करने लगता है, ऑनलाइन यौनिक व रूमानी चौटिंग (बातचीत) करने लगता है, पोर्नोग्राफी उपभोग करने लगता है और यदि बाहर कोई विपरीत लिंगी उसके भावनाओं व आवश्यकताओं को समझता है और उसे पूरा करने लगता है तो व्यक्ति धीरे–धीरे अपने जीवनसाथी से मुक्त हो जाता है एवं प्रत्येक तरीके से अपने विवाहेतर सम्बन्धी से जुड़ जाता है।

ओलायिंका अपने अध्ययन से यह स्पष्ट करती हैं कि यदि पत्नी पति को लगातार यौनिक रूप से वंचित करती हैं तो पति में भी अपने पत्नी से यौन सम्बन्ध स्थापित करने की इच्छा समाप्त होने लगती है। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिये पुरुष पत्नी के अलावा दूसरी स्त्रियों से फ्लर्ट करना शुरू कर देता है और फिर धीरे–धीरे अपनी पत्नी को समय भी कम देने लगता है। इसके अलावा ब्रायन स्पीटबर्ग के अनुसार स्त्रियों की अपेक्षा पुरुष यौन सम्बन्धों के बारे में अधिक सोचते हैं, इन उपर्युक्त कारणों से भी पति–पत्नी के बीच स्वस्थ सम्बन्ध नहीं रहते।[4]

भारतीय समाज में अभी भी यह सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता है कि कोई लड़का या लड़की विवाह से पूर्व किसी से प्रेम सम्बन्ध में रहे और अपने प्रेमी से भावात्मक या/और यौनिक सम्बन्ध स्थापित करे, ऐसी स्थिति में यदि उनका अपने प्रेम सम्बन्धी से विवाह नहीं हो पता है तो विवाह पश्चात् भी उनके द्वारा अपने प्रेमी से सम्बन्ध

बरकरार रखने कि सम्भावना प्रबल रहती है, क्योकि सामान्यतः उनकी किसी अनजान व्यक्ति से पारिवारिक व सामाजिक दबाव के द्वारा विवाह कराया गया होता है, जिससे उनका भावात्मक, मानसिक या अभिरुचि आदि किसी भी प्रकार से बॉण्ड नहीं बन पाता और वे अपने प्रेमी से सम्बन्ध बरकरार रखते हुए विवाहेतर सम्बन्ध को अपना लेते हैं।

पारिवारिक विघटन एवं बच्चों पर प्रभाव

विवाहेतर सम्बन्धों के कारण सिर्फ दाम्पत्य जीवन का ही विघटन नहीं होता है, बल्कि उसके पारिवारिक जीवन व विश्वास का भी विघटन होने लगता है। चूकि विवाहेतर सम्बन्ध समाज द्वारा स्वीकृत नहीं हैं और सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों, मानदण्डों से विचलन है, इसलिए इसका खामियाजा तानों, उलाहनों तथा कटाक्ष आदि के रूप में विवाहेतर सम्बन्ध रखने वाले व्यक्ति के प्रत्येक पारिवारिक सदस्यों को उठाना पड़ता है। यहाँ तक कि विवाहेतर सम्बन्ध रखने वाले व्यक्ति के माता–पिता द्वारा किये गए समाजीकरण पर सवालिया निशान खड़ा किया जाने लगता है और उन्हें शर्मिंदा होना पड़ता है। एक सामान्य व स्वस्थ परिवार में पारिवारिक सदस्यों के बीच जो एकात्मक बन्धन होता है, निश्छल प्यार व विश्वास की भावना होती है, वह नष्ट होने लगती है।

जब कोई भी व्यक्ति विवाहेतर सम्बन्धों की तरफ आकर्षित हो रहा होता है या अपना रहा होता है तो उस वक्त वह अपने बच्चों व परिवार से अधिक महत्व स्वयं की स्वतंत्रता व खुशी को देता है, जिसके परिणाम बच्चों को कई आयामों में झेलना पड़ता है। जब बच्चा माता–पिता के बीच हमेशा झगड़े व संघर्ष को देखता है और उसे माता–पिता का उचित व पर्याप्त प्यार व भावनात्मक सहयोग नहीं मिलता है तो बच्चे के मन मस्तिष्क में गलत धारणाये जन्म लेने लगती हैं। माता या पिता के बाहर किसी अन्य व्यक्ति से अनैतिक सम्बन्धों को जानकर व अपने साथियों द्वारा लगातार किसी न किसी विषयबिन्दु के बहाने चिढ़ाये जाते रहने पर वह निरन्तर आहात होता रहता है। बच्चे का बालमन कुचल दिया जाता है और उसके आवश्यकताओं का कोई ध्यान नहीं देता। ऐसी परिस्थिति में बच्चे में सामाजिक विचलन सम्बन्धी क्रियाएँ जन्म लेने लगती हैं। वह मानसिक रूप से हमेशा अस्थिर रहने लगता है, जिसके कारण बाल अपराध की तरफ आकर्षित होने की सम्भावना बढ़ जाती है।[5]

जब बच्चे का समाजीकरण सही नहीं होता है और उसका उचित देखरेख करने वाला कोई नहीं होता तो इस मानसिक विचलन की अवधि में बच्चे में हमेशा घर से बाहर रहने की प्रवृत्ति जन्म ले लेती है और धीरे–धीरे वह आपराधिक कृत्य करने वाले समूहों के सम्पर्क में आ जाता है और अंततः हिंसात्मक व्यक्ति एवं बाल अपराधी बन जाता है।[6] इसके अलावा एक प्रबल सम्भावना यह भी होती है कि बच्चा बाहर किसी अपराधी द्वारा शारीरिक, मानशिक अथवा यौनिक शोषण का शिकार बन जाता है। दोनों ही स्थितियों में बच्चे का जीवन तहस–नहस हो जाता है। प्यार, भावनात्मक सहयोग, परिवार में आकर्षण का केंद्र बने रहने की बच्चे की जो इच्छा व अधिकार दोनों होता है, वह कभी नहीं मिलता, बल्कि इसके विपरीत उसे सामाजिक तिरस्कार मिलते हैं। जो बच्चा सामान्य एवं स्वस्थ परिवार में पल–बढ़कर व शिक्षा ग्रहण करके परिवार, समाज व अंततः राष्ट्र निर्माण में सृजनात्मक भूमिका निभा सकता था, वह अब आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो चुका होता है एवं समाज विरोधी कार्य करता है।

विवाहेतर सम्बन्ध के कानूनी परिप्रेक्ष्य

व्यभिचार या जरता सम्बन्धी कानून भारतीय दण्ड संहिता की धारा 497 तथा आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 198 में वर्णित है, जिसके तहत यदि विवाहित पुरुष किसी अन्य महिला से सम्बन्ध बनता था तो वह व्यभिचार का दोषी होता था और उसके विरुद्ध केस दर्ज किया जा सकता था। इसके लिए अधिकतम पांच वर्ष का कारावास या आर्थिक दण्ड या दोनों सजा का प्रावधान था, परन्तु विवाहेतर सम्बन्ध बनाने वाली महिला के लिए किसी भी प्रकार की सजा का प्रावधान नहीं था, उसे दोषी नहीं माना जाता था; वही यदि महिला अपने पति से स्वीकृति लेकर यदि किसी अन्य पुरुष से सम्बन्ध बनाती थी तो ऐसी स्थिति में किसी को भी कोई सजा नहीं दिया जाता था। यह कानून 158 साल पुराना था।[7]

इटली निवासी जोसेफ शाइन ने दिसम्बर 2017 में व्यभिचार कानून को स्त्री–पुरुष में भेदभाव करने वाला तथा असंवैधानिक करार देते हुये एक जनहित याचिका दायर की थी, जिस पर 27 सितम्बर 2018 को उच्चतम न्ययालय के पांच न्यायाधीशों (न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति आर.एफ. नरीमन, न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा) की पीठ ने अंतिम फैसला सुनाते हुये विवाहेतर सम्बन्ध को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया। उच्चतम न्यायालय का कहना था कि विवाहेतर सम्बन्ध स्थापित करना अब अपराध नहीं होगा, परन्तु तलाक का आधार अभी भी बना रहेगा।[8] साथ ही यह निर्णय भी सुनाया कि यदि एक जीवनसाथी के ऐसे सम्बन्धों के कारण दूसरा जीवनसाथी आत्महत्या कर लेता है तो विवाहेतर सम्बन्ध अपनाने वाले साथी पर आत्महत्या के लिये उकसाने का केस चलाया जा सकता है।

व्यभिचार कानून पर फैसला सुनाने से पहले उच्चतम न्यायालय ने सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा था। सरकार की तरफ से पक्ष रखते हुये एडिशनल सालिसिटर जनरल पिंकी आनन्द ने कहा था कि व्यभिचार को अपराध रहने दिया जाये, क्योकि यदि व्यभिचार को आपराधिक श्रेणी से बाहर कर दिया गया तो विवाह और परिवार जैसी मूलभूत संस्थाओं का सेफ्टी वाल्व समाप्त हो जायेगा और उनको क्षति होगी। पिंकी आनन्द का यह भी कहना था कि सामाजिक परिवर्तन एवं विकास को देखते हुए पति एवं पत्नी दोनों को सामान कानूनी अधिकार दे देना चाहिए, जिसके कि ऐसी स्थिति में दोनों एक दूसरे पर केस कर सकें, परन्तु पश्चिमी समाज के नजरिये से देखते हुये व्यभिचार को आपराधिक कृत्य की श्रेणी से बाहर नहीं किया जाना चाहिये। इस बिंदु पर न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा का तर्क था कि विवाहेतर सम्बन्ध अखुशहाल वैवाहिक जीवन के 'कारण' नहीं होते है बल्कि 'परिणाम' होते हैं।[9] इस फैसले में इन तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया गया कि उस पार्टनर (साथी) का क्या होगा, जो पूरे समर्पण व भरोसे से विवाह सम्बन्ध में है। साथ ही यह फैसला व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अधिक महत्त्व देते हुए वैवाहिक इकाई (दम्पति सम्बन्ध) की महत्ता को गौण कर देता है। उच्चतम न्यायालय को इस विषयबिंदु पर अवश्य गौर करना चाहिये था कि यदि विवाह सम्बन्ध खुशहाल व सुखमय न हो तो किसी अन्य व्यक्ति से सम्बन्ध स्थापित करने से पहले तलाक क्यों न ले लें। किसी सामाजिक संस्था को क्षीण करते हुए विवाहेतर सम्बन्ध क्यों स्थापित करें ? साथ ही पांच न्यायाधीशों

की खण्डपीठ ने विवाहेतर सम्बन्धों के कारण बच्चे पर पड़ने वाले प्रभाव व उसके परिणामों के बारे में गहनता से विचार नहीं किया। जबकि यह सर्वविदित है कि यदि बच्चे को माता–पिता का उचित प्यार व भावात्मक सहयोग नहीं मिलेगा तो उसका सर्वांगीण विकास बाधित होगा और वह आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त या शिकार हो सकता है।[10]

अध्ययन प्राविधि

प्रस्तुत शोध में शोधकर्ता द्वारा अध्ययन क्षेत्र के रूप में उत्तरप्रदेश के दो जिलों में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालयों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी तथा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ को चुना गया है तथा समग्र के रूप में उपर्युक्त दोनों विश्वविद्यालयों के परास्नातक तथा शोध छात्र–छात्राओं को चुना गया है। अध्ययन के लिये शोधकर्ता द्वारा वर्णनात्मक सह व्याख्यात्मक शोध विधि का प्रयोग करते हुए परास्नातक व शोध विद्यार्थियों की विवाहेतर सम्बन्धों के विविध आयामों के प्रति विचार व परिपेक्ष्य जानने का प्रयास किया गया है।

इस शोध में अकड़ा संकलन हेतु प्राथमिक तथा द्वितीयक दोनों श्रोतों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक आकड़ा संकलन के लिये उद्देश्यात्मक एवं सुविधाजनक प्रतिचयन विधि का प्रयोग करते हुए चुने गए प्रतिदर्शों से साक्षात्कार विधि द्वारा अकड़े संकलित किये गये। द्वितीयक श्रोत के रूप में शोधकर्ता ने शोध विषय पर लिखी गयी पुस्तकों, शोधपत्रों, पत्रिकाओं, समाचारपत्रों, वेबसाइट्स आदि का प्रयोग किया है।

बिंदुवार शोध परिणाम

अभिनति से बचने, शोध परिणामों में अत्यधिक यथार्थता तक पहुंचने तथा स्त्रियों व पुरुषों के परिप्रेक्ष्यों में तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए शोधकर्ता ने 50 प्रतिशत पुरुष उत्तरदाता तथा 50 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं को लिया, जिसमे लगभग 73 प्रतिशत उत्तरदाता अविवाहित/सिंगल हैं, 20 प्रतिशत उत्तरदाता किसी के साथ प्रेम सम्बन्ध में हैं तथा लगभग 07 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित हैं। इसके अलावा समस्त उत्तरदाताओं में से 70 प्रतिशत उत्तरदाता शोधार्थी (एम.फिल. तथा पी.एच.डी.) हैं तथा 30 प्रतिशत उत्तरदाता परास्नातक विद्यार्थी हैं। 1.43 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि वर्तमान समय में विवाहेतर सम्बन्धों की तरफ पुरुष अधिक आकर्षित होते हैं और अपनाते हैं; जबकि एक तिहाई उत्तरदाताओं का मत है कि ये सम्बन्ध स्त्री तथा पुरुष दोनों सामान रूप से अपनाते हैं, वहीं 20 प्रतिशत उत्तरदाता किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंच सके।

यदि तुलनात्मक रूप से देखें तो 40 प्रतिशत पुरुष तथा 47 प्रतिशत महिलाओं का मानना है कि पुरुष ही ज्यादा आकर्षित होते हैं, जबकि महज 07 प्रतिशत पुरुष महिलाओं को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं वहीं कोई भी महिला इस सम्बन्ध में आकर्षित होने तथा अपनाने के लिए महिलाओं को जिम्मेदार नहीं मानती। 47 प्रतिशत पुरुष तथा 20 प्रतिशत महिलाएं विवाहेतर सम्बन्ध में ज्यादा आकर्षण के लिए स्त्री व पुरुष दोनों को सामान रूप से जिम्मेदार ठहराते हैं।

2. अत्यधिक उत्तरदाता (70 प्रतिशत) किसी भी पार्टनर (साथी) द्वारा विवाहेतर सम्बन्ध अपनाने

का मुख्य कारण भावात्मक सम्बन्ध तथा यौनिक सम्भोग दोनों को मानते हैं, जबकि 23 प्रतिशत उत्तरदाता इस सम्बन्ध का मुख्य कारण सिर्फ यौनिक सम्भोग को ही समझते हैं।

3. विवाहेतर सम्बन्ध उत्पन्न होने के प्रमुख कारण क्रमशः पार्टनर द्वारा भावात्मक व यौनिक सहयोग न होना या असंतुष्टि होना, आपसी सम्बन्ध (बॉण्ड) विकसित न होना, पति–पत्नी में आपसी तालमेल की कमी, भिन्न यौनिक आनंद अनुभूति की प्रवृत्ति, विवाहपूर्व प्रेमी होने के बावजूद पारिवारिक दबाव के कारण दूसरे से जबरदस्ती विवाह करा देना, किसी एक पार्टनर का मादक द्रव्य व्यसनी होना, आर्थिक समस्या से उबरने के लिए तथा पश्चिमीकरण व फिल्म, धारावाहिक आदि से प्रेरित होना, नाभकीय परिवार होने के कारण दम्पति में झगडे के बाद उनको कोई समझाने वाला न होना आदि हैं।

4. आधे से ज्यादा (लगभग 53 प्रतिशत) उत्तरदातों का मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपने व्यक्तिगत इच्छा या आत्मप्रेरित होकर ही विवाहेतर सम्बन्धों को अपनाता है, जबकि 17 प्रतिशत उत्तरदाता फिल्म व धारावाहिक आदि से प्रेरित, 17 प्रतिशत उत्तरदाता परिवार व मित्रमंडली में किसी सदस्य द्वारा प्रेरित तथा 13 प्रतिशत उत्तरदाता जीवनसाथी द्वारा सम्बन्ध में धोखा देने को कारण मानते हैं।

5. इस तथ्य से 47 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः सहमत तथा 40 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत रहे कि विवाहेतर सम्बन्ध पारिवारिक विघटन के कारक बनते हैं, जबकि 13 प्रतिशत उत्तरदाता इस तथ्य से किसी न किसी प्रकार असहमत रहे।

6. लगभग 57 प्रतिशत उत्तरदाता इस तथ्य से पूर्णतः सहमत तथा 30 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत रहे कि विवाहेतर सम्बन्ध के कारण बच्चों का समाजीकरण नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है तथा उन्हें विचलन की तरफ धकेलता है, जबकि 13 प्रतिशत उत्तरदाता इस तथ्य से असहमत रहे।

7. व्यभिचार/जरता (विवाहेतर सम्बन्ध) से सम्बन्धित IPC की धारा 497 तथा CrPC की धारा 198 से सम्बन्धित सामान्य नियमों के बारे में 10 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः जानकारी, लगभग 33 प्रतिशत उत्तरदाता अधिकतम जानकारी, 30 प्रतिशत उत्तरदाता अंशतः जानकारी रखते हैं, जबकि लगभग 27 प्रतिशत उत्तरदाता इसके बारे में नहीं जानते।

8. विवाहेतर सम्बन्ध पर 27 सितम्बर 2018 को उच्चतम न्यायालय के फैसले से 20 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः, लगभग 07 प्रतिशत उत्तरदाता अधिकतम तथा लगभग 33 प्रतिशत उत्तरदाता आंशिक रूप से संतुष्ट हैं, जबकि 40 प्रतिशत उत्तरदाता इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं।

9. विवाहेतर सम्बन्ध पर भारत की एडिशनल सॉलिसीटर जनरल पिंकी आनंद के तर्क को लगभग 47 प्रतिशत उत्तरदाता न्याय संगत तथा उचित मानते हैं, जबकि लगभग 37 प्रतिशत उत्तरदाता न्यायसंगत नहीं मानते हैं, वहीं 16 प्रतिशत उत्तरदाता किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाये।

10. लगभग 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि विवाहेतर सम्बन्ध पर उच्चतम न्यायालय

के इस फैसले से स्त्री सशक्तिकरण कि तरफ कुछ हद तक कदम बढ़ा है, परन्तु 33 प्रतिशत युवा ऐसा नहीं मानते।

11. लगभग 23 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उच्चतम न्यायालय के इस फैसले ने विवाह संस्था को बनाये रखने वाले सेफ्टी वाल्व को समाप्त कर दिया है, जबकि 43 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि विवाह संस्था को इससे कुछ हद तक ही नुकसान पहुंचेगा, वहीं लगभग 23 प्रतिशत उत्तरदाता का मानना है कि विवाह संस्था को इससे कुछ भी नुकसान नहीं पहुंचेगा। 10 प्रतिशत उत्तरदाता किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सके।

12. इस तथ्य से लगभग 13 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः सहमत (20 प्रतिशत स्त्री तथा लगभग 07 प्रतिशत पुरुष), लगभग 17 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत (13 प्रतिशत स्त्री तथा 20 प्रतिशत पुरुष) हैं कि विवाह पश्चात् पति या पत्नी को किसी से भी सम्बन्ध स्थापित करने की आजादी मिलनी चाहिए, जबकि इस तथ्य से लगभग 23 प्रतिशत उत्तरदाता असहमत (लगभग 07 प्रतिशत स्त्री तथा 40 प्रतिशत पुरुष) तथा लगभग 47 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः असहमत (60 प्रतिशत स्त्री तथा लगभग 33 प्रतिशत पुरुष) रहे।

13. इस बिन्दु पर 30 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः सहमत तथा लगभग 47 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत रहे कि अशिक्षित तथा कम पढ़े लिखे व्यक्तियों की अपेक्षा उच्च शिक्षित लोगों में विवाहेतर सम्बन्ध अधिक पाया जाता है, जबकि लगभग 23 प्रतिशत उत्तरदाता इस तथ्य से किसी न किसी प्रकार असहमत रहे।

14. इस तथ्य से लगभग 37 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः सहमत तथा 47 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत रहे कि निम्न आय वर्ग कि अपेक्षा उच्च आय वर्ग के लोगों में अधिक विवाहेतर सम्बन्ध स्थापित होते हैं, जबकि लगभग 23 प्रतिशत उत्तरदाता इस तथ्य से असहमत रहे।

15. इस तथ्य से लगभग 07 प्रतिशत उत्तरदाता पूर्णतः सहमत(0 प्रतिशत स्त्री व 14 प्रतिशत पुरुष) तथा लगभग 47 प्रतिशत उत्तरदाता सहमत (लगभग 33 प्रतिशत स्त्री व 60 प्रतिशत पुरुष) हैं कि उन व्यक्तियों के विवाहेतर सम्बन्ध अपेक्षाकृत अधिक होते हैं जिनके विवाहपूर्व किसी अन्य व्यक्ति से सम्बन्ध रह चुके होते हैं; जबकि 46 प्रतिशत उत्तरदाता (लगभग 67 प्रतिशत स्त्री व लगभग 27 प्रतिशत पुरुष) किसी न किसी प्रकार इस तथ्य से असहमत रहे।

16. यदि विवाहपूर्व किसी प्रेम सम्बन्ध में हैं परन्तु किसी कारण विवाह किसी दूसरे व्यक्ति से हो जाने कि स्थिति में आधे से ज्यादा (60 प्रतिशत) लोग (लगभग 73 प्रतिशत स्त्री व लगभग 47 प्रतिशत पुरुष) अपने प्रेमी से विवाहेतर सम्बन्ध रखना पसन्द नहीं करेंगे, परन्तु 40 प्रतिशत उत्तरदाता (लगभग 37 प्रतिशत स्त्री व लगभग 53 प्रतिशत पुरुष) दूसरे से विवाह हो जाने के बावजूद भी अपने प्रेमी से विवाहेतर सम्बन्ध रखना पसन्द करेंगे। विवाहेतर सम्बन्ध रखने वाले युवाओं में से अधिकांश (75 प्रतिशत स्त्री व 75 प्रतिशत पुरुष) का मत था कि वे अपने प्रेमी से सिर्फ भावात्मक सम्बन्ध रखना पसन्द करेंगे।

निष्कर्ष

उपरोक्त शोध कार्य से यह निष्कर्ष निकलता है कि जीवनसाथी (पार्टनर) द्वारा भावात्मक सहयोग व यौनिक संतुष्टि न मिलने, पति–पत्नी के मध्य आपसी तालमेल न होने, भिन्न यौनिक अनुभव की इच्छा रखने, विवाहपूर्व किसी अन्य व्यक्ति से प्रेम सम्बन्ध होने, आर्थिक समस्या, संयुक्त परिवार टूटने आदि कारणों से विवाहेतर सम्बन्ध पनप रहे हैं और हमारे युवाओं का मानना है कि इन विवाहेतर सम्बन्धों की तरफ पुरुष अपेक्षाकृत अधिक आकर्षित होते हैं। यह सम्बन्ध मूलतः भावात्मक सहयोग एवं यौनिक संतुष्टि दोनों के लिए अपनाया जाता है, जिसकी प्रेरणा व्यक्ति को अधिकांशतः स्वयं से मिलती है।[11] विवाहेतर सम्बन्ध पारिवारिक विघटन के कारक बनते हैं और साथ ही बच्चों के समाजीकरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं, जिसके कारण बच्चे के सर्वांगीण विकास में बाधा पहुँचती है और वह शोषण का शिकार या बाल अपराधी बन जाता है।[12]

व्यभिचार/जरता (विवाहेतर सम्बन्ध) से सम्बन्धित नियमों के बारे में युवाओं को सामान्य जानकारी तो है, परन्तु सम्पूर्ण जानकारी नहीं है। उच्चतम न्यायलय द्वारा विवाहेतर सम्बन्ध के विषय में दिए गये निर्णय व सरकार के पक्ष प्रस्तुत करने के सन्दर्भ में हमारे युवा मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।[13] उनका मानना है कि इस सम्बन्ध से परिवार व विवाह संस्था पर विघटनात्मक प्रभाव तो पड़ता है, परन्तु यह रूढ़िवादिता को तोड़कर व्यक्तिगत स्वतंत्रता में वृद्धि भी करता है। हलाकि अधिकांश युवाओं का मानना है कि यह सम्बन्ध विवाह संस्था का सेफ्टी वाल्व समाप्त कर देता है, इसलिए विवाह पश्चात् पति या पत्नी को किसी अन्य व्यक्ति से सम्बन्ध स्थापित करने की आजादी नहीं मिलनी चाहिए। उनके अनुसार अशिक्षित या कम पढ़े लिखे व्यक्तिओं की अपेक्षा उच्च शिक्षित तथा निम्न आय वर्ग के लोगों की अपेक्षा उच्च आय वर्ग के लोगों में इस प्रकार के सम्बन्ध अधिक स्थापित होते हैं। विवाह पूर्व किसी अन्य से प्रेम सम्बन्ध होने की स्थिति में विवाह पश्चात् अपने प्रेमी से विवाहेतर सम्बन्ध रखने की इच्छा अधिकांश युवा नहीं रखते और जो अपने प्रेमी से विवाहेतर सम्बन्ध रखना चाहते हैं वे सिर्फ भावात्मक सम्बन्ध ही रखना चाहते हैं, परन्तु विवाह पूर्व किसी अन्य से प्रेम सम्बन्ध होने को विवाहेतर सम्बन्ध स्थापित होने के प्रबल कारक के रूप में अवश्य स्वीकार करते हैं।

❒

सन्दर्भ –

1. *लॉज, डी. रिचर्ड, ओडोनोहुए, विलियम टी.,(1997). सेक्सुअल डेवियन्स, थीयरी असेसमेंट एंड ट्रीटमेंट, द गिलफोर्ड प्रेस, न्यूयार्क, लन्दन.*
2. *यास्मीन, जहान, चौधरी, अबू सईद, रहमान, एस.एम. अतिकुर, चौधरी, साजेदा, खैर, जारा (2017 मई). फैक्टर इन्वोल्विंग एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स अमंग मैरिड एडल्ट्स इन बांग्लादेश, इंटरनेशनल जॉर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ, वॉल्यूम 04, पृ.1369–1386.*
3. *थॉम्पसन, एंथोनी पीटर (1984, फरवरी). इमोशनल एंड सेक्सुअल कंपोनेंट्स ऑफ एक्सट्रामैरिटल रिलेशन्स, जॉर्नल ऑफ मैरिज एंड फॅमिली, वॉल्यूम. 46, पृ. 35–42.*

4. एडवर्ड्स, जॉन एन. (1973 ऑगस्ट). एक्सट्रामैरिटल इन्वॉल्वमेंटः फैक्ट एंड थ्योरी, द जॉर्नल ऑफ सेक्स रिसर्च, वॉल्यूम. 09, पृ. 210–224.
5. फेयर, रे. सी. (1978 फरवरी). अ थ्योरी ऑफ एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स, जॉर्नल ऑफ पोलिटिकल इकॉनमी, वॉल्यूम. 86, पृ. 45–61.
6. स्पिट्जबर्ग, ब्रायन एच. (2013). एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स, द इंटरनेशनल इनसाइक्लोपीडिया ऑफ इंटरपर्सनल कम्युनिकेशन, सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी, यू. एस. ए.
7. ओगवोखदेम्हें, मौरीन, इशोला, सी.ए. (2013). फैक्टर्स रेस्पोंसिबल फॉर एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स अस परसीव्ड बाई मैरिड एडल्ट्स इन लेगोस, नाइजीरिया, प्रोब्लेम्स ऑफ साइकोलॉजी इन द 21 सेंचुरी, वॉल्यूम 06.
8. मोरारो, मरूबे अमोस, (2015). एस्टब्लिशिंग अटिट्यूड्स ऑन एक्सट्रामैरिटल अफेयर्स अमंग मैरिड पीपल एंड डोज इन कमिटेड रिलेशनशिप्स इन केन्या, स्कॉलर्स जॉर्नल ऑफ आर्ट्स, ह्यूमैनिटिज एंड सोशल साइंसेज.
9. एक्स्ट्रा–मैरिटल रिलेशन्स एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन चिल्ड्रन, लीगल सर्विस इंडिया .कॉम legalserviceindia.com/article/Extra-marital-Relations-and-its-Impact-on-children.html
10. शर्मा, मोहित, (2018, सितम्बर 27). सुप्रीम कोर्ट ने खत्म की IPC की धारा 497, व्यभिचार को अपराध मानने से इनकार, पत्रिका.काम.https://www.patrika.com/miscellenous-india/supreme-court-decision-on-adultery-will-come-today-1-3474662/
11. द वायर स्टाफ (2018, सितम्बर 27). सुप्रीम कोर्ट का फैसलारू व्यभिचार अब अपराध नहीं, महिला पति की संपत्ति नहीं. द वायर कॉम. https://www.latestlaws.com/hindi-news/
12. वैद्यनाथन, ए. (2018, सितम्बर 27). अडल्ट्री नॉट अ क्राइम सेज सुप्रीम कोर्ट के कोट्स ऑफ द जजेज, एन. डी. टी. वी. https://www.ndtv.com/india-news/adultery-is-not-a-crime-says-supreme-court-key-quotes-of-the-judges-1922973
13. जैन, मेहाल, (2018, सितम्बर 27). 'हस्बैंड इस नॉट द मास्टर ऑफ वाइफ', एस सी स्ट्राइक्स डाउन, 158 ईयर ओल्ड अडल्ट्री लॉ अंडर सेक्शन 497 IPC

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 46–51

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

परम्परा का मूल्यांकन और तुलसीदास दलित सौन्दर्यबोध के आईने में

अंकित कुमार वर्मा
शोधार्थी–भारतीय भाषा केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नईदिल्ली
E-mail : kumarankit8998@gmail.com Mob. +91 8948887969

तुलसीदास की सर्वतोमुखी प्रतिभा का वैशिष्ट्य उनका सृजनात्मक कल्पनालोक है। जिसमें राम के आदर्श से परिपूर्ण व्यवस्था को व्यापक और सर्वग्राही बताया गया है। तुलसी के भावबोध में भले ही 'रामराज्य' त्रितापों रहित व्यवस्था का घोतक हो, लेकिन शूद्र व अन्त्यज के लिए यह व्यवस्था नियम एवं कानून से आबद्ध धार्मिक पाठ के अलावा कुछ नहीं है। आदर्श व्यवस्था के प्रतिमान अवर्ण एवं सवर्ण दोनों के लिए एक से नहीं हो सकते। यदि ऐसा होता तो समाज में क्रांति एवं प्रतिक्रांति के मूल्यांकन की अर्थवत्ता ही नहीं रहती। हिंदी दलित आलोचना का उन्मेश उसके सौन्दर्यबोध तथा समतामूलक समाज की प्रबल चेष्टा से हुआ है। इसका पूर्ण परिपाक समता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व की भावना में निहित है। इसलिए तथाकथित मुख्यधारा हिंदी आलोचना का जो प्रतिरूप उसके आदर्श के व्यापकत्व एवं सर्वग्राही होने में है, उसका पूर्णतः निषेध दलित आलोचना करती है। दलित आलोचना यथार्थोन्मुख मानवतावादी संस्कृति की पूर्ण पराकाष्ठा है। इसलिए दलित आलोचना का उद्देश्य हिंदूवादी व्यवस्था से मुक्ति, उसके आदर्शों से मुक्ति के विधान में है।

तुलसी का कल्पनात्मक लोक 'रामराज्य' 'दैहिक', 'दैविक', 'भौतिक' तापों से रहित व्यवस्था है। इस व्यवस्था में सभी मनुष्य परस्पर प्रेम करके अपनी–अपनी रीति से चलते हैं। यह रीति वर्णव्यवस्था से परिचालित समाजिक व्यवस्था है।

"दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।"[1]

कहना न होगा इस व्यवस्था में, तुलसी ने 'टर्म एंड कंडीशन' भी लगा दी है। यदि इस व्यवस्था में सभी वर्णव्यवस्था के अनुरूप चलेंगे तभी त्रिताप नहीं व्यापेंगे। अन्यथा वे व्यापेंगे ही।

तुलसी का सम्पूर्ण चिंतन सनातनी व्यवस्था के प्रति मोहग्रस्त है। वे कलिकाल से निवेदन करते हैं कि समाज व्यवस्था विछिन्न हुयी जा रही है, कोई अपने धर्म के अनुसार नहीं चल रहा

है। वे 'रामराज्य' के लिए जर्जर हो चुकी वर्णव्यवस्था को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। उनके 'रामराज्य' में उच्च आसन पर ब्राह्मण ही बैठा हुआ है। जिनके राम भी विप्रों के चरण पूजते हैं।

"सकल द्विजन्ह मिलि नायउ माथा।
धर्म धुरंधर रघुकुलनाथा।।" [2]

तुलसी का रामराज्य सामंती व्यवस्था का प्रतिफलन है। जिस अमानवीय व्यवस्था ने दलितों को प्रताड़ित एवं उत्पीड़ित करके कहीं का न छोड़ा। वे उसी व्यवस्था की हिमाकत कर रहे हैं।

तुलसी के रामराज्य में अराजकता है। इसमें न्यायिक व्यवस्था नहीं है। सामर्थ्यवान पुरुष का इस व्यवस्था में कोई दोष ही नहीं होता है। इसमें तथाकथित भगवान भी बलात्कार करते हैं। वह भी उससे जो पतिव्रत धारण करती है।–

"छल करि टारेउ तासु ब्रत प्रभु सुर कारज कीन्ह।" [3]

किसी भी सभ्य समाज के लिए यह ग्राह्य नहीं होगा कि दुश्मन से बदला लेने के लिए उसकी पत्नी के साथ संसर्ग किया जाए। यह अराजकता है, इसमें गरीब–दलित को न्याय मिल ही नहीं सकता। जो समर्थ है उसी के पास सत्ता होगी। तब यह कैसे यकीन किया जा सकता है कि "तुलसी के राम दीनबन्धु हैं।"[4] यह साहित्य में सच को झुठलाना ही हुआ। सत्य कुछ और है हिन्दी आलोचना कुछ और कहकर बरगला रही है। 'रामराज्य' में दहेज का निषेध नहीं है। तुलसी ने इसका भाव विभोर होकर वर्णन किया है।

"कनक बसन मन भरि भरि जाना। महिषीं धेनु बस्तु बिधि नाना।।"[5]

किसको नहीं पता है कि दहेज के नाम पर घरेलू हिंसा में नव वधुओं के साथ क्या–क्या उत्पीड़न नहीं होता है। दहेज के नाम पर उन्हें पीड़ा एवं अवमानना इस कदर मिलती है। कि उन्हें अपने प्राणों की भी आहुति देनी पड़ती हैं। यह किसी भी समाज की सबसे बड़ी रूढ़ि है। यह रामराज्य के लिए भले ही सार्थक एवं प्रासंगिक हो लेकिन किसी भी सभ्य समाज के लिए सबसे कटुतम एवं दारुण व्यवस्था है।

तुलसी के 'रामराज्य' में 'प्रेम' से भी उत्कर्ष 'धर्म' का बताया गया है। बालि कहता है कि राम आप धर्म हेतु अवतरित हुए हैं और मुझे शिकारी की भांति मारा है। ऐसा कौन सा मैंने बैर कर दिया था जिससे कि मैं बैरी और सुग्रीव आपको प्यारा हो गया।–

"धर्म हेतु अवतरेहु गोसाईं। मारेहु मोहि ब्याध की नाईं।।
मैं बैरी सुग्रीव पिआरा। अवगुन कवन नाथ मोहि मारा।।" [6]

क्या 'रामराज्य' की न्यायिक व्यवस्था में दोषी को दोष से अवगत कराने से पहले उसको मृत्युदंड दिया जाएगा? यदि मृत्युदंड देना जरुरी है तो उसमें भी नियम एवं कायदे–कानून तो होना ही चाहिए। दृष्टिपात करने पर प्रतीत होता है कि बालि की हत्या राम द्वारा की गयी सुनियोजित एवं योजनाबद्ध हत्या है। यह हत्या बालि की न होकर उतनी ही न्यायिक व्यवस्था की भी हत्या है। जिसमें दोषी को सजा का कोई प्रावधान नहीं है। फिर रामविलास शर्मा भले ही कहते रहें।–

"लेकिन तुलसी की भक्ति मानव–वाद में डूबी हुयी है। यह कवि मनुष्य का सबसे बड़ा उपासक है।"[7] लेकिन एक दलित को तो पता ही है कि भक्ति में कवि या ईश्वर के सम्मुख बराबरी से होने वाला कुछ नहीं है। बल्कि सामाजिक स्तर पर बराबरी की मांग करनी होगी। दलित ये भी जानते हैं कि हिन्दू व्यवस्था के आग्रही संतो ने "उन्होंने यह सीख नहीं दी कि सभी मनुष्य बराबर हैं। उनकी यह सीख थी कि ईश्वर की नजर में सभी बराबर हैं।"[8]

यथार्थ यह है कि भक्ति का उद्देश्य सामाजिक समरसता से जुड़ा हुआ है। जबकि दलित या शूद्र का उद्देश्य राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर समतावादी संस्कृति का आह्वान है। तब ऐसे में सवाल उठता है कि जब शूद्र सामाजिक स्तर पर बराबरी की मांग करेंगे तब तुलसी क्या बराबरी देना चाहेंगे? तब तो उन्हें यह चिंता सताने लगेगी।–

"सूद्र करहिं जप तप ब्रत नाना।
बैठि बरासन कहहिं पुराना।।"[9]

इसलिए रामविलास शर्मा का यह कहना कितना सार्थक है कि यह कवि मनुष्य का सबसे बड़ा उपासक है। यह वे ही जानें। शूद्र तो आज इस व्यवस्था का त्याग ही करना चाहते हैं। जिस ब्राह्मणवादी व्यवस्था में राम भी ब्राह्मणों के चरण स्पर्श से अछूते नहीं रहे हैं। उस सामन्ती व्यवस्था में शूद्र क्योंकर सम्मिलित होंगे?

यह जानना ही होगा कि तुलसी का 'रामचरितमानस' वर्णव्यवस्था की रक्षा के लिए तरह–तरह के यत्न करके उसकी हिमाकत करता है। उनके काव्य में राम कहीं भी अस्पृश्यता के आकांक्षी नहीं हैं। वे पिछड़े वर्ग के निषाद को गले लगाते हैं। तथा शबरी के भी जूठे बेर खाते हैं। अर्थात् सामाजिक समरसता के आग्रही होने का परिचय देते हैं। लेकिन जब बात सामाजिक समानता की आती है, तब यही राम कहने लगते हैं।–

"जाहु भवन मम सुमिरन करेहू।
मन क्रम बचन धर्म अनुसरेहू।।"[10]

राम का यह कथन निषाद से है। इससे यह बात निकलकर आती है कि जब तक निषाद वर्ण व्यवस्था का अनुसरण करता रहेगा तब तक राम गले लगाते रहेंगे। लेकिन जैसे ही कोई शूद्र वर्ण व्यवस्था के प्रति आक्रोश करेगा तब? तब भले ही तुलसी ने न लिखा हो, तब वे शूद्र का गला शम्बूक की भांति काट देंगे। यह भी 'रामराज्य' का उतना ही सच है। तुलसी ने आगे व्यंजित किया है कि पुण्य इस जगत में कोई दूसरा नहीं है, ब्राह्मण के मन, कर्म तथा वचन से पद पूजने के अलावा।–

"पुन्य एक जग महुँ नहिं दूजा।
मन क्रम बचन बिप्र पद पूजा।।"[11]

अन्यत्र तुलसी के राम कहते हैं।–

"पूजिअ बिप्र सील गुन हीना।
सूद्र न गुन गन ग्यान प्रबीना।।"[12]

तुलसी तथा उनके राम के अलावा ब्राह्मणों की भी यह उतनी ही चिंता है कि शूद्र यदि

व्यवस्था बाह्य हो जायेंगे तो ब्राह्मणों के पैर पूजने वाला कौन रह जायेगा। इसलिए न ही तुलसी और न ही उनके राम कहीं भी अस्पृश्यता की वकालत करते हैं। बल्कि वे इससे इतर वर्णव्यवस्था के अनुपालन की वकालत करते नजर आते हैं। आज रामराज्य की आग्रही भारतीय जनता पार्टी भी तो यही चाहती है कि सभी हिन्दू बने रहें। यदि कोई व्यवस्था में रहेगा नहीं तो वर्णव्यवस्था की रक्षा कैसे होगी ? तुलसी की यही मूल चिंता है। इसलिए कहीं–कहीं वे उदारवादी सनातनी की भांति हमारे सम्मुख आते हैं।

इसलिए जो लोग निषाद एवं शबरी प्रसंग के आधार पर तुलसी में सामंत विरोधी मूल्य ढूंढ़ते हैं, वे दलित साहित्य की चेतना को बरगला कर भ्रमित करने के अलावा कुछ और नहीं कर रहे हैं। जो तुलसी के काव्य में प्रगतिशीलता एवं सामंत विरोधी मूल्य खोजते हैं वे तुलसी की वे ही पंक्तियाँ रेखांकित करते हैं। जो रामकथा के प्रवाह में मध्य की कुछ नैतिक जान पड़ती हैं। या यूँ कहें जिनसे उनकी स्थापना तार्किक एवं पुष्ट होती है। जैसे 'परंपरा का मूल्यांकन' में कुछ पंक्तियाँ उद्धृत है।–

"परहित सरिस धर्म नहिं भाई।
परपीड़ा सम नहिं अधमाई।।"[13]

ये चुन–चुन कर वही पंक्ति रेखांकित करते हैं जो नैतिक एवं सदाचारी है। तुलसी का सम्यक विवेचन करेंगे तब इन्हें मानना ही पड़ जायेगा कि तुलसी वर्णव्यवस्था के समर्थक होने के कारण अंततोगत्वा ब्राह्मण के ही चरण पुजवा रहे हैं। इसलिए वे वर्णव्यवस्था के समर्थन वाली पंक्तियों को ही प्रक्षिप्त बता रहे हैं। जिसका आगे विवेचन किया जायेगा। उपरोक्त दी हुई चौपाई का यहाँ दिग्दर्शन अपेक्षित है।–

"पर हित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।।
निर्नय सकल पुरान बेद कर। कहेउँ तात जानहिं कोबिद नर।।"[14]

देखिये पूरी चौपाई की जगह इन्होंने वही पंक्तियों का रेखांकन किया जिनसे इनका मत पुष्ट होता है।

जहाँ पूरे वेद शास्त्र का बखेड़ा खड़ा किया जा रहा है। उसे ये हिंदी के आलोचक नहीं रेखांकित करना चाह रहे हैं। वे सिर्फ 'सलेक्टिव' पंक्तियों के माध्यम से पूरी तन्मयता के साथ तुलसी को प्रगतिशील घोषित करने में लगे हैं। किताब में अन्यत्र 'रिडल' खड़ी की गयी है।–

"एक नारिब्रतरत सब झारी।
ते मन बच क्रम पतिहितकारी।।"[15]

प्रस्तुत पंक्ति की रामविलास शर्मा आत्ममुग्ध होकर व्याख्या कर रहे हैं। "इस तरह पुरुष के विशेषाधिकारों को न मानकर तुलसीदास ने दोनों को सामान रूप से एक ही व्रत पालने का आदेश दिया था।"[16] बताइए ये हिंदी की मार्क्सवादी आलोचना है! 'पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं' तथा एक उपरोक्त दी हुई कुछ पंक्तियों के माध्यम से तुलसी को नारी का शुभचिंतक घोषित किया जा रहा है। जिसके बदले तुलसी की अन्य नारी विषयक कथनों की पूर्ण रूप से तिलांजलि दी जा रही है। ठीक है, लेकिन उपर्युक्त दी हुई चौपाई को तो वे पूर्ण लिख सकते थे। जिसे

उन्होंने नहीं लिखा। रामचरितमानस में यह चौपाई कुछ इस अनुसार है।–

"सब उदार सब पर उपकारी। बिप्र चरन सेवक नर नारी।।
एक नारि ब्रत रत सब झारी। ते मन बच क्रम पति हितकारी।।"[17]

कैसे ये हिंदी के आलोचक धता पढ़ा रहे हैं। यहाँ स्पष्ट देखा जा सकता है। ये हिंदी के मार्क्सवादी आलोचक उन्हीं पंक्तियों को रेखांकित कर रहे हैं, जो इनके काम की हैं। पूरी चौपाई के उद्धरण देते तो इन्हें स्वीकार ही करना पड़ जाता (जो कि स्वीकार नहीं हैं) कि 'रामराज्य' में पतिपरायण स्त्रियाँ इसलिए थीं क्योंकि 'रामराज्य' में सभी स्त्री एवं पुरुष ब्राह्मणों के पैर पूजते थे। यहाँ विदित है कि अपनी स्थापनाओं की तार्किकता के लिए सच का गला घोंटा जा रहा है। ये तुलसी की एक ही चौपाई के वे ही चरण रेखांकित कर रहे हैं जो सामंत विरोधा भासि होते हैं। जब कोई इनसे सवाल खड़ा करे तब ये कहते हैं।– "भारत की बहुसंख्यक किसान–जनता की वेदना, सुखी जीवन के लिए उसकी अदम्य आकांक्षा, सामाजिक परिवर्तन के लिए संघर्ष करने के लिए उसकी क्षमता भारतीय साहित्य में, सर्वाधिक तुलसीदास में अभिव्यक्त हुई। उनके सामाजिक विचारों को जानने के लिए रामचरितमानस के साथ कवितावली, गीतावली और विनय पत्रिका को मिलाकर पढना चाहिए। इससे पता चलेगा कि रामचरितमानस में प्रक्षिप्त अंश कौन से हैं।"[18] 'रामचरितमानस' में प्रक्षिप्त विद्यमान हैं। ये जाहिर तौर पर वर्णव्यस्था के समर्थन वाली पंक्तियों को प्रक्षिप्त करार देंगे। ये 'रामचरितमानस' के साथ–साथ 'गीतावली', 'कवितावली' और 'विनयपत्रिका' पढ़ने की सलाह दे रहे हैं। इनसे पूछा जा सकता है फिर 'विनयपत्रिका' में ये कैसी पंक्तियाँ हैं ? जहाँ भी तुलसी की मूल चिंता वर्णधर्म के विघटन की बनी हुई है।–

"आश्रम–बरन–धरम–बिरहित जग, लोक–बेद–मरजाद गई है।"[19]

यहाँ विनयपत्रिका में भी देखा जा सकता है, तुलसी राम के प्रति अनुनय–विनय करके कलियुग के 'कलि कौतुक तात न जात कही' कहकर 'नानापुराणनिगमागम' व्यवस्था को छिन्न–भिन्न होने का दुखड़ा रो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उत्तरोत्तर रचनाओं में उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। सच यह है कि उन्होंने कुछ सीखकर भी नहीं सीखा है। वे कलियुग के तोष गरीबी, भूख और दरिद्रता का कारण वर्णव्यवस्था में आये विघटन को समझ रहे हैं। यहाँ ऐसे में तुलसी की उत्तरकालीन रचना कवितावली से उद्धरण देना यथोचित होगा।–

"बर्न–बिभाग न आश्रमधर्म, दुनी दुख–दोष–दरिद्र–दली है।"[20]

यहाँ कवितावली में भी देखा जा सकता है कि तुलसी की मूल चिंता कलियुग में वर्णधर्म के लोप की ही बनी हुई है। लेकिन ये हिंदी के आलोचक 'रामचरितमानस' के साथ पढने की सलाह दे रहे हैं। इसलिए निष्कर्ष रूप में कहें तो दलित साहित्य के भावबोध एवं सौंदर्यबोध में श्रेणीबद्ध विचारधारा का उन्मूलन है, इसलिए 'रामराज्य' या ऐसी व्यवस्था के पारंपरिक सौंदर्यशास्त्र को दलित साहित्य नकारता है। अस्तु।

❐

सन्दर्भ –

1. *टीकाकार हनुमानप्रसाद पोद्दारः श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस गोरखपुर, गोबिन्दभवन कार्यालय कोलकाता का संस्थान, संस्करण एक सौ छब्बीसवां, सं 2077 पृ. 854*
2. *पूर्वोक्त पृ. 854*
3. *पूर्वोक्त पृ. 111*
4. *रामविलास शर्माः परम्परा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 66*
5. *टीकाकार हनुमानप्रसाद पोद्दारः श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस गोरखपुर,गोबिन्दभवन कार्यालय कोलकाता का संस्थान, संस्करण एक सौ छब्बीसवां, सं 2077 पृ.284*
6. *पूर्वोक्त पृ. 635*
7. *रामविलास शर्माः परम्परा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 84*
8. *डॉ भीमराव अम्बेडकरः जाति का विनाश, अनु. राजकिशोर, फारवर्ड प्रेस, गणेश नगर, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 139*
9. *टीकाकार हनुमानप्रसाद पोद्दारः श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस गोरखपुर, गोबिन्दभवन कार्यालय कोलकाता का संस्थान, संस्करण एक सौ छब्बीसवां, सं 2077 पृ. 923*
10. *पूर्वोक्त पृ. 853*
11. *पूर्वोक्त पृ. 874*
12. *पूर्वोक्त पृ. 610*
13. *रामविलास शर्माः परंपरा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 70*
14. *टीकाकार हनुमानप्रसाद पोद्दारः श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस गोरखपुर,गोबिन्दभवन कार्यालय कोलकाता का संस्थान, संस्करण एक सौ छब्बीसवां, सं 2077 पृ. 871*
15. *रामविलास शर्माः परम्परा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 81*
16. *पूर्वोक्त, पृ. 81*
17. *टीकाकार हनुमानप्रसाद पोद्दारः श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस गोरखपुर,गोबिन्दभवन कार्यालय कोलकाता का संस्थान, संस्करण एक सौ छब्बीसवां, सं 2077, पृ. 855*
18. *रामविलास शर्माः परम्परा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 22*
19. *टीकाकार हनुमानप्रसाद पोद्दारः श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस गोरखपुर,गोबिन्दभवन कार्यालय कोलकाता का संस्थान, संस्करण एक सौ छब्बीसवां, सं 2077, पृ. 855*
20. *रामविलास शर्माः परम्परा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, संस्करण 2018, पृ. 22*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 52–63

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

उत्तराखण्ड में महिला सशक्तिकरण की चुनौतियाँ तथा सम्भावनाऐं

डॉ. रवि जोशी

संविदा शिक्षक, राजनीति शास्त्र, स्व.डॉ.आर.एस. टोलिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुनस्यारी, जनपद–पिथौरागढ़, (उत्तराखण्ड)

E-mail : joshiravialm@gmail.com Mob. 7302204313

सारांश

भारतीय संविधान में महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करने तथा उनके सशक्तीकरण को बढ़ावा देने हेतु अनेक उपबन्ध किये गये हैं। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में महिलाओं का सशक्तीकरण किसी देश को समग्रता में समझने और विकास के प्रतिमानों को पहचानने का एक माध्यम भी है। किसी भी समाज में महिलाओं का सशक्तीकरण समाज में उनकी स्थिति का द्योतक होता है। महिला सशक्तीकरण को किसी समाज में महिलाओं की सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षमता के रूप में भी अभिव्यक्त किया जाता है। यह एक ऐसे परिवेश का सृजन भी है जहाँ महिलाऐं अपनी उन्नति तथा परिस्थिति के बारे में स्वतंत्रतापूर्वक निर्णय कर सकें। महिला सशक्तीकरण से तात्पर्य किसी भी महिला के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ–साथ सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक उत्थान से है। प्रस्तुत शोध पत्र में उत्तराखण्ड में महिलाओं की वर्तमान स्थिति, उनके समक्ष चुनौतियों तथा संभावनाओं का विश्लेषण किया गया है।

किसी भी देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक प्रगति को जानने के लिये वहां की महिलाओं की स्थिति एवं स्तर का आंकलन करना अति आवश्यक है। समाज में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़े बिना किसी भी समाज, राज्य एवं देश के आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक विकास की कल्पना भी नही की जा सकती है। भारतवर्ष में महिलाओं का सशक्तीकरण स्वाधीनता के बाद से ही सरकारों की चिंता का एक प्रमुख विषय रहा हैं।

भारतवर्ष में महिलाओं की स्थिति तथा उनकी बेहतरी को दृष्टिगत रखते हुऐ संविधान के अनेक अनुच्छेदों में उपबन्ध किये गये हैं। अनुच्छेद 14 के अनुसार ''राज्य भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नही करेगा।''

अनुच्छेद 15 (1) के अनुसार –''राज्य किसी नागरिक के विरूद्ध केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई विभेद नहीं करेगा।''

अनु. 15 (3) के अनुसार– ''इस अनुच्छेद की कोई बात राज्य को स्त्रियों और बालकों के लिए कोई विशेष उपबन्ध करने से निवारित नहीं करेगी।''

अनु. 16 के अनुसार–''राज्य के अधीन किसी पद पर नियोजन या नियुक्ति से संबन्धित विषयों में सभी नागरिकों के लिए अवसर की समता होगी।''

नीति निदेशक तत्वों में भी महिलाओं की समानता और विकास को सुनिश्चित करने हेतु कई उपबन्ध किये गये हैं– अनु. 39 (क) के अनुसार– ''पुरूष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो।''

अनु. 39 (घ) के अनुसार–'' पुरूषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो।''

अनु. 39(ड.) के अनुसार–'' पुरूष और स्त्री कर्मकारों के स्वास्थ्य और शक्ति का तथा बालकों की सुकुमार अवस्था का दुरूपयोग न हो और आर्थिक आवश्यकता से विवश होकर नागरिकों को ऐसे रोजगारों में न जाना पड़े जो उनकी आयु या शक्ति के अनुकूल न हों।''

अनु. 42 के अनुसार–'' राज्य काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने के लिए और प्रसूति सहायता के लिए उपबन्ध करेगा।''

संविधान के भाग 4 क में उपबन्धित मूल कर्त्तव्यों में भी महिलाओं के हित में तथा उनके सम्मान को बढ़ाने हेतु प्रावधानित किया गया है– अनु. 51 क (ड.) के अनुसार– ''भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है।''[1]

इस प्रकार भारतीय संविधान में भी महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करने तथा उनके सशक्तीकरण को बढ़ावा देने हेतु अनेक उपबन्ध किये गये हैं। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य में महिलाओं का सशक्तीकरण किसी देश को समग्रता में समझने और विकास के प्रतिमानों को पहचानने का एक माध्यम भी है। किसी भी समाज में महिलाओं का सशक्तीकरण समाज में उनकी स्थिति का द्योतक होता है। महिला सशक्तीकरण को किसी समाज में महिलाओं की सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षमता के रूप में भी अभिव्यक्त किया जाता है। यह एक ऐसे परिवेश का सृजन भी है जहाँ महिलाऐं अपनी उन्नति तथा परिस्थिति के बारे में स्वतंत्रतापूर्वक निर्णय कर सकें। महिला सशक्तीकरण से तात्पर्य किसी भी महिला के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास में वृद्धि के साथ–साथ सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक उत्थान से है।

''व्यापक अर्थों में सशक्तीकरण से तात्पर्य भौतिक संपदा, बौद्धिक साधनों व विचारधारा पर स्त्रियों का भी नियंत्रण होने से है। भौतिक साधनों में भूमि, जल ,जंगल, शारीरिक श्रम, संपत्ति व संपत्ति के स्रोतों पर नियंत्रण को सम्मिलित किया जा सकता है जबकि बौद्धिक स्रोतों

में ज्ञान, सूचना तथा विचारों पर नियंत्रण के अंतर्गत विशिष्ट प्रकार के विश्वास, मूल्य, अभिवृत्तियाँ तथा व्यवहार को उत्पन्न करने, प्रचलित करने, उनका पोषण कर उन्हें संस्थागत स्वरूप प्रदान करने की क्षमता को सम्मिलित किया जा सकता है जो यह निश्चित करेगा कि किसी विशिष्ट सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक परिदृश्य में लोग स्त्रियों को किस प्रकार से देखते हैं।''[2]

उत्तराखण्ड में महिला सशक्तीकरण के बढ़ते आयाम

वर्ष 2000 में पृथक राज्य गठन के बाद यहाँ की महिलाओं को सशक्त बनाने का मुद्दा लगातार प्रमुखता से उठता रहा है। राजनीतिक दलों, स्वयंसेवी संगठनों, बुद्धिजीवियों एंव सामाजिक कार्यकर्ताओं की लगातार मांग रही है कि इसके लिए ठोस कार्यक्रम बनाकर महिलाओं के विकास की ओर समुचित ध्यान दिया जाय क्योंकि महिलाऐं उत्तराखण्ड के जन जीवन का आधारस्तम्भ हैं।

शिक्षा का बढ़ता प्रसार– राज्य गठन के बाद महिला शिक्षा में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार महिला साक्षरता की दर 59.6 प्रतिशत थी वहीं वर्ष 2011 में यह बढ़कर 70.70 प्रतिशत हो गई है। राज्य में महिलाओं द्वारा ग्रहण की जाने वाली परम्परागत शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा एंव व्यावसायिक शिक्षा में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यद्यपि इस दिशा में अभी भी काफी कुछ किया जाना बाकी है।

महिला रोजगार में बढ़ोत्तरी– राज्य गठन के बाद सरकारी विभगों एंव अन्य संस्थानों में महिला रोजगार के आँकड़ों में वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाऐं लागू होने का एक सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि इसके माध्यम से यहाँ की महिलाओं की दैनिक मजदूरी रोजगार में प्रतिभागिता बढ़ गयी है। यह योजना लागू होने से पूर्व यहाँ की महिलाओं की मजदूरी रोजगार में प्रतिभागिता बेहद कम थी।

मनरेगा में महिलाओं की प्रतिभागिता

स.क्रं.	जनपद	वर्ष 2006–07		वर्ष 2007–08		वर्ष 2008–09	
		प्राप्त रोजगार मानव दिवस (लाख में)	कुल सृजित रोजगार में से प्रतिशत	प्राप्त रोजगार मानव दिवस (लाख में)	कुल सृजित रोजगार से प्रतिशत	प्राप्त रोजगार मानव दिवस (लाख में)	कुल सृजित रोजगार से प्रतिशत
1.	टिहरी गढ़वाल	5.93	32.4	21.7	52.28	18.46	62.11
2	चमोली	5.73	31.19	9.5	39.4	8.16	43.63
3.	चम्पावत	0.71	18.06	1.9	31.2	1.12	23.18
4.	उधमसिंह नगर			1	16.7	1.71	23.71
5.	हरिद्वार			0.3	8.3	0.54	8.09
6.	पौढी गढवाल					2.75	38.73
7.	अल्मोड़ा					1.53	26.51
8.	रूद्रप्रयाग					0.24	22.01
9.	पिथौरागढ़					1.39	21.31
10.	देहरादून					1.45	20.6
11.	बागेश्वर					0.59	17.25
12.	उत्तरकाशी					0.31	8.70
13.	नैनीताल					0.22	8.39
कुल	उत्तराखण्ड	12.37	30.46	34.36	42.76	38.46	36.46

स.क्रं.	जनपद	वर्ष 2014–15		वर्ष 2021–22	
		प्राप्त रोजगार मानव दिवस (लाख में)	कुल सृजित रोजगार में से प्रतिशत	प्राप्त रोजगार मानव दिवस (लाख में)	कुल सृजित रोजगार से प्रतिशत
1.	टिहरी गढ़वाल	15.59	69.81	23.60	71.19
2	चमोली	13.36	57.85	15.40	63.32
3.	चम्पावत	1.82	35.60	5.77	45.70
4.	उधमसिंह नगर	2.37	37.22	6.47	47.47
5.	हरिद्वार	0.97	15.94	4.65	40.97
6.	पौढी गढवाल	12.07	64.33	16.12	66.14
7.	अल्मोड़ा	4.37	50.03	9.35	55.19
8.	रूद्रप्रयाग	5.66	51.99	8.55	61.92
9.	पिथौरागढ	5.62	42.57	10.00	49.33
10.	देहरादून	1.29	21.88	6.35	35.81
11.	बागेश्वर	2.18	43.23	5.10	54.09
12.	उत्तरकाशी	8.08	45.80	17.80	52.71
13.	नैनीताल	1.24	27.48	5.23	44.72
कुल	उत्तराखण्ड	74.62	50.58	134.44	55.28

स्रोत– नरेगा एलर्ट एण्ड एनालिसिस 2006–07 से 2008–09 एवं नरेगा इम्पलीमेंटेशन स्टेट्स रिपोर्ट 2006–07 से 2021–22 एवं www.nrega.nic.in

उत्तराखण्ड में महिलाओं को मनरेगा के अन्तर्गत वर्ष 2006–07 से 2021–22 तक प्राप्त हुऐ दैनिक मजदूरी रोजगार के आँकड़ों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि इस योजना के अन्तर्गत राज्य में महिलाओं को प्राप्त हो रहे रोजगार में लगातार वृद्धि हुई है। उत्तराखण्ड के पूर्णतः पर्वतीय जिलों जहाँ कि पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक है तथा पुरूषों के लगातार पलायन के चलते कृषि, पशुपालन तथा अन्य सामाजिक कार्यों का अधिकांश भार महिलाओं के ही जिम्मे है। ऐसे में मनरेगा में महिलाओं की सक्रिय और व्यापक भागीदारी की उम्मीद पूर्व में ही की गई थी। यद्यपि आज भी महिलाओं की बहुत बड़ी आबादी मनरेगा के समुचित लाभों से वंचित है तथापि इस योजना के अन्तर्गत महिला रोजगार में वृद्धि महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तरह राज्य के कई जिलों में चलाई जा रही आजीविका परियोजना, उत्तराखण्ड महिला समेकित विकास योजना, महिला समाख्या, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वशक्ति एंव स्वंयसिद्धा तथा स्वयं सहायता समूहों के निर्माण के माध्यम से भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एंव सशक्तीकरण की प्रक्रिया को बल मिला है।

शराब के विरूद्ध आन्दोलन एंव अन्य सामाजिक आन्दोलनों तथा पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की प्रभावी भूमिका

उत्तराखण्ड में रहने वाले पुरूषों में व्यापक तौर पर पाई जाने वाली मद्यपान की प्रवृत्ति राज्य की एक प्रमुख सामाजिक समस्या है। राज्य के युवाओं में लगातार बढ़ती इस प्रवृत्ति ने उन्हें भीतर से तो खोखला किया ही है, साथ ही पारिवारिक तनावों तथा विखण्डन को भी तीव्र

किया है जिसका सर्वाधिक नुकसान महिलाओं को उठाना पड़ा है। मद्यपान की बढ़ती प्रवृति के कारण पारिवारिक झगड़ों, सामाजिक तनावों तथा महिला हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है तथा महिलाओं का जीवन और भी अधिक कष्टप्रद होता गया है।

समाज में लगातार बढ़ रही मद्यपान की प्रवृत्ति के विरूद्ध महिलाओं ने समय–समय पर अपनी आवाज बुलन्द की है तथा कई जगहों पर इस प्रवृत्ति के विरूद्ध लगातार धरना–प्रदर्शन, शराब की दुकानों को बन्द करवाना तथा शराबियों के सामाजिक बहिष्कार इत्यादि कदम उठाये हैं। जो यथास्थितिवाद के विरूद्ध महिलाओं के संघर्ष की बढ़ती प्रवृत्ति को प्रदर्शित करता है, साथ ही महिलाओं की लगातार उन्नत होती सामाजिक एंव राजनैतिक चेतना का परिचायक भी है। यद्यपि महिलाऐं राज्य से शराब को पूरी तरह हटाने के अभियान में सफल नहीं हो पाई हैं, तथापि कई जगहों पर शराब विरोधी आन्दोलनों में सशक्त भागीदारी कर उन्होंने अपनी उन्नत चेतना को प्रदर्शित किया है।

इसी तरह पेयजल की समस्या, जंगली जानवरों एंव आवारा जानवरों से खेती–किसानी को हो रहे नुकसान, विद्यालय में शिक्षकों की कमी आदि अनेक सामाजिक समस्याओं के विरूद्ध आन्दोलनों में महिलाओं ने प्रभावी पहल की है तथा सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। पर्यावरण सरंक्षण एंव वनों से संबन्धित हक–हकूकों के प्रसिद्ध आन्दोलन **'चिपको आन्दोलन'** ने यहाँ की महिलाओं को विश्वव्यापी पहचान दिलाई।

उत्तराखण्ड में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के ग्यारह वर्षों के कार्यान्वयन में पहली बार टिहरी गढ़वाल जनपद के थौलधार विकास खण्ड के ग्राम पंचायत **किरगणी** के 55 जॉबकार्ड धारकों को बेरोजगारी भत्ता दिया गया जिसमें से 46 महिलाऐं थी।[3] यह बेरोजगारी भत्ता सरकारों की विफलता तथा इन श्रमिकों के डेढ़ वर्ष तक चले अनवरत् संघर्ष का परिणाम था। इस तरह राज्य में महिलाओं ने बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर अपने संघर्ष को एक नई पहचान दी है।

'प्रकृति के साथ समन्वय से रहने के कारण पहाड़ी महिलाओं में एक गहरी समझ और परिपक्वता आयी और यह उनके जीवन और आन्दोलनों से साफ झलकती है, लेकिन आज की विकास परियोजनाओं ने प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर उनकी जीवन शैली को ही बदल दिया है।

पिछले कुछ दशकों में वनों के सफाये के साथ–साथ हिमालय क्षेत्र के प्राकृतिक पानी के स्रोत सूख गये है और बाँध परियोजनाओं एंव शहरीकरण की वजह से उनकी अधिकांश उपजाऊ भूमि उनसे छिन चुकी है, परंतु इस विकृत विकास के बावजूद यहाँ की महिलाऐं लोकप्रिय महिला आन्दोलनों के जरिये अपनी आवाज बुंलद करती रही हैं, सत्तर के दशक का चिपको अन्दोलन जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा, महिलाओं के विरोध का एक ज्वलंत उदाहरण है।''[4]

पंचायतों तथा शहरी निकायों में पचास फीसदी महिला प्रतिनिधित्व

राज्य गठन के बाद पंचायतों तथा शहरी निकायों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिये जाने से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महिला प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता बढ़ने से महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

उत्तराखण्ड में महिला सशक्तीकरण की चुनौतियाँ

पृथक उत्तराखण्ड राज्य गठन के पन्द्रह वर्ष पूर्ण होने को है। पृथक राज्य गठन के लिये इस क्षेत्र के पिछड़ेपन को जिम्मेदार माना गया था। राज्य निर्माण के आन्दोलन में छात्रों, युवाओं, कर्मचारियों तथा समाज के हर वर्ग की प्रतिभागिता के साथ–साथ महिलाओं की भी प्रभावी उपस्थिति थी। ऐसी उम्मीद की गई थी कि पृथक राज्य निर्माण से यहाँ रहने वाली महिलाओं का न केवल जीवन स्तर बेहतर होगा बल्कि उनका कार्यबोझ कम करते हुऐ उनका स्वास्थ्य भी बेहतर बनाने हेतु यथोचित प्रयास किये जायेंगे, परंतु राज्य का पन्द्रह वर्षो का सफर महिलाओं के सशक्तीकरण के मार्ग में अनेक चुनौतियो को रेखांकित करता है।

महिलाओ के विरुद्ध हिंसा एवं अपराधों में लगातार हो रही बढोत्तरी

पूरे देश की ही तरह उत्तराखण्ड राज्य में भी विगत पन्द्रह वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा एंव अपराधों में लगातार बढोत्तरी हुई है। शांत समझी जाने वाली पर्वतीय वादियो में भी बढते अपराधों की वजह से सामाजिक असुरक्षा तथा परिवर्तित परिवेश की वजह से महिला शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव हुआ है। उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रसार तथा महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझने की प्रवृत्ति के कारण भी महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लगातार बढोत्तरी हो रही है। गॉवों एवं शहरों का माहौल भी विगत दो दशकों में तेजी से बदला है। आज राज्य में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान की संस्कृति विकसित करना महिला सशक्तीकरण के लिए एक जबर्दस्त चुनौती है। इसके साथ ही साथ महिलाओं के विरूद्व हो रहे अपराधों एवं हिंसा को समाप्त करके ही सही अर्थों में महिला सशक्तीकरण का सपना साकार किया जा सकता है क्योंकि भयमुक्त वातावरण एवं सुरक्षित परिवेश में ही महिलाओं का समुचित विकास सम्भव है।

पर्वतीय क्षेत्रो से पुरूषों का बढ़ता पलायन

उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों से पुरुषों का पलायन लगातार बढता गया है। रोजगार की तलाश के साथ–साथ उच्च एवं व्यावसायिक तथा तकनीकी शिक्षा की तलाश इसके प्रमुख कारण रहे हैं।

जनपद चंपावत की कुछ ग्राम सभाओं में लोगो के बर्हिप्रवजन का परिदृश्य

स.क्रं.	ग्राम सभा	मार्च 2010 में कुल परिवार	विगत 10 वर्षो में पलयान करने वाले परिवार		पलायन करने वाली जनसंख्या का प्रतिशत
			परिवारों की संख्या	कुल व्यक्ति	
1.	गागर	278	110	400	39.56
2.	पिनाना	55	20	65	36.3
3.	बेड़ाओड़	120	30	110	25
4.	कायल	250	50	200	20
5.	मड़चमार	140	25	66	17.8
6.	थुवामौनी	120	20	40	16.6
7.	नरसिंहडांडा	210	30	48	14.2
8.	बोराबूंगा	40	5	10	12.5
9.	बाराकोटा	250	15	60	6
10.	पाटी	170	10	25	5.8
11.	चौडापिता	850	40	100	4.70

स्रोतः संबंधित गांवों का क्षेत्रीय अध्ययन

उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों से पुरूषों के लगातार बढ़ते पलायन का दुष्प्रभाव महिलाओं पर भी सर्वाधिक हुआ है। परिणामस्वरूप महिलाओं पर कार्यबोझ और अधिक बढ़ गया है। कृषिगत जटिलताओं तथा पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी महिलाओं को ही करना पड़ता है। पुरूषों के पलायन के कारण सामाजिक असुरक्षा बढ़ी है तथा सामाजिक सहभागिता एवं सौहार्द्र में भी कमी आई है। कई परिवारों में महिलाऐं एवं वृद्ध माता–पिता एकांगी जीवन जीने को विवश है। ''पहाड़ों के विकास के सरकारी आयाम उत्पादकता से नहीं जुड़े हैं। पहाड़ों पर सड़कों का जाल बिछाया गया, इससे पलायन और सरल हो गया और उपभोक्ता वादी संस्कृति पहाड़ों के गाँवों तक पहुँच गई। इसका नुकसान भी महिलाओं की कठिनाईयों में वृद्धि के रूप में सामने आया है।''[5]

वर्षों से लगातार जारी पलायन को रोकना सरकारों के लिये चिन्ता का एक मुख्य बिन्दु बना हुआ है। सरकारों द्वारा इसके लिये कई घोषणाऐं की गई हैं परन्तु राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी तथा ठोस व्यावहारिक योजनाओं के अभाव में पलायन को रोकना आज भी एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है, परिणामस्वरूप राज्य की महिलाओं के कष्टों में वृद्धि लगातार जारी है।

कृषि, पशुपालन एवं पारिवारिक दायित्वों का अत्यधिक कार्यबोझ महिलाओं पर

राज्य में कृषि, पशुपालन, चारे की व्यवस्था,पेयजल संग्रहण, ईंधन संग्रहण तथा खेतों में खाद पहुँचाने सहित पारिवारिक दायित्वों का अत्यधिक कार्यबोझ महिलाओं पर ही है। पारम्परिक रूप से भी महिलाओं एवं पुरूषों के कार्यों में भेदभाव रखा गया है। मार्गदर्शन के अभाव, व्यावहारिक युवा नीति के अभाव एवं समुचित शिक्षा के अभाव के कारण कई युवा मद्यपान, जुआ खेलने एवं अन्य बुरी प्रवृत्तियों की ओर प्रवृत्त होते हैं। आज भी उत्तराखण्ड में कई पुरूषों को गाँवों में, दुकानों पर या नुक्कड़ पर जुआ खेलते या अनावश्यक बहस करते सर्वत्र देखा जा सकता है जबकि महिलाऐं दिन–रात अति परिश्रमयुक्त कार्य करती रहती हैं। अत्यधिक कार्यबोझ के चलते महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है तथा महिलाऐं अपने लिये भी बिल्कुल समय नहीं निकाल पाती हैं।

पर्वतीय महिलाओं के प्रतिदिन के क्रियाकलापों का चार्ट

स.क्रं.	कार्य	समय	कार्य प्रतिशत
1.	कृषि कार्य	5 घण्टा	28 प्रतिशत
2.	पशु चारा	4 घण्टा	22 प्रतिशत
3.	घर के कार्य	4 घण्टा	25 प्रतिशत
4.	पशुपालन एवं देखरेख	2 घण्टा	11 प्रतिशत
5.	खाद की निमाण एवं खाद की ढुलाई	2 घण्टा	11 प्रतिशत
6.	ईधन लाना	1 घण्टा	6 प्रतिशत
	कुल	**18 घण्टा**	

स्रोत – क्षेत्रीय अध्ययन, संबंध संस्था, जनपद चम्पावत

अध्ययन से स्पष्ट है कि पर्वतीय क्षेत्र की महिलाओं को प्रतिदिन 16–18 घण्टे लगातार कार्यबोझ से दबे रहना होता है, जो कि राज्य में महिला सशक्तीकरण के मार्ग में एक प्रमुख चुनौती है। खेद की बात यह है कि हमारी सरकारों का भी ध्यान महिलाओं के कार्यबोझ को कम करने की ओर नहीं है। परिणामस्वरूप राज्य की महिलाओं पर कार्यबोझ लगातार बढ़ता ही जा रहा है तथा महिलाओं के कार्यबोझ को कम करने हेतु चलायी गई उत्तराखण्ड महिला समेकित विकास योजना, स्वशक्ति एवं स्वयंसिद्धा सहित अनेक योजनाऐं भी अपने उद्देश्य में समग्रता से कामयाब नहीं हो पाई है।

''सबसे बड़ा प्रहार यहाँ की जीवन निर्वाह का आधार कृषि पर हुआ है। आधुनिकीकरण ने नकद फसलों को महत्व देकर हिमालय की कृषि को हेय ठहराया है जिससे कृषक स्त्री का दर्जा और भी पीछे बड़ी तेजी से स्खलित हुआ है, नौकरी परस्त शिक्षा ने भी पर्वतीय नारी के व्यक्तित्व की वह निर्भीक, बुद्धिशाली, श्रमपूर्ण एवं परिस्थितियों से टकराने वाली साहसी छवि को कायम नहीं रखा है। नकद फसलों के प्रसार से अन्न के ऊपर जो अधिकार नारी का था, वह छिन गया है।''[6]

चिंता का एक प्रमुख विषय–महिलाओं का स्वास्थ्य

पूरे देश की ही तरह उत्तराखण्ड में भी महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना एक प्रमुख चुनौती है। महिला एंव बाल विकास विभाग के आँकड़ों के अनुसार राज्य की 45.2 प्रतिशत महिलाऐं खून की कमी से पीड़ित है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–II के अनुसार राज्य की केवल 54.3 प्रतिशत महिलाओं को ही उनकी सेहत पर निर्णय में सम्मिलित किया जाता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–II के अनुसार राज्य की केवल 36 फीसदी विवाहित महिलाऐं ही पारिवारिक मामलों में हिस्सेदारी कर पाती हैं। सितंबर 2012 में बाल विकास विभाग द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में 0–5 वर्ष के 7406 बच्चे अतिकुपोशित हैं। इसमें से अधिकांश बालिकाऐं हैं। अल्मोड़ा जनपद में लोक प्रबंध विकास संस्था द्वारा ताकुला विकास खण्ड के 12 गाँवों में कुपोषण की जाँच के दौरान संस्था ने पाया कि अति कुपोशित बच्चों में से 89 प्रतिशत बालिकाऐं हैं।[7]

इससे स्पष्ट होता है कि खाद्य सुरक्षा प्रभावित होने, जागरूकता के अभाव, सामाजिक कुरीतियों, अन्धविश्वास, दूषित पेयजल एवं गंदगी तथा बाजारवाद की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते उत्तराखण्ड में महिलाओं के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ा है। इसके लिए परिवारों में व्याप्त सामंतवादी सोच भी जिम्मेदार है। लैंगिक भेदभाव के कारण परिवारों में प्रारम्भ से ही बालिकाओं को उपेक्षित मानकर उनके स्वास्थ्य की ओर समुचित ध्यान नहीं दिया जाता है। गाँवों एंव शहरों में सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों के अभाव तथा देखभाल की कमी के कारण भी स्थितियाँ विकट हुई हैं। आज भी राज्य में अधिकांश महिलाओं को घर के बाहर जाकर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाऐं खोजने ओर पाने की इजाजत नहीं होती।

अक्सर परिवारों में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति उपेक्षित दृष्टिकोण अपनाया जाता है और जब बीमारी असाध्य हो जाती है तब अंतिम समय में ही जाकर अस्पतालों की ताकीद की जाती है। इस तरह राज्य में महिलाओं को स्वस्थ जीवन का अधिकार मिल पाना अभी भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है।

वरिष्ठ पत्रकार एंव सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पी.एस. बिष्ट मानते हैं कि ''राज्य में सरकारी स्वास्थय सेवाओं का बुरा हाल है। ग्रामीण क्षेत्रों की तो बात ही छोड़ दें, शहरों के सरकारी अस्पतालों में भी पर्याप्त डाक्टर नहीं है। राज्य के मेडिकल कालेजों में सरकारी खर्चे पर मेडिकल की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को प्रदेश के दूरस्थ स्वास्थ्य केन्द्रो पर भेजने की सरकार की सारी कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं। सरकारों की अदूरदर्शिता एंव स्वास्थ्य क्षेत्र में पर्याप्त निवेश न किये जाने के कारण प्रदेश में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।''[8]

लिंग विभेद एंव घटना लिंगानुात

पुत्रवती भव! जैसे आशीर्वादों वाले हमारे देश में महिलाओं के प्रति प्रारम्भ से ही विभेद सर्वत्र प्रचलित है। उनकी शिक्षा एंव पोषण पर समुचित ध्यान नहीं दिया है। परिवारों में लिये जाने वाले निर्णयों में भी महिलाओं की राय को महत्व नहीं दिया जाता है। लड़कियों की अपेक्षा लड़कों को श्रेष्ठ समझने तथा लड़कों के पोषण एंव सुख–सुविधाओं का विशेष ख्याल रखने की मनोवृत्ति के चलते हमारे परिवारों में महिलाओं को दोयम दर्जे का ही नागरिक समझा जाता है। विभेदकारी लैंगिक मनोवृत्ति के कारण महिलाओं का स्वभाविक विकास भी प्रभावित होता है। राज्य गठन के पन्द्रह वर्षों बाद भी उत्तराखण्डी समाज की इस मनोवृत्ति में कोई विशेष अन्तर नहीं आया है।

वर्ष 2001 तथा 2011 की जनसंख्या के आँकड़े राज्य में घटते लिंगानुपात की पुष्टि करते हैं। यद्यपि राज्य के आठ पर्वतीय जिलों में पुरूषों से अधिक महिलाऐं हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में लिंगानुपात 963 है। 0–6 वर्ष के बच्चों का लिंगानुपात केवल 886 है। जोकि बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 0–6 वर्ष के बच्चों का लिंगानुपात 908 था। पूर्व गर्भाधान एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम के लागू होने के बावजूद राज्य में लगातार घटना लिंगानुपात कन्या भ्रूण हत्या की पुष्टि करता है।

इस प्रकार राज्य में प्रचलित लिंग भेद एंव घटता लिंगानुपात महिला सशक्तीकरण के मार्ग में एक प्रमुख बाधा है। लिंग विभेद को समाप्त करने हेतु किये गये सरकारी एंव गैर सरकारी प्रयास अत्यंत सीमित रहे हैं। तकनीकी विकास एंव तेजी से विकास के इस युग में भी हमारे परिवारों में ऐसी मनोवृत्ति का कायम रहना अंत्यत चिंताजनक है।

मद्यपान की बढ़ती प्रवृत्ति

हमारी सरकारें भले ही जन–जन तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न करा पाई हों, लेकिन गाँव–गाँव तक शराब पहुँचा पाने में अवश्य सफल रही हैं। पर्वतीय समाज में मद्यपान की बढ़ती प्रवृत्ति एक सामाजिक समस्या है, जिसका दुष्प्रभाव परिवारों में तनाव, मारपीट, पारिवारिक विखण्डन, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा तथा अपराधों में बढोत्तरी के रूप में प्रदर्शित होता है। राज्य में शराब बिक्री के ऑकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इसकी खपत लगातार बढ़ी है। राज्य में मद्यपान की बढती प्रवृत्ति ने महिला सशक्तीकरण की प्रक्रिया पर विपरीत प्रभाव डाला है। राज्य से मद्यपान की प्रवृत्ति को समाप्त करना महिला सशक्तीकरण के मार्ग में एक प्रमुख चुनौती है।

पंचायतों में महिला आरक्षण के बावजूद पुरुष सहयोगियों द्वारा कार्य संचालन

उत्तराखण्ड में देश के कई अन्य राज्यों की तरह पंचायतों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया है। वर्तमान में प्रदेश में हजारों महिलाऐं ग्रामीण जनप्रतिनिधि चुनी गई हैं, परन्तु विडम्बना यह है कि महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकांश दायित्वों का संचालन उनके पुरुष सहयोगियों द्वारा ही किया जाता है। जानकार मानते हैं कि शिक्षा की कमी, समुचित प्रशिक्षण न हो पाने, पारिवारिक दायित्वों के अत्यधिक कार्यबोझ तथा महिला ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को अपने अधिकारों का समुचित बोध न हो पाने के कारण ही इस प्रकार की स्थितियाँ दृष्टिगोचर होती हैं। यद्यपि कई ग्रामीण महिला जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर बेहतरीन मिसाल पेश की है परन्तु ऐसी महिलाओं की संख्या काफी कम है।

उत्तराखण्ड में महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने एवं उनके न्याय एवं समतामूलक संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिये सतत् संघर्षरत संगठन 'जनवादी महिला समिति, उत्तराखण्ड' की प्रदेश सचिव एडवोकेट सुनीता पाण्डे मानती हैं कि– "महिलाओं की राजनीतिक क्षमता निर्माण सामाजिक न्याय कार्यक्रम का हिस्सा है परन्तु सरकारों का ध्यान इस ओर नहीं है। पितृसत्तात्मक मूल्यों के प्रभाव के कारण महिलाओं के स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने में कठिनाईयाँ हैं।"[9]

आर्थिक गतिविधियों में संलग्न होने के बावजूद आर्थिक स्वायत्तता नहीं

वर्ष 2016–17 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद बढ़कर 16282409 लाख़ रुपया तथा प्रति व्यक्ति आय 160975 रुपये[10] हो जाने के बावजूद सच्चाई यह है कि राज्य की लगभग 40 फीसदी आबादी अभी भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है। ऐसा माना जाता है कि सकल घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के आँकड़े लोगों की वास्तविक स्थिति को प्रदर्शित नहीं करते हैं। राज्य में महिलायें दिन भर खेती किसानी सहित घर के कार्यों में व्यस्त रहती हैं। पूरे दिन अत्यधिक कार्यभर के कारण उनके पास अपने करियर निर्माण के बारे में सोचने का भी समय नहीं मिलता। अधिकांश महिलाओं को परिवार के आर्थिक निर्णयों में भी सम्मिलित नहीं किया जाता है। महिलाओं के कार्यों को कमतर आँकने, अनउत्पादक समझे जाने तथा उनकी स्वाभाविक जिम्मेदारियों एवं कर्तव्य के रुप में स्वीकार किये जाने की प्रवृत्ति प्रचलित है। महिलायें पारिवारिक देखभाल के साथ–साथ कृषि, पशुपालन सहित समस्त गतिविधियों में संलग्न रहती हैं, बावजूद इसके उन्हें आर्थिक स्वायत्ता नहीं मिल पाती । आधुनिक समय में भी महिलाओं की कमाई पर भी पति का ही अधिकार रहता है। इस प्रकार राज्य में महिलाओं को आर्थिक अधिकारों एवं स्वायत्तता से वंचित रखना महिला सशक्तीकरण के मार्ग में प्रमुख चुनौती है।

पितृसत्तात्मक मूल्य एवं अभिवृत्तियाँ तथा सामाजिक सोच

पितृसत्तामक समाज प्रारंभिक काल से ही महिलाओं के प्रति भेदभाव एवं अर्थव्यवस्था, समाज, राजनीति व संस्कृति के क्षेत्र में पुरुषों के वर्चस्व और नारी की अधीनता का पक्षधर रहा है। परिवारों में लड़के और लड़कियों के मध्य गैर बराबरी, दबाव, वर्जना, उत्पीड़न और भेदभाव आज भी प्रचलित है। ''पितृसत्ता उत्पीड़न की एक संक्रामक व्यवस्था है। यह एक वायरस की तरह है जो महिलाओं के शोषण की एक ऐसी पद्वति तैयार कर देता है जो अनंत काल तक चलता रहता है।''[11]

समाज में व्यापक तौर पर पाई जाने वाली महिला असमानता का प्रारम्भ पारिवारिक संरचनाओं में विद्यमान असमानताओं से ही होता है। आज भी हमारे परिवारों में बहुत सी ऐसी परम्परायें, मान्यतायें व व्यवहार विद्यमान हैं जो महिलाओं को पारिवारिक व सामाजिक संदर्भ में दुर्बल बनाते हैं तथा उनकी स्थिति को कमतर आंकते हैं। अतः वैयक्तिक मूल्यों व विचारों को परिवर्तित किये बिना महिला समानता का प्रसार संभव नहीं है। उत्तराखण्ड में भी पितृसत्तात्मक मान्यताओं के कारण समाज में गैरबराबरी और उत्पीड़न की लम्बी श्रृंखला है जिसका सर्वाधिक कुप्रभाव महिलाओं पर ही पड़ता है। पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्था व समाज में लड़के और लड़कियों के संदर्भ में प्रचलित सांस्कृतिक मूल्यों के कारण भी महिलाओं का जीवन कष्टप्रद होता गया है।

इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड में स्वच्छ पेयजल, शौचालय सुविधा तथा विद्युत सुविधा की उपलब्धता के आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि यहाँ पर अभी भी आधारभूत सुविधाओं की कमी है। इसका सर्वाधिक कुप्रभाव महिलाओं पर ही होता है। महिलाओं का काफी वक्त दूर–दूर से पेयजल लाने में लगता है। पर्याप्त जल संसाधन वाले प्रदेश में भी जन–जन तक स्वच्छ पेयजल पहुँचा पाने में सरकारों की विफलता के कारण महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया प्रभावित होती है।

प्रदेश में भौगोलिक दुरुहताओं एवं पशुओं के लिये चारे की बढ़ती समस्या ने भी महिलाओं के कष्टों में वृद्वि की है। महिलाओं को पशुओं के लिये चारा संग्रहण हेतु घर से काफी दूर–दूर जाना पड़ता है। राज्य में प्रतिवर्ष सैकड़ों महिलायें घास काटते समय चट्टानों से गिरकर असमय मौत का शिकार होती हैं। जंगली जानवरों तथा आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुँचाने से भी स्थितियाँ विकट हुई हैं तथा पलायन बढ़ा है। परम्परागत कृषि उपकरणों तथा कई स्थानों पर महिलाओं के यंत्रवत प्रयोग भी महिलाओं पर अत्यधिक कार्यबोझ हेतु उत्तरदायी हैं।

सम्भावनाऐं

राज्य के विकास की प्रक्रिया में महिलाओं का दमन करने वाली अथवा उन्हें हाशिये पर छोड़ देने वाली परम्पराओं तथा दबावों को पहचान कर उन्हें परिवर्तित करने की दिशा में उठाये गये कदमों से ही महिला सशक्तीकरण सम्भव है। इसके लिये सामाजिक मूल्यों, अभिवृत्तियों तथा सोच को परिवर्तित करने की आवश्यकता है।

गहरे सामाजिक सरोकारों के साथ राज्य में महिलाओं का संघर्ष आज भी जारी है। महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता बढ़ाने, निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने तथा संगठित एवं जागरुक करने हेतु सशक्त एवं ईमानदारीपूर्ण प्रयास आज भी अपेक्षित ही हैं। राज्य में महिला सशक्तीकरण के लिये लैंगिक भेदभाव समाप्त कर प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति अपनानी होगी। सामाजिक सोच में बदलाव तथा मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से ही ऐसा किया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिये कि भविष्य में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रक्रिया और तेजी से आगे बढ़ेगी।

❐

सन्दर्भ –

1. *भारत का संविधान, चतुर्थ संस्करण 2001, सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद, पृ. 5, 9, 10,25, 26, 27,*
2. *सेन : गीता, जरमेन : ए.डी. तथा लिंकन चेन, 1994 ''हैल्थ एम्पावरमेंट एण्ड राइट्स", क्रैम्ब्रिज, हावर्ड विश्वविद्यालय प्रेस, में श्री लता बाटलीवाला का लेख'' मीनिंग ऑफ एम्पावरमेंटः न्यू कमेंटस् फ्राम एक्शन'' पृ. 129*
3. *पत्रांक 657/सू.अ.अधि.–2005–15/दिनांक 23 दिसंबर 2014, कार्यालय, लोक सूचना अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी, थौलधार, टिहरी गढ़वाल।*
4. *राधा बहन : हिमालय की महिलाऐं एवं विकास नीति – उत्तराखण्डः दृष्टि, दशा और दिशाः साप्ताहिक अलंकनंदा किनारे प्रकाशन पौढी गढवाल, पृ. 25, 26, 27,*
5. *टोडरिया : डा. एन.पी., उत्तराखण्ड में महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक स्थिति–उत्तराखण्डः दृष्टि, दशा और दिशा, साप्ताहिक अलकनंदा किनारे प्रकाशन, पौढ़ी गढ़वाल, पृ. 73,74,75,*
6. *राधा बहन : हिमालय की महिलाऐं एंव विकास नीति–उत्तराखण्ड : दृष्टि, दशा और दिशा, साप्ताहिक अलकनंदा किनारे प्रकाशन, पौढ़ी गढ़वाल, पृ. 25, 26, 27*
7. *जोशी : श्री ईश्वर, 'आइये उत्तराखण्ड को कुपोषण मुक्त बनाऐं'– लोक प्रबन्ध विकास संस्था, सुनोली, अल्मोड़ा, पृ.3*
8. *बिष्ट : डॉ.पी.एस.–वरिष्ठ पत्रकार एंव सामाजिक कार्यकर्ता , अल्मोडा, साक्षात्कार दि–27–8–2021*
9. *पाण्डे : सुनीता –एडवोकेट एवं प्रदेश सचिव, जनवादी महिला, समिति उत्तराखण्ड, साक्षात्कार दि0–15–03–2022*
10. *सांख्यिकी डायरी, उत्तराखण्ड, वर्ष 2016–17 अर्थ एवं संख्या निदेशालय, नियोजन विभाग उत्तराखण्ड,देहरादून, पृ. 37*
11. *स्वांई : ज्ञान रंजन, विस्वाल : तपन, मानवाधिकार,जेंडर एवं पर्यावरण, पितृसत्तात्मक व्यवस्थाः एक विश्लेषण, वाइवा बुक्स प्रा. लि., नई दिल्ली, पृ. 212*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 64–70

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महिलाओं के प्रति अन्तर्दृष्टि
सामाजिक–धार्मिक सुधार के संदर्भ में एक अध्ययन

माधवी धुर्वे
शोधार्थी, महात्मा गांधी अतंर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
E-mail : madhavi0712dhurve@gmail-com Mob. 9527983753

प्रेमकुमार नाईक
शोधार्थी, महात्मा गांधी अतंर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
E-mail : premkumar-naik-2022@gmail-com Mob. 9021331541

सारांश

सदियों से महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक आयामों पर शोषण, अन्याय, अत्याचार आदि का शिकार होती आईं थी। जिसका सबसे बड़ा सामाजिक बदलाव यह हुआ कि ये महिलाएँ अपने आप को पुरुषवादी समाज के आगे स्वयं को दासी मान बैठी थीं। हालाँकि महिलाओं की इस भूमिका को सामाजिक सुधारकों द्वारा उन्नीसवीं शताब्दी में नाकारा गया और उनके सामाजिक–धार्मिक अधिकार को वापस दिलाया गया। लेकिन अभी भी उन सभी महिलाओं को संवैधानिक अधिकार की प्राप्ति नहीं हो पायी थी, जिसे दिलाने के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कड़ा संघर्ष किया और संविधान सभा में मजबूती से अपने पक्ष रखते हुए महिलाओं को स्वतंत्रता, समानता, सम्पति अधिकार, उत्तराधिकार, बाल विवाह निषेध, तलाक, विधवा विवाह, अवकाश आदि जैसे अनेक संवैधानिक अधिकार दिलाये। वर्णात्मक प्रकार के इस शोध–पत्र में डॉ. अम्बेडकर महोदय के महिला सुधार केन्द्रित सामाजिक–धार्मिक सुधार की अंतर्दृष्टि का गहन अध्ययन किया गया है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन किये गए इस शोध–पत्र के लिए प्राथमिक स्रोत के रूप में अभिलेखि, दस्तावेजों तथा द्वितीयक स्रोत के रूप में सम्बन्धित साहित्य का सहारा लिया गया है।

मुख्य शब्द– डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सामाजिक सुधार, धार्मिक सुधार, नारी स्वतंत्रता–समानता, संवैधानिक अधिकार, हिन्दू कोड़ बिल.

प्रस्तावना

यह सार भौमिक सत्य है कि महिलाएं समाज की अभिन्न अंग होती है, क्योंकि सामाजिक संरचना में एक महिला का जो स्थान है, उसकी जो समपर्ण की भावना है, वह एक पुरुष कभी नहीं ले सकता। फिर भी असमानता सिद्धांत पर आधारित कार्य विभाजन व सामाजिक वर्गीकरण

में एक महिला की जो स्थिति है वह किसी भी काल में सामाजिक अन्याय तथा पीड़ादायक ही रही है। भारतीय परिपेक्ष्य में प्राचीन काल, मध्यकाल और औपनिवेशिक काल में भी यही स्थिति रही थी, हालाँकि उन्नीसवीं शताब्दी में सामाजिक सुधारकों ने इस ओर ध्यान दिया और महिला अधिकार के प्रति एक नवीन दृष्टिकोण का सूत्रपात करते हुए अनेक आंदोलनों तथा कठिन प्रयासों, संघर्षों से लोगों को महिलाओं के प्रति ओछी मानसिकता को बदलने के लिए बाध्य भी किया, जो अपने आप में एक नई सामाजिक क्रांति थी। जिसका तात्कालिक परिणाम यह हुआ कि महिला आन्दोलनों तथा आजादी की लड़ाई में अनेक महिलाओं की भूमिका साफ दिखाई पड़ती है।

बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक पांच दशकों, आजादी की लड़ाई तथा संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (1891–1956) भी आधुनिक नारीवादी समाज सुधारकों की श्रेणी में दिखाई पड़ते हैं। महिलाओं के प्रति उनकी दृष्टिकोण, विचार व कार्यों ने महिलाओं के जीवन में एक नवीन स्फूर्ति पैदा कर डाली। प्रगति का मुख्य आधार ही महिलाओं को मानने वाले डॉ. अम्बेडकर ने सवेतन प्रसूति लाभ, काम के निश्चित घंटे, नारी शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता तथा उनकी सामाजिक–धार्मिक, आर्थिक सशक्तिकरण पर बल देते हुए संविधान में उनकों संरक्षण भी दिया।

ब्रिटिश भारत में महिलाओं की स्थिति

भारत में कमजोर मुगल प्रशासक और हाशिए पर लटकी भारत की सामाजिक परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए ब्रिटिश क्राउन सरकार ने एकछत्र शासन करना आरंभ किया और साथ ही में भारतीय सामाजिक–सांस्कृतिक स्थितियों की कटु आलोचना भी की। खासकर कभी भारत की धरती पर कदम न रखने वाले ब्रिटिश प्रशासक जेम्स मिल ने अपनी पुस्तक 'द हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया (1817)' में भारतीय महिलाओं की दीन–हीन स्थिति व समाज में व्याप्त असमानता, अशिक्षा को ही अपना मुख्य मुद्दा बनाया।[1] हालाँकि जेम्स मिल की ही तरह लिखने वाले अन्य साम्राज्यवादी इतिहासकारों की आलोचना का जवाब भारतीय सामाजिक सुधारकों ने उसी दशकों में देना आरंभ कर किया और सामाजिक कुप्रथाओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए आगे आने लगे। जिसमें राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर, पंडित विष्णुशास्त्री, रानाडे, ज्योतिबा फूले, सावित्री फूले, डी.के. कर्वे, वीरेशलिंगम, केशवचंद सेन, बी.एम. मलावारी, डॉ. हरविलास शारदा, आदि कई अग्रणी समाज सुधारक शामिल थे। फिर भी ऐसी कई खामियां रह गयी, जिसे तात्कालिक भारतीय समाज सुधारकों ने दूर नहीं किया, जो आजादी के बाद संवैधानिक सुधारों के फलस्वरूप ही संभव हो पाया। बल्कि बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में इन सुधारों की ओर बाबा साहेब ने अपनी पैनी नजर दौड़ायी और उसे सदा के लिया मुक्त करने के लिए संवैधानिक प्रयास में लग गये।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर को हम जितने राजनीतिक और कानूनी विचारकों के रूप में जानते है, उतना ही हम उन्हें सामाजिक सुधारक के रूप में भी जानते है। बाबा साहेब अकेले ऐसी महान सामाजिक–धार्मिक सुधारक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता पश्चात

तक महिलाओं के अधिकारों के लिए कानूनी लड़ाई लड़ते रहें। कुल मिलाकर वे अपनी महापरिनिर्वाण के दिन तक महिला शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे। अक्सर हम बाबा साहेब को केवल दलित चिंतक बताकर उनका सामान्यीकरण कर देते है, लेकिन उनके द्वारा महिलाओं के शोषण के खिलाफ उठाये आवाज हमें यह बताता है कि वे समूची जाति के महिला सशक्तिकरण के कितने बड़े पक्षधर रहे थे। उन्होंने सिर्फ संविधान के माध्यम से ही महिलाओं को वैधानिक अधिकार प्रदान नहीं किये थे, बल्कि सामाजिक दृष्टी से आंदोलनों व सभाओं के माध्यम से उनमें जागृती भी लाये थे।

सामाजिक सुधार

भारतीय समाज में महिलाओं के शोषण के प्रति कटु आलोचना करते हुए बाबा साहेब सामाजिक क्रांति की बात करते हुए प्रश्न उठाये थे कि 'विश्व के अनेक देशों में सामाजिक क्रांतियाँ होती रही है। भारत में सामाजिक क्रांति क्यों नहीं हुई, यह एक ऐसा प्रश्न है जो मुझे सदैव कष्ट देता है।[2] आगे इस मुद्दे पर बल देते हुए वे कहते हैं कि 'भारत में सामाजिक सुधार का कार्य स्वर्ग के मार्ग के सामान है और इस कार्य में अनेक कठिनाइयाँ है। भारत में समाज सुधार कार्य में मित्र कम और आलोचक ज्यादा है। एक समय था जब यह माना जाता था कि सामाजिक कुशलता के बिना अन्य कार्य क्षेत्रों में प्रगति असंभव है, लेकिन कुप्रथाओं के कारण हिन्दू समाज की कार्यकुशलता ही समाप्त हो चुकी है। वर्तमान समय में हमें इन बुराइयों को उखाड़ फेंकने के लिए अथक प्रयास करने होंगे।'[3] अपने वकतव्य को आगे बढ़ाते हुए बाबा साहेब हिन्दू चातुर्वर्ण्य व्यवस्था पर चोट करते हुए कहते हैं कि 'यदि चातुर्वर्ण्य अनिवार्य है तो इसे महिलाओं पर भी लागू करना होगा। उन्हें महिला पुरोहित तथा महिला सैनिक रखने के लिए तैयार रहना होगा। वहीं उन्हें शिक्षक और बैरिस्टर बनने के मौके देने होंगे और प्रत्येक उस कार्य को करने की अनुमति देनी होगी जो पुरुष समाज करता है।'[4] आगे वे चिंता व्यक्त करते हुए कहते हैं कि 'मेरी राय में इसमें कोई संदेह नहीं है कि जब तक आप अपनी सामाजिक व्यवस्था नहीं बदलेंगे तब तक कोई प्रगति नहीं होगी।'[5]

डॉ. भीमराव अम्बेडकर इस सामाजिक असामनता को समाप्त करने के लिए पुरजोर कोशिश की और यह कहा कि 'प्रत्येक स्त्री को पुरुष के समान अवसर मिलने चाहिए। सभी के विकास से देश व जाति का विकास संभव है।' डॉ. अम्बेडकर की यह धारणा थी कि समाज में रहने वाले सभी नागरिक सामान है और अधिकारों, कर्तव्यों व सुविधाओं के अधिकारी है। उन सभी चीजों पर कोई प्रतिबन्ध न हो जिससे मानव व्यक्तित्व का उत्थान हो, उसकी गरिमा बढे और वह मान–सम्मान से सुशोभित हो।[6] तभी तो डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं के शोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए और इस सामाजिक असमानता से बचाने के लिए भारतीय संविधान द्वारा स्त्रियों को संवैधानिक समानता प्रदान की और किसी भी प्रकार के लिंग के आधार पर भेदभाव की मनाही की तथा भारतीय संविधान में अनुच्छेद 19 से 22 के अंतर्गत इस मानवाधिकार व स्वतंत्रता को दर्ज किया।

महिला शिक्षा व वेश्यावृत्ति

महिलाओं को समाज का एक महत्वपूर्ण अंग मानने वाले बाबासाहेब डॉ. भीमराव

अम्बेडकर भी महिला शिक्षा के प्रबल समर्थकों में से एक थे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर भी अन्य समाज सुधारकों की तरह महिला शिक्षा पर बल देते हुए कहा करते थे कि 'बलों में सबसे बलिष्ठ शिक्षा है, जो समानता, स्वतंत्रता व भाईचारे का पाठ पढ़ाती है एवं आत्म सम्मान व स्वालम्बन जैसे गुणों का विकास करती है।'[7] बाबासाहेब के जीवन चरित्र को नये ढ़ंग से विश्लेषण करने वाले धनंजय कीर लिखते हैं कि 'बाबासाहेब भारतीय समाज के पतन और अवनति का एक मुख्य कारण अशिक्षा को ही मानते थे। वे महिलाओं को पुरुषों के समान ही अनिवार्य रूप से शिक्षा ग्रहण करने की बात करते थे। उनका मत था कि ज्ञान और विद्या केवल पुरुषों के लिए ही नहीं है, वह महिलाओं के लिए भी अति आवश्यक है। अतः महिलाओं के लिए शिक्षा का प्रबन्ध अनिवार्य रूप से होना चाहिए।'[8]

महिला शिक्षा के साथ–साथ बाबासाहेब महिला संगठनों पर भी विश्वास करते थे, क्योंकि उनका मानना था कि शिक्षित महिला संगठित होकर स्वयं ही अपने सुधार कार्य करेंगी। कुल मिलाकर बाबासाहेब के महिला शिक्षा पर डाला गया यह दृष्टिकोण भारत के महात्मा बुद्ध, कबीर, फूले, अफ्रीकी–अमेरिकी मूल के प्रसिद्ध शिक्षाविद् बुकर टी. वाशिंगटन तथा कोलंबिया के प्रोफेसर जॉन डीवी से प्रभावित था। क्योंकि कोलंबिया के प्रोफेसर जॉन डीवी का यह विचार था कि *'शिक्षा केवल संसार को जानने का ही माध्यम नहीं वरन् समाज को बदलने का भी एक सशक्त उपकरण है।"*[9] मूकनायक और बहिष्कृत भारत के अनुवादक श्यौराज सिंह बेचौन यह लिखते है कि 'मद्य निषेध कानून से भी ज्यादा अनिवार्य शिक्षा पर जोर देने वाले बाबा साहेब प्राथमिक शिक्षा के लिए बालक–बालिकाओं में भेद न करके जितना जल्द हो सके इनके लिए अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था पर करने पर जोर डालते थे। क्योंकि वे मानते थे कि महिलाओं को अपनी स्वतंत्रता व अधिकार हांसिल करने के लिए सुशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है।'[10] कुल मिलाकर यह बाबासाहेब का ही कठिन परिश्रम व शिक्षा के लिए आधुनिक महिलाओं को जो मूलमंत्र दिया यह उसी का परिणाम है कि 2011 की जनगणना में महिला शिक्षा का कुल प्रतिशत 1951 के 8.86 प्रतिशत से बढ़कर 64.46 प्रतिशत तक पहुँच गया है, जो यह प्रतिशत आगे और भी बढ़ने की राहों पर अग्रसर है।

जहाँ एक तरफ डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षा को शेरनी के दूध के सामान तथा महिला शिक्षा को अनिवार्य मानते थे, महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए कुछ भी करने को तत्पर थे। तो वहीं दूसरी तरफ, समाज में व्याप्त वेश्यावृत्ति से घोर चिंतित भी थे। समाज के लिए इस वेश्यावृत्ति को कलंक मानाने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर इसे समाज की बहुत बड़ी समस्या मानते हुए यह टिप्पणी किये कि 'यदि आप हम सबके साथ रहना चाहती है तो आप अपनी जीवन पद्धति को बदलें। आप विवाह कर समाज कि अन्य महिलाओं की भांति सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करें। वेश्यावृत्ति के घृणास्पद जीवन के अलावा आजीविका कमाने के समाज में अनेकों साधन है। जब तक आप वेश्यावृत्ति के घृणास्पद जीवन का परित्याग नहीं करती तब तक समाज में आपकों उचित सम्मान प्राप्त नहीं हो सकेगा।'[11] डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने वेश्यावृत्ति के व्यवसाय में लगी महिलाओं के आजीविका से सम्बंधित संविधान में कई प्रावधान भी डालें, जैसे– अनुच्छेद 19 (6) में राज्य द्वारा महिलाओं को आजीविका के स्वतंत्र साधन चुनने का अवसर तो देता है, पर अनुच्छेद 23 स्त्रियों को अनैतिक कार्यों और इसी प्रकार

के अन्य प्रयोजनों हेतु उनके क्रय–विक्रय को दण्डनीय अपराध भी घोषित करता है।[12] बाद में इसी अनुच्छेद को आगे बढ़ाते हुए एक नारी को वेश्यावृत्ति के दलदल से निकालने के लिए 1986 में भारतीय संसद ने 'स्त्री तथा लड़की अनैतिक व्यापार दमन अधिनियम' संसोधित कर पारित किया, जिसे डॉ. अम्बेडकर महिलाओं के लिए इसे एक बड़ा दलदल मानते थे।

स्वस्थ जीवन और जन्म नियंत्रण

डॉ. भीमराव अम्बेडकर महिलाओं के स्वस्थ जीवन में आने वाली सबसे बड़ी समस्या से निबटने के लिए जन्म नियंत्रण को लागु करने के पक्ष में विश्वास रखते थे। वे निरंतर बढ़ रहे जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिए भी इसे समाधान के रूप में देखते थे। साथ ही वे लड़कियों के वैवाहिक आयु में वृद्धि पर भी जोर देते थे, वे कहा करते थे कि 'वैवाहिक आयु में वृद्धि के साथ ही वैवाहिक प्रजनन में भी वृद्धि होगी। वैसे भी हमारी आबादी बहुत अधिक है और इसे उच्चदर पर बढ़ाने का प्रयास आत्मघाती होगा। लड़कियों के विवाह की उम्र बढ़ाने के प्रयास के साथ ही हमें जन्म नियंत्रण का भी एक व्यापक अभियान चलाना होगा।'[13] इस प्रकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने जन्म नियंत्रण व लड़कियों की विवाह आयु में वृद्धि को महिला हित व देशहित के लिए अनिवार्य समझा और इसे जल्द से जल्द समाज को अपनाने पर जोर दिया।

हिन्दू कोड बिल

महिला सुधार व सशक्तिकरण हेतु डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष हिन्दू कोड़ बिल (1956) से सम्बंधित है। इस बिल के द्वारा डॉ. अम्बेडकर ने महिला शोषण, महिला दुर्गति, व्यापकता, पर्दा प्रथा आदि को तोड़ने का प्रयास किया तथा उनकी स्वतंत्रता व समानता का अधिकार से भी परिचय कराया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का विचार था कि 'स्वतंत्र भारत में स्त्री को भी पुरुषों की भांति समान अधिकार प्राप्त होने चाहिए, हिन्दू कोड़ बिल उसी दिशा में ही किया गया एक प्रयास है।'[14] इस बिल को तैयार करते समय डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि *'मुझे भारत का संविधान बनाने में इतनी प्रसन्नता नहीं हुई जीतनी हिन्दू कोड़ बिल को पास कराने पर होगी क्योंकि इससे समूचा समाज लाभान्वित होगा और स्त्रियों को पुरुषों के समान अधिकार भी मिल जायेंगे।'*[15] हालाँकि संविधान बनने की प्रक्रिया में यह बिल रुढ़िवादी ताकतों के विरोध स्वरूप शोरगुल के आगे फिंका पड़ गया और बाबा साहेब को इसे तत्काल प्रभाव से वापस लेना पड़ा। लेकिन 1955–56 में इस बिल के महत्व को संसद ने स्वीकार कर बिल को चार अलग–अलग भागों में विभाजित कर, एक अधिनियम बनाकर पास कर दिया। ये चार भाग इस प्रकार विभाजित किये गये (क) हिन्दू विवाह अधिनियमय (ख) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियमय (ग) हिन्दू अल्पसंख्यक और गार्जियन कानून अधिनियम और (घ) हिन्दू गोद व भरण पोषण अधिनियम कानून आदि।

धार्मिक सुधार

धार्मिक सुधार, स्वतंत्रता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की अंतर्दृष्टि में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता था। धार्मिक सुधार को वे धर्म (खास कर हिन्दू धर्म) से जोड़कर देखते थे। बाबा साहेब के अनुसार वास्तविक धर्म वही है, जो समाज में मानव और मानव के बीच मधुर प्रेम व सहयोग

के स्वाभाविक संबंधों को स्थापित करे, ऐसे धर्म ही समाज को मानवतावादी बना सकता है। समाज को धर्म की आवश्यकता रहती है क्योंकि धर्म मानव कल्याण के लिए प्रयास करता है तथा प्रत्येक मानव को उसके सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराता है।'[16] बाबा साहेब धार्मिक अनाचार के लिए हिन्दू धर्म पर चोट करते हुए मनुस्मृति के लेखक मनु को जिम्मेवार माना तथा इस हिसाब से असमानता को हिदू की आत्मा माना। खासकर मनु पर महिलाओं के धार्मिक अधिकारों को छीने जाने पर प्रश्न चिन्ह् भी लगाये। वे कहते थे कि मनुस्मृति हिन्दुओं के सामाजिक–धार्मिक कार्यों की एक ऐसी विधि संहिता है, जिसका पालन करने से नारी के धार्मिक अधिकार रसातल में चले गये। धार्मिक अनुष्ठानों व देवदासी के नाम पर उनके साथ यौनाचार, अशुद्धि के नाम पर मंदिरों से बहिष्कार आदि का कार्य किया गया।

डॉ. अम्बेडकर इतने से ही नहीं रुकें। उन्होने महिलाओं के धार्मिक अधिकारों के लिए उनका खुलकर समर्थन भी किया और कुप्रथाओं पर तर्क करते हुए धार्मिक क्रांति की उपियोगिता पर जोर दिये। हिन्दू धर्म के परीक्षण के लिए डॉ. अम्बेडकर ने न्याय के सिद्धांत का समर्थन कर यह कहा कि 'न्याय का सिद्धांत एक सारभूत सिद्धांत है और इसमें उन सभी सिद्धांतों का समावेश है जो नैतिक व्यवस्था का आधार बने है। न्याय के सिद्धांत ने सदैव से ही समानता व क्षतिपूर्ति के सिद्धांत को प्रतिपादित किया है। निष्पक्षता से समानता उभरी है यदि सभी मनुष्य सामान है तो ये समान तत्व उन्हें समान मौलिक अधिकार तथा एक समान स्वतंत्रता के योग्य बनाते है। न्याय का दूसरा सरल नाम स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व भाव है।'[17] तभी तो संविधान में इन्होंने अनुच्छेद 25 से 28 तक धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का विवेचन प्रस्तुत किया और स्वयं अपने अंतिम जीवन वर्ष में हिन्दू को ठुकरा कर बौद्ध धर्म धारण कर लिये।

निष्कर्ष

निष्कर्ष तौर पर यह कहा जा सकता है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महिला सुधार अंतर्दृष्टि भारत में सामाजिक–धार्मिक सुधार में ही निहित थी, क्योंकि भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक–धार्मिक व्यवस्था से सबसे ज्यादा नुकसान, शोषण, अपमान आदि महिलाओं को उठाना पड़ा। सामाजिक–धार्मिक सुधार से सम्बंधित ग्रंथों व उन्नीसवीं में लगातार किये गए सुधार को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि महिलाओं के साथ रुढ़िवादी समाज किस प्रकार का नजरिया रखता था। डॉ. अम्बेडकर ने इस सामाजिक–धार्मिक सुधार को जारी रखते हुए इस सुधार में महिलाओं को केन्द्र में रख, इसमें और भी कई बदलाव किये और उन्हें समनाता व स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार दिलाकर इस अव्यवस्था को जड़ से समाप्त करने की परिकल्पना की। महिला सुधार के प्रति डॉ. अम्बेडकर की यह गहरी अंतर्दृष्टि ही थी कि मौलिक अधिकार में उन्होंने ऐसे कई प्रावधान को जोड़ा, जो आज वर्तमान समाज में काफी प्रासंगिक प्रतीत हो रहा है। इस प्रयास में हिन्दू कोड़ बिल एक ऐसा आवश्यक कदम है, जो महिलाओं को उनके पैतृक अधिकार से जोड़े रखा है तथा उनकों अपने अधिकार के लिए पुरुषों से लड़ना भी सिखाया है। यह डॉ. अम्बेडकर की ही देन है कि आज भी ऐसी कई महिलाएं हैं जो अपने हक के लिए पुरुषवादी मानसिकता को न्यायलय में चुनौती दे रहीं हैं और अपने सारे अधिकार को पुरुषों से प्राप्त भी कर रही हैं।

❐

सन्दर्भ –

1. *शेखर बंद्योपाध्याय. प्लासी से विभाजन तक (आधुनिक भारत का इतिहास), ओरियंट ब्लैक स्वांन, दिल्ली, 2009, पृ. 415*
2. *बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर. सम्पूर्ण वाड्मय खण्ड–1, डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 1993, पृ. 08*
3. *वही, पृ. 55*
4. *वही, पृ. 83*
5. *वही, पृ. 89*
6. *प्रति पाण्डे. डॉ. अम्बेडकर और पं. दीनदयाल, ए.बी.डी. पब्लिशर्स, जयपुर, 2006, पृ. 69*
7. *एस.एस. शशि. अम्बेडकर एण्ड सोशल जस्टिस, भाग–2, डाइरेक्टर पब्लिकेशन डिविजन, एम.ओ.आई.बी. भारतसरकार, पटियाला हाउस, नई दिल्ली, 1992. पृ.180*
8. *धनंजय कीर. डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जीवन चरित्र, पाप्यूलर प्रकाशन, नई दिल्ली, 1996, पृ. 390*
9. *प्रति पाण्डे, पूर्वोक्त, पृ. 258*
10. *डॉ. अम्बेडकर. बहिष्कृत भारत (अनुवाद– श्यौराज सिंह बेचौन), गौतम बुक सेंटर, 2008, पृ. 94–95*
11. *डॉ. रामगोपाल सिंह. डॉ. अम्बेडकर का विचार दर्शन, मध्य प्रदेश हिन्दू ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2002, पृ. 148*
12. *डॉ. जयनारायण पाण्डेय. भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद, 2011, पृ. 298*
13. *बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर, सम्पूर्ण वाड्मय खण्ड–3, पूर्वोक्त, पृ. 302–303*
14. *डॉ. रामगोपाल सिंह. डॉ. अम्बेडकर का विचार दर्शन, मध्य प्रदेश हिन्दू ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2002, पृ. 242*
15. *डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर, राइटिंग एण्ड स्पीसेज, खण्ड–17, भाग–1, पृ. 768*
16. *प्रति पाण्डे. पूर्वोक्त, पृ. 72*
17. *बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर, सम्पूर्ण वाड्मय खण्ड–6, पूर्वोक्त, पृ. 43*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 28, अंक 111, अक्टूबर–दिसम्बर, 2022 पृ. 71–77

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

महिला अधिकारों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. अमित कुमार जोशी

संविदा शिक्षक, राजनीति शास्त्र विभाग, लक्ष्मण सिंह महर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़, जनपद–पिथौरागढ (उत्तराखण्ड)

E-mail : joshiamitkumarpth@gmail.com Mob. 7060025221

सारांश

पितृसत्तात्मक व्यवस्था सदियों तक महिलाओं के विकास एवं ज्ञान अर्जित करने के मार्ग में एक बड़ी रूकावट रही है। आधुनिक समय में आजादी के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संविधान द्वारा सृजित समानता का अधिकार गैर बराबरी एवं असमानता के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सार्थक पहल माना जा सकता है। उसके बाद भी महिलाओं को अपने बुनियादी अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप समान कार्य के लिए समान वेतन एवं मातृत्व तथा प्रसूति अवकाश अधिनियम सरीखे कई महत्वपूर्ण अधिनियम पारित करने के लिए सरकारों को बाध्य होना पड़ा। महिलाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए भारतीय संसद ने 73वां एवं 74वां संविधान संशोधन अधिनियम पारित किया, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अधिकार हासिल हुआ। भारतवर्ष में आज भी महिलाएं संसदीय राजनीति में आनुपातिक प्रतिनिधित्व पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं और इसमें अभी भी उनको सफलता नहीं मिल पाई है। प्रस्तुत शोध पत्र में महिलाओं को प्राप्त अधिकारों के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य तथा उनके संघर्षों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

मानव सभ्यता का इतिहास महिलाओं के अनथक संघर्षों का इतिहास रहा है। इस विकास यात्रा में महिलाओं ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कई सार्थक मुकाम हासिल किए हैं, उसके बावजूद महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक आदि क्षेत्रों में भेदभाव एवं असमानता की शिकार बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर दुनिया के विभिन्न देशों में महिलाएं आज

भी इस गैर बराबरी एवं असमानता के खिलाफ आवाज उठा रही हैं जिसकी अभिव्यक्ति समय–समय पर उनके द्वारा की जाने वाली विरोध कार्यवाहियों के रूप में प्रदर्शित हो रही है।

भारतीय संदर्भों में स्थितियां लगातार परिवर्तित हो रही हैं। पितृसत्तात्मक व्यवस्था सदियों तक महिलाओं के विकास एवं ज्ञान अर्जित करने के मार्ग में एक बड़ी रूकावट रही है। आधुनिक समय में आजादी के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात संविधान द्वारा सृजित समानता का अधिकार गैर बराबरी एवं असमानता के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सार्थक पहल माना जा सकता है। उसके बाद भी महिलाओं को अपने बुनियादी अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप समान कार्य के लिए समान वेतन एवं मातृत्व तथा प्रसूति अवकाश अधिनियम सरीखे कई महत्वपूर्ण अधिनियम पारित करने के लिए सरकारों को बाध्य होना पड़ा। महिलाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए भारतीय संसद ने 73वां एवं 74वां संविधान संशोधन अधिनियम पारित किया, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व का अधिकार हासिल हुआ। भारतवर्ष में आज भी महिलाएं संसदीय राजनीति में आनुपातिक प्रतिनिधित्व पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं और इसमें अभी भी उनको सफलता नहीं मिल पाई है।

महिला आंदोलन का विकास

वैश्विक स्तर पर महिला आंदोलन का विकास जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारों की मांग के रूप में दिखाई देता है, जिसके शुरूआती रुझान फ्रांसीसी क्रांति (1789) के आसपास दिखाई देते हैं। फ्रांसीसी क्रांति के सूत्र वाक्य **"स्वतंत्रता, समानता एवं भ्रातृत्व"** ने गैर बराबरी एवं असमानता के खिलाफ माहौल का निर्माण करने में सार्थक पहल की। फ्रांसीसी महिला अधिकार कार्यकर्ता **ओलम्प दे गूज** को महिला अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली प्रथम महिला के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने तत्कालीन शोषणकारी परिस्थितियों के अनुरूप महिलाओं के मुद्दों की पहचान करते हुए राजसत्ता से उन मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय का आग्रह किया जिसकी परिणति उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। सर्वप्रथम 1791 में महिला एवं नागरिक घोषणापत्र तैयार किया गया, इस घोषणापत्र के मुख्य बिंदु थे–[1]

1. औरत जन्मना स्वतंत्र है और अधिकारों में पुरुषों के समान है।

2. सभी राजनीतिक संगठनों का लक्ष्य पुरुष एवं महिला के नैसर्गिक अधिकारों को संरक्षित करना है। ये अधिकार हैं–स्वतंत्रता, संपत्ति, सुरक्षा और सबसे बढ़कर शोषण के प्रतिरोध का अधिकार।

3. समग्र संप्रभुता का स्रोत राष्ट्र में निहित है जो पुरुषों एवं महिलाओं के संघ के सिवाय कुछ नहीं है।

4. कानून सामान्य इच्छा की अभिव्यक्ति होनी चाहिए। सभी महिला एवं पुरुष नागरिकों का या तो व्यक्तिगत रूप से या अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से विधि निर्माण में दख़ल होना चाहिए। यह सभी के लिए समान होना चाहिए। सभी महिला एवं पुरुष नागरिक अपनी योग्यता एवं प्रतिभा के बल पर समान रूप से एवं बिना किसी भेदभाव के हर तरह के सम्मान व सार्वजनिक पद के हकदार हैं।

5. कोई भी महिला अपवाद नहीं है। वह विधिसम्मत प्रक्रिया द्वारा अपराधी ठहरायी जा सकती है, गिरफ्तार और नजरबंद की जा सकती है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी इस कठोर कानून का पालन करें।

ओलम्प दे गूज ने महिलाओं के अधिकारों का वैकल्पिक घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा था कि "महिलाएं स्वतंत्र रूप से जन्मी हैं और उनके अधिकार पुरुष अधिकारों के समान हैं। कानून सामान्य इच्छा की अभिव्यक्ति होना चाहिए, सभी नागरिकों, पुरुष हों या स्त्री, की इसे बनाने में हिस्सेदारी होनी चाहिए। महिलाओं को फांसी के तख्ते पर जाने का अधिकार है, उसे संसद में भी जाने का अधिकार होना चाहिए।"[2] इसके साथ–साथ इसी कालखंड में एवं इसके बाद विश्व के विभिन्न देशों में महिलाएं अपने बुनियादी अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगीं और अपने संघर्षों के परिणामस्वरूप बहुत सारे अधिकारों को हासिल करने में कामयाब भी रहीं।

अमेरिकी संदर्भों में 1776 की **"स्वतंत्रता की अमेरिकी घोषणा"** द्वारा मानवीय समानता के प्रयास किए गए। अमेरिकी जनता को **"बिल ऑफ राइट्स 1789"** द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की आजादी, धार्मिक स्वतंत्रता, न्यायिक अधिकार आदि प्राप्त हुए। "बिल ऑफ राइट्स 1789" के पारित होने के बावजूद दास प्रथा के पूर्ण रूप से उन्मूलन में भी एक लंबा समय लग गया, जबकि 1776 में स्वतंत्रता की घोषणा के बाद से महिलाओं को मत देने का अधिकार 26 अगस्त 1920 को पारित **"महिला मताधिकार संशोधन (19 वां संशोधन) एंथोनी अमेंडमेंट)"** के द्वारा प्राप्त हुआ।

इस संदर्भ में कैरे चैपमैन लिखते हैं कि "मत का अधिकार पाने के लिए महिला आंदोलन को 52 साल के अविराम अभियान, पुरूष वोटर्स के जनमत संग्रह के लिए 56 अभियान, मताधिकार संशोधन पर वोटिंग कराने के लिए विधानसभाओं पर दबाव डालने के लिए 480 अभियान, महिला मताधिकार को राज्य के संविधान में लिखने के लिए राज्य के संवैधानिक कन्वेंशनों को राजी करने के लिए 47 अभियान, राज्य पार्टी की कन्वेंशनों में महिला अधिकारों के सवाल को शामिल करवाने के लिए 277 अभियान, अध्यक्षयीय पार्टी कन्वेंशनों को पार्टी के मंचों पर महिला मताधिकार के सवाल को स्वीकारने के लिए राजी करने के लिए 30 अभियान और 19 लगातार कांग्रेसों में 19 अभियान करने पड़े।"[3]

वैश्विक स्तर पर महिलाओं को मत देने का अधिकार पुरुषों के मुकाबले काफी देरी से मिला। 1900 ई. से पूर्व केवल न्यूजीलैंड में महिलाओं को मत देने का अधिकार था, जबकि कुछ देशों में प्रथम विश्व युद्ध के बाद एवं अधिकांश देशों में द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात महिलाओं को मताधिकार प्राप्त हुआ। स्विट्जरलैंड, स्पेन एवं पुर्तगाल जैसे यूरोपीय देशों में महिलाओं को मत देने का अधिकार हासिल करने के लिए 1970 के दशक तक इंतजार करना पड़ा।[4] कुवैत जैसे कट्टर रूढ़िवादी देशों में महिलाओं को मत देने एवं चुनाव लड़ने का अधिकार 2005 में जाकर मिला।

महिलाओं के मुद्दों की सही समझ

वैश्विक स्तर पर महिलाएं आज भी दमन, उत्पीड़न, भेदभाव एवं अत्याचार का शिकार बनी हुई हैं। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं महिला अधिकार कार्यकर्ताओं द्वारा उन मुद्दों

की पहचान करने के प्रयास किए गए हैं जो महिलाओं की गैरबराबरी एवं भेदभाव के लिए जिम्मेदार माने जाते रहे हैं। महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों द्वारा इन मुद्दों को विभिन्न मंचों से प्रमुखता से उठाया जाता रहा है।

सामाजिक तौर पर वर्गीय संरचना में जीवन यापन करने वाली महिलाओं के मुद्दों में लगातार परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं। मध्यमवर्गीय महिलाएं जहां अपने साथ होने वाले भेदभाव को दूर करने के लिए संघर्षरत हैं, वहीं निम्नवर्गीय महिलाएं समान कार्य के लिए समान वेतन, काम के घंटों को कम करने, कार्यस्थलों पर बुनियादी सुविधाएं, अवकाश आदि के लिए संघर्ष कर रही हैं। वर्गीय संरचना के अंतर्विरोध महिलाओं के मुद्दों के बुनियादी परिवर्तनों की ओर इशारा करते हैं, जिसके अनुरूप ये महिलाएं अपने–अपने मुद्दों को लेकर लगातार मुखर रही हैं।

बदली हुई परिस्थितियों में, महिला आंदोलन एवं महिला अधिकार के लिए संघर्षरत व्यक्तियों एवं संगठनों का मुख्य फोकस इन्हीं मुद्दों के इर्द गिर्द एक स्पष्ट समझदारी का निर्माण कर सार्थक संघर्षों को आगे बढ़ाने की दिशा में रहा है। प्रमुख महिला अधिकार कार्यकर्ता वृंदा करात[5] लिखती हैं कि "अगर हम अपने देश के महिला मुक्ति आंदोलन की बात करें तो 1970–80 के दशकों में कई अलग–अलग और छोटे–छोटे नारीवादी समूह बने थे और उनकी समझ यह थी कि तमाम स्त्रियों में एक "सिस्टरहुड" (बहनापा) है, जिसके आधार पर वे सब मिलकर अपनी मुक्ति का आंदोलन चला सकती हैं, लेकिन जब हमने यानी महिला संगठनों ने, बहनापे के नारे को हिन्दुस्तान की पृष्ठभूमि में परिभाषित किया, तो कहा कि निश्चित रूप से हमारी संस्कृति पर पितृसत्ता के विचार का वर्चस्व है, जिसके खिलाफ़ हमें लड़ना है और जिसको जड़ से उखाड़ना है। लेकिन इस संघर्ष में हमें इस बुनियादी बात को नजरअंदाज नहीं करना है कि हिंदुस्तान में हर स्त्री का दर्जा बराबर का नहीं है।

एक मजदूर स्त्री और एक पूंजीवादी घर में जन्मी स्त्री, एक दलित स्त्री और एक ऊंची जाति की स्त्री, एक अल्पसंख्यक समुदाय की स्त्री और एक बहुसंख्यक समुदाय की स्त्री की सामाजिक स्थितियों में अंतर है। अगर हम इस अंतर को नहीं समझेंगे, तो बहनापे का नारा केवल प्रभुत्वशाली तबके के हितों को आगे बढ़ाने वाला होगा। अतः हमने यह नारा दिया कि हर स्त्री जब मजदूर, दलित और अल्पसंख्यक स्त्रियों के पक्ष में खड़ी होगी तब स्त्रियों में असली बहनापा होगा और तभी स्त्रियों में वह असली एकजुटता होगी जो स्त्रियों की मुक्ति के एक व्यापक आंदोलन का आधार बनेगी। केवल जन्म के आधार पर स्त्रियों के बहनापे की बात करना अथवा यह सोचना कि सब तरह की महिलाएं स्त्री होने मात्र से बहनें हैं और इसी आधार पर वे एकजुट हो सकती हैं, एक खामख़याली है। इस काल्पनिक बहनापे के आधार पर महिला मुक्ति का कोई आंदोलन खड़ा नहीं हो सकता। पश्चिमी देशों के नारीवाद और हमारे देश के नारीवाद में यह बुनियादी फर्क है। भारत के प्रगतिशील जनवादी या वामपंथी महिला मुक्ति आंदोलन ने स्त्रियों के असली बहनापे पर जो यह नई और सही समझ पैदा की है, वह दुनियाभर के स्त्री आंदोलन को भारत की स्त्रियों के आंदोलन की देन है। इसे सारी दुनिया में पहचाना गया है और विभिन्न देशों के महिला आंदोलन इससे प्रभावित हुए हैं।"

वर्गीय संरचना के साथ–साथ जातीय संरचना के संदर्भ में भी नारीवाद को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि उच्च जातियों से आने वाली महिलाओं को एक सीमा तक कुछ बुनियादी

अधिकार एवं स्वतंत्रता प्राप्त है जबकि जातीय संरचना में निचले पायदान से आने वाली महिलाएं दमन एवं शोषण के दोहरे चक्र का सामना करती हैं। पहला, महिला होने के नाते किया जाने वाला भेदभाव या शोषण और दूसरा उस जाति विशेष की महिला होने के नाते किया जाने वाला सामाजिक भेदभाव या शोषण। "जाति व्यवस्था, असमानता, शोषण, दमन पर आधारित रिश्तों को मान्यता देती है, दलित स्त्री अपनी जाति, वर्ण और लिंग की वजह से सर्वाधिक दमित और शोषित रही है।"[6]

वर्गीय एवं जातीय संरचना का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात होता है कि जीवन के विविध क्षेत्रों में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाएं दमन, उत्पीड़न एवं शोषण का शिकार बनी रहती हैं। महिलाओं के जीवन में विभिन्न स्तरों पर इस भेदभाव को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यही वे मुद्दे हैं जो नारीवाद के सन्दर्भ में सही समझदारी को विकसित करने में मददगार हो सकते हैं, क्योंकि जीवन के विभिन्न स्तरों पर होने वाला भेदभाव ही नारीवाद के प्रति सही समझदारी को विकसित कर सकता है। वर्गीय संरचना, जातीय भेदभाव, लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा एवं शोषण, बलात्कार, कन्या भ्रूण हत्या, सामाजिक कुरीतियां एवं भेदभाव आदि वे बुनियादी मुद्दे हैं, जिन पर स्पष्ट समझदारी का निर्माण किए बिना हम महिलाओं के मुद्दों के प्रति सही समझ नहीं बना सकते हैं। इसलिए इन मुद्दों के इर्द–गिर्द ही महिला आंदोलन को गोलबंद करते हुए वैचारिक धरातल पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

विभिन्न विचारधाराओं का नारीवादी आंदोलन पर प्रभाव

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विचारधाराओं ने नारीवादी आंदोलन के विकास एवं उभार में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था ने महिलाओं को लंबे समय तक उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित रखने के प्रयास किए। उसी का परिणाम था कि महिलाएं आज भी जीवन के बुनियादी क्षेत्रों में भी अधिकारों की प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही हैं लेकिन पितृसत्तात्मक व्यवस्था आज भी उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। वह नहीं चाहती कि महिलाएं रूढ़िवादी सोच से मुक्त होकर स्वतंत्र सोच को विकसित करते हुए बराबरी पर आधारित सामाजिक व्यवस्था में जीवन यापन कर सकें।

